भोपाल, रविवार 25 अक्टूबर 2026 ■ आश्विन मास शुक्ल पक्ष-14 ■ वर्ष : 13, अंक : 205 ■ पृष्ठ : 16 मूल्य : 4.00 ** मौसम अधि. 32 न्यून. 19 haribhoomi.com



हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी



15 भारत का 300वां मैच, 200वीं...

आजकल

08 फ्रांस से उठा यूरोप में फैला ...

इंदौर में भाई का इलाज कराने आया था, क्राइम ब्रांच ने पकड़ा

टाइगर श्रॉफ 'फायरिंग' केस का आरोपी इंदौर से गिरफ्तार

हथियार सप्लाई करने का आरोप पुलिस इस मामले में अब तक 10 आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है

हरिभूमि न्यूज ⏭ इंदौर

बॉलीवुड अभिनेता टाइगर श्रॉफ की कार पर फायरिंग के मामले में इंदौर से एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। मुंबई क्राइम ब्रांच और इंदौर क्राइम ब्रांच ने शनिवार को संयुक्त कार्रवाई कर हरियाणा के सोनीपत निवासी प्रांजल ठाकरान (22) को हिरासत में लिया।

उस पर फायरिंग की साजिश में शामिल होने और हथियार सप्लाई करने का आरोप है। हालांकि, मामले में उसकी


टाइगर श्रॉफ


प्रांजल ठाकरान

भूमिका को लेकर पुलिस ने विस्तृत जानकारी नहीं दी है। प्रांजल करीब पांच दिन पहले अपने भाई का इलाज कराने इंदौर आया था। मुंबई क्राइम ब्रांच ने गुरुवार रात इंदौर क्राइम ब्रांच से संपर्क किया था। इसके बाद दोनों टीमों ने समन्वय कर कार्रवाई की।

इस दौरान मुंबई क्राइम ब्रांच के करीब 4 अधिकारी और इंदौर क्राइम ब्रांच के लगभग 8 पुलिसकर्मी शामिल थे। इंदौर क्राइम ब्रांच के एडीसीपी राजेश दंडोतिया के मुताबिक, मुंबई में हुई फायरिंग की घटना में संदिग्ध भूमिका को लेकर मुंबई क्राइम ब्रांच ने इंदौर पुलिस से संपर्क किया था। इनपुट के आधार पर इंदौर में उसकी मौजूदगी का पता लगाकर कार्रवाई की गई।

तकनीकी सर्विलांस, इनपुट के आधार पर कार्रवाई

मुंबई क्राइम ब्रांच को मिले इनपुट के आधार पर संदिग्ध की लोकेशन का पता लगाया गया। इसके बाद स्थानीय पुलिस के सहयोग से उसे हिरासत में लिया गया। अब मुंबई क्राइम ब्रांच उससे पूछताछ कर फायरिंग की साजिश, हथियारों की सप्लाई और अन्य आरोपियों से उसके संपर्कों की जांच करेगी। टाइगर श्रॉफ की कार पर फायरिंग के बाद से ही पुलिस आरोपी और उनके मददगारों की तलाश में जुटी है। इसी कड़ी में जांच के दौरान प्रांजल का नाम सामने आया। मुंबई पुलिस उसकी मोबाइल लोकेशन ट्रेस कर रही थी। शनिवार को लोकेशन इंदौर में मिलने पर पुलिस दल यहां पहुंचा। इसके बाद मुंबई और इंदौर पुलिस की संयुक्त टीम ने कार्रवाई कर उसे पकड़ लिया।

ऑल इंडियन सिने वर्कर्स एसोसिएशन ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को पत्र लिखकर बॉलीवुड की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है


इसी कार पर हुई थी फायरिंग

लॉरेंस गैंग से जुड़ाव का दावा कर ली थी जिम्मेदारी

फायरिंग की घटना के बाद अनिल पंडित ने सोशल मीडिया पोस्ट में लॉरेंस बिश्नोई गैंग से संबंध होने का दावा करते हुए वारदात की जिम्मेदारी ली थी। हालांकि, प्रांजल ठाकरान के इस गैंग से जुड़े होने की अभी पुष्टि नहीं हुई है। जांच एजेंसियां यह पता लगा रही हैं कि उसने अन्य आरोपियों को किसी तरह की मदद दी थी या नहीं।

Dinh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

खबर संक्षेप

एक्स पर आईं सोनिया, राजीव से मुलाकात का किया जिक्र

नई दिल्ली। कांग्रेस नेता सोनिया गांधी इंस्टाग्राम के बाद अब सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर भी आ गई हैं।



उन्होंने अपनी पहली किताब 'बिलॉन्गिंग- अ जर्नी ऑफ लव' का वीडियो साझा किया है। 10 नवंबर को जारी होने वाली इस किताब में उन्होंने राजीव गांधी से पहली मुलाकात और उनके साथ बिताए पलों का जिक्र किया है,और काफी वायरल हो रहा है।

11 करोड़ किसानों को मिली फार्मर आईडी

नई दिल्ली। कृषि क्षेत्र में एक नए डिजिटल युग का सूत्रपात करते हुए केंद्र ने निर्धारित समय से पांच



महीने पहले ही 11 करोड़ फार्मर आईडी तैयार करने का ऐतिहासिक लक्ष्य हासिल कर लिया है। केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने इसे पीएम नरेंद्र मोदी के समृद्ध किसान के विजन की ऐतिहासिक जीत बताया है।

वॉटसएप चैट में जुड़ेगा नया बटन: इंस्टाग्राम होगा आसान

नई दिल्ली। अगर आप भी वॉटसएप पर इंस्टाग्राम रील्स शेयर करते हैं, तो अब आपका



अनुभव बदल सकता है। दरअसल वॉटसएप अपनी चैट में इंस्टाग्राम रील्स शेयर करने के एक्सपीरियंस को आसान बनाने की कोशिश में है। इसके लिए चैट के अटैचमेंट मेन्यू में एक नया डेडीकेटेड शॉर्टकट बटन जोड़ा जा रहा है।

विंध्य और बुंदेलखंड को रेलवे की नई सौगात

पहली बार चुरहट तक पहुंची रेल लाइन, विकास को मिलेगी 'गति'

आजादी के बाद अब जाकर सीधी जिला रेल नेटवर्क से जुड़ा, सीएम डॉ. यादव व केंद्रीय मंत्री वैष्णव ने देवेंद्र नगर-चुरहट ट्रेन सेवा का भी हरी झंडी दिखाकर किया शुभारंभ

यह रेल परियोजना पन्ना, रीवा, सीधी, सिंगरौली और सतना सहित विंध्य एवं बुंदेलखंड के क्षेत्रों को बेहतर कनेक्टिविटी प्रदान करने के साथ मप्र और उत्तरप्रदेश के मध्य संपर्क को भी मजबूत करेगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मप्र के सीधी जिले को आजादी के 80 सालों बाद अब जाकर रेलवे लाइन की सौगात मिली है। इसके साथ ही साथ ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग और खंडवा के बीच नई रेलवे लाइन का लोकार्पण भी जल्द होने की घोषणा हुई है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और केंद्रीय रेल, सूचना एवं प्रसारण तथा इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शनिवार को वर्चुअली सतना-देवेंद्र नगर एवं रीवा-चुरहट रेल लाइन का उद्घाटन किया।

उन्होंने देवेंद्र नगर-चुरहट ट्रेन सेवा को भी हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शनिवार को धार जिले के सरदारपुर से वर्चुअली कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर नागौद एवं चुरहट रेलवे स्टेशन पर मुख्य कार्यक्रम आयोजित किए गए। मुख्यमंत्री ने वर्चुअली संबोधित करते हुए कहा कि विंध्य ▸▸शेष पेज 6 पर

ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग और खंडवा के बीच नई रेलवे लाइन का जल्द होगा लोकार्पण


मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ट्रेन को हरी झंडी दिखाते हुए

विंध्य-बुंदेलखंड के लिए नई लाइफलाइन बनेगी रेल कनेक्टिविटी: वैष्णव

लगभग 541 किमी की परियोजना से इस क्षेत्र में रेल नेटवर्क का विस्तार होगा

मप्र में 1.50 लाख करोड़ रुपए के रेलवे प्रोजेक्ट पर चल रहा है काम, लंबी एवं छोटी दूरी की रेल सेवाएं होंगी शुरू

किसानों को अपनी उपज बड़े बाजारों तक पहुंचाने की खास सुविधा मिलेगी

डॉ. यादव ने कहा कि रेल संपर्क बढ़ने से किसानों को अपनी उपज बड़े बाजारों तक पहुंचाने में सुविधा मिलेगी। व्यापारिक गतिविधियों का विस्तार होगा और लॉजिस्टिक्स सुविधाएं बेहतर होंगी। विद्यार्थियों सहित आम लोगों को आवागमन के लिए बेहतर विकल्प उपलब्ध होंगे। ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग-खंडवा रेल लाइन का लोकार्पण भी शीघ्र किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने विंध्य और बुंदेलखंड के नागरिकों की ओर से रेल परियोजना की सौगात के लिए प्रधानमंत्री मोदी तथा केंद्रीय रेल मंत्री वैष्णव के प्रति आभार व्यक्त किया।


अश्विनी वैष्णव

विंध्य और बुंदेलखंड के लिए नई लाइफ लाइन बनने का दिन

केंद्रीय रेल मंत्री वैष्णव ने कहा कि यह दिन विंध्य और बुंदेलखंड के लिए नई लाइफ लाइन बनने का दिन है। ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व वाले इन क्षेत्रों को रेल नेटवर्क से जोड़ने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। वैष्णव ने कहा कि सतना, देवेंद्र नगर, रीवा और चुरहट सहित आसपास के क्षेत्रों को इस रेल ▸▸शेष पेज 6 पर

दारुल कुरआन मदरसे में बाल आयोग की दबिश

रेस्क्यू किए 26 बच्चे, सनातनी सेना ने चेताया कहा-4 दिन में ताला ठोको

अध्यक्ष डॉ. निवेदिता ने कहा-पिछले दरवाजे से बच्चों को भगाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ ग्वालियर



ग्वालियर के एजी ऑफिस स्थित दारुल कुरआन मदरसे में बाल आयोग की शुक्रवार को दबिश के बाद विरोध-प्रदर्शन तेज हो गए हैं। मदरसे में बच्चों के साथ गंभीर लापरवाही, बदहाली और अन्य धर्मों के खिलाफ आपत्तिजनक किताबें मिलने के विरोध में राष्ट्रीय सनातन सेना ने प्रदर्शन किया। संगठन ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर सख्त कार्रवाई की मांग की है और चेतावनी दी है कि यदि 4 दिन में ताला नहीं लगा, तो कार्यकर्ता खुद तालाबंदी करेंगे। अगर मदरसे में किसी भी बच्चे के साथ ▸▸शेष पेज 6 पर

उज्जैन संभागायुक्त ने पांच सदस्यीय दल गठित किया

चंदाना एवं बिंजाना में मौतें इसके कारणों की जांच होगी

शराब कांड मामले की जांच रिपोर्ट 15 दिन में सौंपनी होगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ उज्जैन

देवास जिले के चंदाना एवं बिंजाना प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए उज्जैन संभागायुक्त ने कथित जहरीली शराब मामले में उच्चस्तरीय संयुक्त जांच दल गठित किया है। पांच सदस्यीय यह दल घटना से जुड़ी परिस्थितियों, मृत्यु के कारणों और संबंधित तकनीकी एवं प्रशासनिक तथ्यों की विस्तृत और निष्पक्ष जांच करेगा। दल को 15 दिन के भीतर तथ्यात्मक प्रतिवेदन संभागायुक्त के समक्ष प्रस्तुत करना होगा। जारी आदेश के अनुसार, जांच दल की अध्यक्षता उज्जैन के अपर कलेक्टर प्रथम कौशिक करेंगे। दल में मंदसौर जिले के गरोठ के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रामसनेही मिश्रा, रतलाम जिले के सैलाना ▸▸शेष पेज 6 पर

मप्र से तीसरी बार के हैं विधायक

यूपी कांग्रेस के 'वॉर रूम' के चेयरपर्सन बने सचिन यादव


2027-विधानसभा चुनाव की मिली जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

उत्तर प्रदेश में आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों के लिए कांग्रेस ने वॉर रूम के चेयरपर्सन की जिम्मेदारी मध्य प्रदेश के वरिष्ठ नेता और विधायक सचिन यादव को सौंपी है। कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने प्रेस रिलीज जारी कर उनकी नियुक्ति की जानकारी दी। नियुक्ति तत्काल प्रभाव से लागू होगी। कांग्रेस की ओर से जारी पत्र के मुताबिक, पार्टी ने उत्तर प्रदेश के अलावा पंजाब, गोवा, मणिपुर और उत्तराखंड में भी आगामी विधानसभा चुनावों के लिए वॉर रूम ▸▸शेष पेज 6 पर

भाजपा नेत्री की शिकायत पर हुआ था केस

एफआईआर की मांग को लेकर थाने में धरने पर बैठे विधायक

एसडीओपी से बात कर समाप्त हुआ धरना

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांदामेटा

दशहरा पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम और रावण दहन के बाद परासिया-चांदामेटा में कांग्रेस और भाजपा के बीच राजनीतिक विवाद गहरा गया है। भाजपा नेत्री की शिकायत पर विधायक सोहन वाल्मीकि और एक अन्य के खिलाफ मामला दर्ज होने के बाद


एसडीओपी से बात करते विधायक

शनिवार को विधायक समर्थकों के साथ चांदामेटा थाने पहुंचे। अपनी शिकायत पर ▸▸शेष पेज 6 पर

महाराष्ट्र बैंक के असिस्टेंट मैनेजर समेत 3 गिरफ्तार

जिंदा लोगों को 'मृत' बताकर एफडी से निकाले डेढ़ करोड़

15 साल का नाबालिग निकला मास्टरमाइंड

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल

पुलिस ने शनिवार को बैंकिंग फ्रॉड के एक बड़े मामले का खुलासा किया। आरोपियों ने कई जिंदा व्यक्तियों को कागजों में मृत बताकर उसकी एफडी से डेढ़ करोड़ रुपए निकाल लिए।

मामले में पुलिस ने बैतूल जिले के मोरखा स्थित बैंक ऑफ महाराष्ट्र के असिस्टेंट मैनेजर समेत 3 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक इस पूरेमामले का


लोकेश गुखे


गौरव सूर्यवंशी

मास्टरमाइंड 15 साल का एक नाबालिग है। वह बैंक में बड़ी रकम जमा करने वाले लोगों पर नजर रखता था। उसने बैंक के असिस्टेंट मैनेजर लोकेश गोखे को भी अपने साथ मिला ▸▸शेष पेज 6 पर

पुलिस संपत्ति की जांच में जुटी

पुलिस ने आरोपियों के पास से 6 मोबाइल फोन, 8.28 लाख का सोना, 1.40 लाख की चांदी और 12 लाख रुपए कीमत की एक कार सहित कुल 22.33 लाख रुपए की संपत्ति जब्त की है। फिलहाल पुलिस आरोपियों से जुड़े अन्य बैंक खातों और संपत्ति की जांच में जुटी है।

चूना, गुड़ और लाख से रिपेयर होगा शिखर

श्री महाकालेश्वर मंदिर और परिसर का 10.27 करोड़ से होगा जीर्णोद्धार

सीबीआरआई के मार्गदर्शन में यूडीए करा रहा विकास कार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ उज्जैन

विश्व प्रसिद्ध द्वादश ज्योतिर्लिंगों में शुमार श्री महाकालेश्वर मंदिर और उसके परिसर में स्थित अन्य प्राचीन मंदिरों के संरक्षण के लिए एक बड़ा कदम उठाया गया है।

मंदिर के शिखर से लेकर अन्य उप-मंदिरों के जीर्णोद्धार के लिए 10.27 करोड़ रुपए की राशि खर्च की जाएगी। सबसे खास बात यह है कि मंदिर की प्राचीन और मूल संरचना को सुरक्षित रखने के लिए इसमें सीमेंट या सरिए का उपयोग



नहीं किया जाएगा, बल्कि पारंपरिक पद्धति के तहत चूना, गुड़ और लाख के मिश्रण से मरम्मत कार्य किया जाएगा। केंद्रीय भवन शोध संस्थान के तकनीकी मार्गदर्शन में यह पूरा विकास कार्य उज्जैन विकास प्राधिकरण द्वारा किया जा रहा है। इसके लिए महाकाल मंदिर के शिखर पर मचान भी बना दिया गया है। महाकाल मंदिर प्रबंध समिति के अनुसार इस पूरे जीर्णोद्धार कार्य को आगामी महाशिवरात्रि से पहले पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। सीबीआरआई की विशेषज्ञ टीम हर महीने में दो बार इस कार्य की मॉनिटरिंग करने के लिए उज्जैन आएगी।

विद्यार्थी बोले- जली-कच्ची रोटियां, कीड़े वाली सब्जी देता है प्रबंधन

हॉस्टल में सफाई नहीं.. कलेक्टर से मिलने छात्रों का '40 किमी' का पैदल मार्च, एक छात्रा बेहोश

छात्रों ने कहा अप्रैल से अभी तक सामान नहीं मिला

हरिभूमि न्यूज ⏭ झाबुआ

झाबुआ में पेटलावद के एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय के 100 से ज्यादा छात्र-छात्राएं कलेक्टर से मिलने पैदल निकल पड़े। स्कूल से कलेक्ट्रेट की दूरी करीब 40 किलोमीटर है।

सुबह 8 बजे निकले छात्र-छात्राएं 15 किलोमीटर पैदल चलकर कल्याणपुरा पहुंच गए। छात्र-छात्राओं का आरोप है कि उन्हें स्कूल में खराब खाना दिया जाता है। अक्सर जली-कच्ची और बासी रोटियां परोसी जाती हैं।


आदर्श आवासीय विद्यालय के छात्र-छात्राओं को रोकते पुलिसवाले

सब्जियां अधपकी होती हैं और उनमें कीड़े-इल्ली भी होते हैं। हॉस्टल में नियमित रूप से सफाई भी नहीं की जाती है। बच्चों का कहना है कि वे कलेक्टर डॉ. योगेश भरसट से मिलकर लिखित आश्वासन चाहते हैं। इस बीच, रास्ते में चक्कर आने और बेसुध होने पर एक छात्रा को अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उसका इलाज जारी है। छात्र-छात्राओं के पैदल मार्च में आदिवासी समाज संगठन के प्रेम सिंह भूरिया और धर्मेंद्र डामोर भी मौजूद रहे।

हालांकि, एसडीएम रितिका पाटीदार, कल्याणपुरा में प्रभारी कलेक्टर जितेंद्र सिंह चौहान, एडीएम सीएस सोलंकी और अन्य अधिकारियों के समझाने के बाद बच्चों ने अपना पैदल मार्च खत्म कर दिया। बसों से बच्चों को हॉस्टल भेज दिया गया।

प्रिंसिपल बोले

स्टाफ ने साजिश रचकर बच्चों को भड़काया

पैदल मार्च में शामिल छात्र दीपक मचार ने कहा- अप्रैल से लेकर अभी तक हमें कुछ सामान नहीं मिला है। इस बीच एक बार भी हॉस्टल की सफाई नहीं हुई है। तीन दिन से लेट खाना आ रहा है। हॉस्टल में लाइब्रेरी की व्यवस्था नहीं है। मानसिक रूप से परेशान बच्चे ▸▸शेष पेज 6 पर

विद्यार्थियों ने रैली के माध्यम से दिया लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा का संदेश छात्र नेताओं ने रखे अपने विचार

अभाविप का 'अराजकता रोको, लोकतंत्र अपनाओ' आह्वान: विद्यार्थी हुंकार प्रदर्शन, हजारों का उद्घोष

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) महानगर भोपाल द्वारा शनिवार को भोपाल के अटल पथ, टी.टी. नगर में 'अराजकता रोको, लोकतंत्र अपनाओ' आह्वान के अंतर्गत विद्यार्थी हुंकार प्रदर्शन का आयोजन किया गया। दोपहर 1 बजे आयोजित इस प्रदर्शन में प्रमुख रूप से अभाविप के राष्ट्रीय महामंत्री डॉ. वीरेंद्र सिंह सोलंकी एवं मध्यभारत प्रांत के प्रांत मंत्री केतन चतुर्वेदी उपस्थित रहे। प्रदर्शन में विद्यार्थियों ने सहभागिता कर लोकतांत्रिक मूल्यों, संवैधानिक संस्थाओं की गरिमा और देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था की रक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। प्रदर्शन के अंतर्गत विद्यार्थियों द्वारा रैली निकालकर 'अराजकता रोको, लोकतंत्र अपनाओ' का संदेश दिया गया।



अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का प्रदर्शन।

विरोधियों को भी याद आ रहे रामः सोलंकी

सोलंकी ने कहा कि राष्ट्रवादी विचार के युवाओं की ताकत का उदाहरण दिया है कि एक समय जिनके कार्यकाल में मध्य प्रदेश दुर्व्यवस्था का उदाहरण था, स्कूल-कॉलेज में पढ़ते समय रात का होमवर्क शाम को करने के लिए चिमनी में पढ़ना पड़ता था। आज वही मध्य प्रदेश डेवलप्ड स्टेट्स की दिशा में आगे बढ़ रहा है। इसका उदाहरण है कि ऐसे व्यक्ति, जो राम के विरोधी रहे हैं, जो राम मंदिर के विरोधी रहे हैं, जो सनातन के विरोधी रहे हैं, जो राष्ट्र विरोधी रहे हैं।

भारत की युवा शक्ति षड्यंत्रों को भलीभांति समझती है : केतन चतुर्वेदी

अभाविप के प्रांत मंत्री केतन चतुर्वेदी ने कहा कि आज कुछ लोग भारत को बांग्लादेश बनाने का स्वप्न देख रहे देश को अराजकता की ओर ढकेलने का षडयंत्र रच रहे हैं, परन्तु भारत की युवा शक्ति इनके षड्यंत्रों को भलीभांति समझती है। राहुल गांधी अपने मानसिक विक्षिप्तता का परिचय देते हुए युवाओं के झूठे प्रतिनिधि बने घूम रहे हैं।


अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का प्रदर्शन।

खबर संक्षेप

केवल चार प्रतिशत माताएं करा पा रही जुड़वा बच्चों को स्तनपान



भोपाल। एम्स भोपाल के नर्सिंग कॉलेज की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. गीता भारद्वाज ने 'भारत के जुड़वां बच्चों वाले कस्बों में स्तनपान की प्रथा' पर शोध पत्र ऑस्ट्रेलिया के डार्विन कंवेंशन सेंटर में काउंसिल ऑफ इंटरनेशनल नियोनेटल नर्सेज के 12वें सम्मेलन में प्रस्तुत किया। अध्ययन एम्स भुवनेश्वर की डॉ. मूंजेली वी. स्मिता के साथ किया गया। केरल के कोदिन्ही में जुड़वां बच्चों की 75 माताओं पर हुए अध्ययन में केवल चार प्रतिशत माताएं ही विशेष रूप से केवल स्तनपान करा पा रही थी। 69 दशमलव 9 प्रतिशत ने अत्यधिक थकान और 38 दशमलव 7 प्रतिशत ने दूध की कमी बताई, जबकि 82 प्रतिशत के लिए दूध की कमी ही मुख्य कारण रही। अध्ययन में व्यक्तिगत स्तनपान परामर्श, समय से पहले जन्म व एनआईसीयू में भर्ती के बाद शुरूआती सहायता, दोनों बच्चों को एक साथ स्तनपान कराने का व्यावहारिक मार्गदर्शन और परिवार-केंद्रित हस्तक्षेपों की आवश्यकता पर जोर दिया गया। सम्मेलन में नवजात देखभाल के नए मॉडलों और साक्ष्य-आधारित तरीकों की जानकारी साझा हुई, जिससे एम्स भोपाल में नवजात नर्सिंग शिक्षा, क्लिनिकल अभ्यास और मातृ-नवजात देखभाल बेहतर होगी। शोध में डॉ. ममता वर्मा का मार्गदर्शन रहा।

कैंसर से जंगः एक कदम एम्स में 'रन फॉर लाइफ' का आयोजन आज

भोपाल। कैंसर के प्रति जागरूकता बढ़ाने और समय पर जांच का संदेश हर घर तक पहुंचाने के उद्देश्य से एम्स भोपाल में 'रन फॉर लाइफ-रन अगेंस्ट कैंसर' ग्रीन रन का आयोजन किया जा रहा है। सुबह छह बजे एम्स भोपाल परिसर स्थित कौटिल्य भवन से दौड़ को हरी झंडी दिखाई जाएगी। दौड़ पांच किलोमीटर, तीन किलोमीटर और एक किलोमीटर की तीन श्रेणियों में होगी। इसमें बच्चे, बुजुर्ग, मरीज और कैंसर से उबर चुके लोग भी भाग ले सकेंगे। आयोजन का संदेश सेहत के लिए दौड़ें, कैंसर की समय रहते पहचान कराएं, पौधे लगाएं और पर्यावरण की रक्षा करना है। आयोजन एकल-उपयोग प्लास्टिक से मुक्त रहेगा और कैंसर को मात देने वाले लोगों का सम्मान किया जाएगा।

शहडोल के वन बाघों और हाथियों के लिए नेचुरल कॉरिडोर

भोपाल। शहडोल के सघन वन बाघों, हाथियों, तेंदुओं और भालुओं सहित अनेक वन्यप्राणियों की आवाजाही के लिए प्राकृतिक गलियारे का काम करते हैं। शहडोल की भौगोलिक स्थिति मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ के विभिन्न वन क्षेत्रों के बीच वन्यजीवों की आवाजाही को सुगम बनाने में महत्वपूर्ण है। शहडोल स्वयं टाइगर रिजर्व नहीं है, लेकिन इसका वन क्षेत्र उमरिया जिले के बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व, कान्हा टाइगर रिजर्व, सीधी जिले के संजय गांधी टाइगर रिजर्व और छत्तीसगढ़ के अचानकमार टाइगर रिजर्व से जुड़े वन्यजीव गलियारों की दृष्टि से अहम है।

एमवीएम कॉलेज परिसर में शुरू हुआ 11 दिवसीय स्वदेशी मेला, पहले दिन 4 हजार से अधिक लोग पहुंचे

स्वदेशी केवल आर्थिक विषय नहीं, बल्कि राष्ट्र की संप्रभुता और सुरक्षा का रक्षा कवच हैः डॉ. राजेश सेठी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

स्वदेशी केवल आर्थिक आत्मनिर्भरता का विषय नहीं है, बल्कि यह देश की संप्रभुता और सुरक्षा से भी जुड़ा हुआ है। स्वदेशी विदेशी कंपनियों के प्रभाव से देश को बचाने वाला रक्षा कवच है। यह बात स्वदेशी मेले के उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि डॉ. राजेश सेठी, सह संघचालक, मध्य भारत प्रांत ने कही। स्वदेशी जागरण मंच एवं स्वर्निम भारतवर्ष फाउंडेशन के समन्वय से शासकीय मोतीलाल विज्ञान महाविद्यालय परिसर, भोपाल में आयोजित 11 दिवसीय स्वदेशी मेले का उद्घाटन उत्साह और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के बीच हुआ।

डॉ. सेठी ने कहा कि भारत को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनने के लिए अपनी उत्पादन क्षमता बढ़ानी होगी। अंग्रेजों के शासन का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि भारत से कपास ले जाकर यहां महंगे कपड़े बेचे जाते थे। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता के बाद भी विदेशी कंपनियों और तकनीक पर निर्भरता आर्थिक स्वतंत्रता के सामने चुनौती बनी हुई है। महात्मा गांधी के स्वदेशी आंदोलन और नमक सत्याग्रह का उल्लेख करते हुए उन्होंने देश में निर्मित वस्तुओं को अपनाने पर जोर दिया। उन्होंने समाज से स्वदेशी की भावना को आत्मसात करने और अगले वर्ष इससे भी बड़े मेले के आयोजन का संकल्प लेने का आह्वान किया।



स्वदेशी मेले में मंच पर प्रस्तुति देतीं कलाकार व उपस्थित अतिथिगण।


स्वदेशी जागरण मंच की मध्य भारत प्रांत प्रमुख सीमा भारद्वाज का सम्मान करतीं अतिथि।

भारत चिप से लेकर जहाज तक बनाने की दिशा में आगे बढ़ रहा : सबनानी

समारोह के विशिष्ट अतिथि एवं भोपाल के दक्षिण-पश्चिम क्षेत्र के विधायक भगवानदास सबनानी ने कहा कि स्वदेशी जागरण मंच लंबे समय से स्वदेशी उत्पादों के उपयोग को बढ़ावा दे रहा है। आज भारत चिप से लेकर जहाज तक बनाने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री के स्वदेशी अभियान और हैंडलूम दिवस जैसे प्रयासों से नागरिकों और युवाओं में स्वदेशी उत्पादों के प्रति जागरूकता बढ़ी है। उन्होंने कहा कि स्वदेशी वस्तुओं को अपनाने से देश की अर्थव्यवस्था मजबूत होगी और भारत को विश्वगुरु बनाने के लक्ष्य को गति मिलेगी।

भारत को सामरिक शक्ति के साथ आर्थिक रूप से भी मजबूत बनना होगा : सतीश विश्वकर्मा

मेला संयोजक सतीश विश्वकर्मा ने कहा कि दुनिया में आर्थिक और सामरिक, दोनों तरह के संघर्ष होते हैं। भारत को सामरिक शक्ति के साथ आर्थिक रूप से भी मजबूत बनना होगा। उन्होंने बताया कि देशभर में लगभग 700 स्वदेशी मेले आयोजित करने की योजना है, जिनमें मध्य प्रदेश में 28 मेले आयोजित किए जाने हैं। इनका उद्देश्य भारतीय कंपनियों के उत्पादों को प्रोत्साहित करना और लोगों को स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग के लिए प्रेरित करना है।


विधायक सबनानी का सम्मान करते अतिथि।


स्वदेशी मेले में बड़ी तादाद में शहरवासियों ने पहुंचकर आनंद लिया।


मंच पर सम्मान करते पदाधिकारी।

सांस्कृतिक कार्यक्रम भी बना आकर्षण का केंद्र

समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने भी दर्शकों का मन मोह लिया। गायक अमित शर्मा और सीमा पटेल ने भजनों की प्रस्तुति दी। इसमें फिल्म हनुमान अंश के प्रसिद्ध गीत 'तेरे ही भरोसे हनुमान' सहित अन्य भजन शामिल रहे। वी योग नृत्य अकादमी के बच्चों ने कथक प्रस्तुत किया, जबकि राजस्थानी लोकनृत्य घूमर ने कार्यक्रम में लोकसंस्कृति के रंग बिखेरे। मेले में 200 से अधिक स्टॉल लगाए गए हैं, जिनमें देशभर से स्वदेशी उत्पाद आए हैं। मेले में पहले दिन 4 हजार से अधिक लोग पहुंचे।

यह भी रहे मौजूद

कार्यक्रम में जितेंद्र गुप्ता, अखिल भारतीय सह समन्वयक, स्वावलम्बी भारत अभियान, सुधीर दाते, मध्य क्षेत्र संयोजक, स्वदेशी जागरण मंच एवं स्वदेशी जागरण मंच के प्रांत संयोजक श्रीकांत बुधौलिया, स्वदेशी जागरण मंच मध्यभारत प्रांत महिला कार्य प्रमुख एवं मेले के सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं प्रतियोगिता संयोजक सीमा भारद्वाज, मेला सह संयोजक दीपक वर्मा, रमन तिवारी और विनय कुमार सोनी भी मौजूद रहे।

बैंक ऑफ इंडिया का वाहन डीलर मीट आयोजित

वाहन ऋण व्यवसाय को बढ़ावा व्यावसायिक अवसरों पर मंथन



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

बैंक ऑफ इंडिया, भोपाल अंचल द्वारा शनिवार को होटल क्लार्क्स इन सूट्स, ग्वालियर में वाहन डीलर मीट का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य वाहन डीलरों के साथ बैंक के व्यावसायिक संबंधों को और अधिक मजबूत करना, वाहन ऋण व्यवसाय को बढ़ावा देना तथा नए व्यावसायिक अवसरों का सृजन करना था।कार्यक्रम में बैंक ऑफ इंडिया, भोपाल अंचल के आंचलिक प्रबंधक विकास रंजन पटनायक की उपस्थिति रही।

रणनीति पर भी किया गया विचार-विमर्श

बैठक में बैंक एवं वाहन डीलरों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने, ग्राहकों को सुगम एवं गुणवत्तापूर्ण बैंकिंग सेवाएं उपलब्ध कराने तथा वाहन ऋण व्यवसाय बढ़ाने के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा हुई। साथ ही, आगामी ग्वालियर मेले के दौरान वाहन वित्तपोषण को बढ़ावा देने, अधिकाधिक ग्राहकों तक बैंक की योजनाओं की जानकारी पहुंचाने तथा डीलरों और बैंक अधिकारियों के बीच प्रभावी समन्वय के माध्यम से बेहतर परिणाम प्राप्त करने की रणनीति पर भी विचार-विमर्श किया गया। यह आयोजन बैंक अधिकारियों एवं वाहन डीलरों को आपसी संवाद और व्यावसायिक संभावनाओं पर चर्चा के लिए एक महत्वपूर्ण मंच सिद्ध हुआ।

राठौर क्षत्रिय समाज का आयोजन

राठौर समाज ने किया प्रतिभावान विद्यार्थियों-नागरिकों का सम्मान



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राठौर क्षत्रिय समाज न्यू के द्वारा डिपो चौराहे स्थित एबीवीपी कार्यालय के सभागार में 70 वर्ष से अधिक आयु वाले वरिष्ठ नागरिकों, राठौर समाज के प्रतिभावान छात्र छात्राओं और अखिल भारतीय राठौर क्षत्रिय समाज के राष्ट्रीय पदाधिकारियों का सम्मान किया गया। राठौर क्षत्रिय समाज न्यू के अध्यक्ष अनूप राठौर, महामंत्री रमेश राठौर ने बताया कि विगत दिनों अखिल भारतीय राठौर क्षत्रिय महासभा के द्वारा राष्ट्रीय पदाधिकारियों का मनोनयन किया गया था।

समाज के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं का हुआ सम्मान

महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष वीणा राठौर का भी सम्मान किया गया, उनके सम्मान के साथ राठौर समाज के 70 वर्ष से अधिक आयु वाले 15 वरिष्ठ नागरिकों और 11 प्रतिभावान छात्रा-छात्राओं जिन्होंने 10 वीं 12 वीं की परीक्षा 80 प्रतिशत से अधिक अंकों से उत्तीर्ण की जिसमें मोहित राठौर,अनमोल राठौर, अश्लेषा राठौर, नीतू राठौर, आरव राठौर का सम्मान करने के साथ उनको पर्यावरण की रक्षा की शपथ दिलाई। इस आयोजन में भोपाल, विदिशा, रायसेन के समस्त अखिल भारतीय राठौर क्षत्रिय महासभा के राष्ट्रीय स्तर के पदाधिकारियों का भी सम्मान भी किया।

किसान संगठनों के साथ कलेक्टर ने आयोजित की बैठक

प्रदेश के किसानों को टाइम शेड्यूल से मिलेगी बिजली, खाद वितरण की होगी निगरानी


किसान संगठनों के पदाधिकारियों के साथ कलेक्टर मिश्रा ने बैठक आयोजित की।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

रबी सीजन में गेहूं और चना की बोवनी को लेकर किसानों को टाइम शेड्यूल से भरपूर बिजली दी जाएगी। खाद वितरण की भी नियमित मॉनीटरिंग होगी, जिससे किसानों को परेशान नहीं होना पड़ेगा।

यह बात शनिवार को कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने किसान संगठनों के पदाधिकारियों के साथ रखी गई बैठक में कही। उन्होंने कहा कि किसानों को पलेवा के समय बिजली, पानी और खाद की जरूरत पड़ती है। ऐसे में तय समय पर बिजली, पानी और खाद भी मुहैया कराई जाए। कलेक्टर ने खेती से जुड़े विभागों के अफसरों से कहा कि किसानों की समस्याओं को निपटाने में देरी नहीं की जाए। बिजली विभाग कम वोल्टेज और जले हुए ट्रांसफार्मर को समय से पहले बदल दे। जिससे किसानों को रबी फसलों की बोवनी और सिंचाई के दौरान परेशानी का सामना न करना पड़े।

गांव में लगाई जाएगी चौपाल

कलेक्टर ने कहा कि रबी सीजन में गेहूं कटाई के बाद किसान खेत में खड़ी नरवाई में आग लगा देते हैं, जिससे खेत समेत पर्यावरण को भी नुकसान उठाना पड़ता है। जिसको लेकर अफसर गांव में चौपाल लगाकर किसानों को नरवाई नहीं जलाने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि सुपर सीडर, हैप्पी सीडर, रोटावेटर और अन्य कृषि यंत्रों के उपयोग से फसल अवशेषों का प्रबंधन किया जा सकता है।

ज्ञान, विज्ञान और संस्कृति का संगमः निटर भोपाल एवं पतंजलि संस्थानों के बीच हुआ एमओयू

परंपरा से एडवांस टेक्नोलॉजी तक निटर और पतंजलि संस्थान मिलकर करेंगे काम

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

भारतीय ज्ञान परंपरा को आधुनिक तकनीकी एवं व्यावसायिक शिक्षा, वैज्ञानिक अनुसंधान और शिक्षक प्रशिक्षण से जोड़ने की दिशा में राजधानी स्थित राष्ट्रीय तकनीकी शिक्षक प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान (निटर) तथा पतंजलि, हरिद्वार के तीन प्रमुख संस्थानों-पतंजलि भारतीय आयुर्विज्ञान एवं अनुसंधान संस्थान, पतंजलि रिसर्च फाउंडेशन और पतंजलि विश्वविद्यालय के मध्य संयुक्त शैक्षणिक एवं अनुसंधान गतिविधियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से समझौता ज्ञापन (एमओयू) किया गया।


निटर भोपाल एवं पतंजलि संस्थानों के बीच हुआ एमओयू।

निर्माण क्षेत्रों में सहयोग की संभावनाओं को बताया जरूरी

आचार्य बालकृष्ण ने निटर भोपाल की गतिविधियों, तकनीकी शिक्षा, शिक्षक प्रशिक्षण एवं अनुसंधान के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों में रुचि व्यक्त की। उन्होंने संस्थान की कार्यप्रणाली और उसकी शैक्षणिक एवं तकनीकी पहलों को समझने में विशेष दिलचस्पी दिखाई तथा विश्वास व्यक्त किया कि दोनों पक्ष मिलकर भारतीय ज्ञान परंपरा को आधुनिक वैज्ञानिक दृष्टिकोण के साथ जोड़ने के लिए सार्थक कार्य कर सकते हैं। उन्होंने संयुक्त अनुसंधान, प्रशिक्षण कार्यक्रमों, शैक्षणिक संसाधनों के विकास तथा तकनीकी प्रशिक्षण उपकरणों के निर्माण जैसे क्षेत्रों में सहयोग की संभावनाओं को महत्वपूर्ण बताया।

सामाजिक आवश्यकताओं के साथ जोड़ा जाए

निटर भोपाल के निदेशक प्रो. सीसी त्रिपाठी ने कहा कि किसी भी राष्ट्र की वास्तविक प्रगति उसकी शिक्षा व्यवस्था, ज्ञान-संपदा और मानवीय मूल्यों की सुदृढ़ता पर निर्भर करती है। भारत की समृद्ध ज्ञान परंपरा केवल आजीविका का साधन नहीं, बल्कि व्यक्ति, समाज और राष्ट्र के समग्र विकास का आधार रही है। वर्तमान समय में आवश्यकता है कि इस विरासत को आधुनिक शिक्षा, वैज्ञानिक अनुसंधान और समकालीन सामाजिक आवश्यकताओं के साथ सार्थक रूप से जोड़ा जाए। यह समझौता ज्ञापन विरासत से नवाचार की अवधारणा को साकार करने की दिशा में एक सार्थक पहल है। भारतीय ज्ञान परंपरा विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. पी.के. पुरोहित ने कहा कि इस संयुक्त पहल के माध्यम से भारतीय ज्ञान परंपरा से संबंधित प्रामाणिक, व्यवस्थित एवं उपयोगी अध्ययन सामग्री विकसित करने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

हरिभूमि
भोपाल भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, रविवार 25 अक्टूबर 2026

4 ओरछा दर्शन के लिए गया परिवार, घर से जेवर, नकदी...



12 सोशल मीडिया पर 'ठेकेदारी' का नया अंदाज, चौथे...



3

आज से लागू हो रहे विंटर शेड्यूल में 23 उड़ानें

भोपाल से 1 दिसंबर से शारजाह के लिए सीधी फ्लाइट की उम्मीद

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

भोपाल के राजा भोज एयरपोर्ट से हवाई यात्रा करने वाले यात्रियों के लिए दिसंबर में बड़ी सुविधा शुरू होने की उम्मीद है। एक दिसंबर 2026 से भोपाल और शारजाह के बीच अंतर्राष्ट्रीय फ्लाइट का संचालन शुरू करने की तैयारी है। एअर इंडिया एक्सप्रेस इस सेवा का संचालन करेगी। प्रस्तावित व्यवस्था के अनुसार, नवी मुंबई से आने वाला विमान दोपहर करीब 12:50 बजे भोपाल पहुंचेगा और यहां से दोपहर करीब 1:25 बजे रवाना होगा।

अलग खबर

शारजाह से लौटने वाली फ्लाइट शाम करीब 5 बजे भोपाल पहुंचेगी और इसके बाद नवी मुंबई के लिए रवाना होगी। हालांकि, इस सेवा के अंतिम समय और संचालन की आधिकारिक पुष्टि अब तक नहीं हुई है। इधर, रविवार 25 अक्टूबर से राजा भोज एयरपोर्ट पर विंटर शेड्यूल लागू हो रहा है। उपलब्ध समयसारणी में कुल 23 उड़ानों का विवरण है। इसमें दिल्ली के लिए अतिरिक्त फ्लाइट, हैदराबाद के लिए बड़े विमान और रायपुर के लिए बुधवार को विशेष उड़ान जैसी सुविधाएं शामिल हैं। एयरपोर्ट प्रबंधन के अनुसार, नए शेड्यूल से यात्रियों को अलग-अलग शहरों के लिए बेहतर विकल्प मिलेंगे।

राजा भोज एयरपोर्ट से अंतरराष्ट्रीय कनेक्टिविटी की तैयारी



भोपाल से शारजाह की फ्लाइट

प्रस्तावित अंतरराष्ट्रीय सेवा में एअर इंडिया एक्सप्रेस नवी मुंबई के रास्ते विमान का संचालन करेगी। उपलब्ध जानकारी के अनुसार, विमान दोपहर में भोपाल पहुंचेगा और यहां से शारजाह के लिए रवाना होगा। शारजाह से लौटने के बाद विमान शाम को भोपाल पहुंचेगा और फिर नवी मुंबई जाएगा। इस सेवा से भोपाल और आसपास के यात्रियों को संयुक्त अरब अमीरात की यात्रा के लिए अतिरिक्त विकल्प मिल सकता है। इससे व्यापार, पर्यटन और विदेश यात्रा करने वाले यात्रियों को सुविधा मिलने की उम्मीद है।

ऐसा होगा उड़ान का समय

एयरलाइन	आगमन उड़ान	कहां से	आगमन समय	प्रस्थान उड़ान	कहां के लिए	प्रस्थान समय	दिन
इंडिगो	6E 5646	पुणे	सुबह 1:45	6E 257	पुणे	सुबह 2:40	रोजाना
इंडिगो	6E 6569	दिल्ली	सुबह 7:20	6E 6259	दिल्ली	सुबह 7:55	रोजाना
इंडिगो	6E 0368	बेंगलुरु	सुबह 7:45	6E 0393	बेंगलुरु	सुबह 8:15	रोजाना
एयर इंडिया	AI 1705	दिल्ली	सुबह 7:55	AI 1886	दिल्ली	सुबह 8:25	रोजाना
इंडिगो	6E 5172	मुंबई	सुबह 8:40	6E 6206	मुंबई	सुबह 9:10	रोजाना
इंडिगो	6E 7191	अहमदाबाद	सुबह 11:40	6E 7720	रायपुर	दोपहर 12:00	बुधवार
इंडिगो	6E 6821	दिल्ली	दोपहर 12:40	6E 5250	दिल्ली	दोपहर 1:15	रोजाना
एअर इंडिया एक्सप्रेस	IX 2207	मुंबई	दोपहर 12:50	IX 2208	मुंबई	दोपहर 1:25	रोजाना
एअर इंडिया एक्सप्रेस	IX 2241	दिल्ली	दोपहर 2:25	IX 2242	दिल्ली	दोपहर 3:00	रोजाना
इंडिगो	6E 7729	रायपुर	दोपहर 3:40	6E 7192	अहमदाबाद	शाम 4:30	बुधवार
इंडिगो	6E 7191	अहमदाबाद	शाम 4:10	6E 7192	अहमदाबाद	शाम 4:30	सोम, मंगल, गुरु, शुक्र, शनि, रवि
अलायंस एयर	9I 733	पटना	शाम 4:20	9I 734	पटना	शाम 4:45	सोम, बुध, रवि
इंडिगो	6E 6062	हैदराबाद	शाम 4:45	6E 6063	हैदराबाद	शाम 5:25	रोजाना
इंडिगो	6E 7741	रायपुर	शाम 5:15	6E 7740	रायपुर	शाम 5:45	रोजाना
इंडिगो	6E 7653	नोएडा	शाम 5:25	6E 7654	नोएडा	शाम 6:00	रोजाना
अलायंस एयर	9I 795	रीवा	शाम 5:40	9I 796	रीवा	शाम 6:10	मंगल, गुरु, शनि
इंडिगो	6E 6384	दिल्ली	शाम 5:50	6E 6152	दिल्ली	शाम 6:20	बुधवार
एअर इंडिया एक्सप्रेस	IX 2243	दिल्ली	शाम 7:05	IX 2244	दिल्ली	शाम 7:50	रोजाना
अलायंस एयर	9I 735	रीवा	शाम 7:20	9I 736	रीवा	शाम 7:40	रविवार
इंडिगो	6E 6465	बेंगलुरु	रात 8:15	6E 6466	बेंगलुरु	रात 8:50	रोजान
एयर इंडिया	AI 1713	दिल्ली	रात 9:40	AI 1817	दिल्ली	रात 10:15	रोजाना
इंडिगो	6E 6273	दिल्ली	रात 9:50	6E 585	दिल्ली	रात 10:25	रोजाना
इंडिगो	6E 0397	मुंबई	रात 10:00	6E 828	मुंबई	रात 11:00	रोजाना

रायपुर के लिए हर बुधवार फ्लाइट

विंटर शेड्यूल में बुधवार को रायपुर के लिए उड़ान का विकल्प भी दिया गया है। इसके साथ ही समयसारणी में रायपुर और अहमदाबाद के बीच विमानों के आगमन और प्रस्थान की अलग-अलग प्रविष्टियां दर्ज हैं।

हैदराबाद के लिए बड़े विमान से बढ़ेंगी सीटें

हैदराबाद मार्ग पर विमान बदलने से सीट क्षमता 72 से बढ़ाकर लगभग 240 होने की जानकारी दी गई है। एटीआर की जगह एयरबस विमान के संचालन से इस मार्ग पर यात्रियों की उपलब्ध क्षमता में उल्लेखनीय बढ़ोतरी होगी।

दिल्ली के लिए बढ़ेंगे विकल्प, रात में भी मिलेगी सुविधा

भोपाल से दिल्ली के लिए दिनभर अलग-अलग समय पर उड़ानें उपलब्ध रहेंगी। एयर इंडिया की रात की उड़ान के साथ इंडिगो की सेवाएं भी यात्रियों को विकल्प देती हैं। नई समयसारणी में दिल्ली के लिए रात 9:40 बजे आगमन और रात 10:15 बजे प्रस्थान वाली एयर इंडिया की उड़ान भी दर्ज है।



भाजपा और कांग्रेस आमने-सामने

जकी ने कहा- किसी पर आरोप नहीं लगाया, माफी मांगने से इनकार कर दिया, हंगामे के कारण कार्यवाही 15 मिनट स्थगित रही

नगर निगम परिषद की बैठक में नेता प्रतिपक्ष शबिस्ता जकी के बयान पर भाजपा पार्षदों ने आपत्ति जताई, माफी की मांग की

मैं कमीशन नहीं लेती...शबिस्ता के बयान पर भड़के भाजपा के पार्षद, हंगामे के बाद निगम परिषद की बैठक स्थगित

निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी ने बयान को कार्यवाही से हटाया, भविष्य में ऐसे शब्दों के इस्तेमाल पर कठोर कार्रवाई की चेतावनी, कांग्रेस ने भाजपा पर बात बढ़ाने का लगाया आरोप



बैठक को संबोधित करती महापौर मालती राय।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

भोपाल नगर निगम परिषद की बैठक में शनिवार को विकास के मुद्दों पर चर्चा से ज्यादा हंगामा देखने को मिला। नेता प्रतिपक्ष शबिस्ता जकी के 'मैं कमीशन नहीं लेती' बयान पर भाजपा पार्षद भड़क गए। उन्होंने बयान को आपत्तिजनक बताते हुए माफी की मांग की और निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी के पास पहुंचकर आसंदी को घेर लिया। जकी ने किसी पर आरोप लगाने से इनकार करते हुए माफी मांगने से साफ मना कर दिया। दोनों पक्षों के बीच बहस इतनी बढ़ी कि सदन की कार्यवाही 15 मिनट के लिए स्थगित करनी पड़ी। बाद में अध्यक्ष ने बयान को कार्यवाही से हटाने और भविष्य में ऐसे शब्दों का इस्तेमाल नहीं करने की हिदायत दी।

आईएसबीटी स्थित बैठक हॉल में हुई परिषद की बैठक में निगम की संपत्तियां लंबे समय तक किराए पर देने, दूषित पानी की शिकायतों, सरकारी स्कूलों के विकास, सफाईकर्मियों की कमी और दिशा सूचक बोर्डों पर राजनीतिक तस्वीरें लगाने जैसे मुद्दे भी उठे। वहीं, अमृत-2.0 के विकास कार्यों के लिए 493 करोड़ रुपए का कर्ज लेने की तैयारी को लेकर भी चर्चा रही। न्यू मार्केट मल्टीलेवल पार्किंग की चौथी मंजिल पर बने हॉल को किराए पर देने के प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान नेता प्रतिपक्ष शबिस्ता जकी ने कहा, 'मैं कमीशन नहीं लेती।' इस बयान पर भाजपा पार्षदों ने आपत्ति जताई और माफी की मांग की। भाजपा पार्षदों का कहना था कि सदन में इस तरह के बयान से गलत संदेश जाता है। निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी ने कहा कि बिना तथ्यों और सबूतों के ऐसे शब्दों का इस्तेमाल नहीं किया जाना चाहिए। उन्होंने जकी के शब्दों को कार्यवाही से विलोपित करने और वापस लेने की हिदायत दी।

आईएसबीटी स्थित बैठक हॉल में हुई परिषद की बैठक में अमृत-2.0 के लिए 493 करोड़ के कर्ज, दूषित पानी और सफाईकर्मियों की कमी जैसे अहम मुद्दों पर भी हुई चर्चा



निगम परिषद की बैठक में हंगामे के दौरान आसंदी को घेरकर नारेबाजी करते भाजपा पार्षद।

अमृत-2.0 के लिए 493 करोड़ का कर्ज लेने की तैयारी

निगम के विकास कार्यों के लिए अमृत-2.0 योजना के तहत 493 करोड़ रुपए का कर्ज लेने की तैयारी का मुद्दा भी चर्चा में रहा। इससे निगम पर कर्ज का बोझ बढ़ने का सवाल खड़ा होता है। हालांकि, उपलब्ध जानकारी में इस कर्ज की शर्तों, भुगतान की अवधि और प्रस्तावित कार्यों के विस्तृत ब्योरे का उल्लेख नहीं है।

दूषित पानी की 901 शिकायतों के निराकरण का दावा : प्रश्नकाल में कांग्रेस पार्षद देवांशु कंसाना ने दूषित पानी और उसकी जांच का मुद्दा उठाया। एमआईसी सदस्य रविंद्र यती ने बताया कि पानी के चार सैंपल फेल हुए थे और ये निजी ट्यूबवेल के थे। उन्होंने दूषित पानी से जुड़ी 901 शिकायतों का निराकरण किए जाने की जानकारी दी।

वार्ड-46 के कांग्रेस पार्षद योगेंद्र सिंह गुड्डू चौहान ने शिक्षा उपकर से मिलने वाली राशि और सरकारी स्कूलों में हुए विकास कार्यों पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि जनता से उपकर वसूला जाता है, लेकिन अब तक केवल 12 लाख रुपए ही खर्च किए गए हैं।

निगम की संपत्तियां 20 साल तक किराए पर देने की तैयारी

बैठक में निगम की संपत्तियों से आय बढ़ाने के लिए उन्हें लंबे समय तक किराए पर देने का प्रस्ताव भी सामने आया। एमआईसी सदस्य जगदीश यादव ने निगम मुख्यालय के सर्विस ब्लॉक और कैफेटेरिया को किराए पर देने की बात रखी। सर्विस ब्लॉक को पहले दो साल के लिए देने का निर्णय था, लेकिन अब इसे 10 साल के लिए देने और अगले 10 साल तक नवीनीकरण का प्रस्ताव रखा गया है। इस तरह कुल अवधि 20 साल तक हो सकती है। कांग्रेस पार्षद योगेंद्र सिंह गुड्डू चौहान, अजीजउद्दीन और शबिस्ता जकी ने प्रस्ताव की स्पष्टता पर सवाल उठाए।



दिशा सूचक बोर्डों से हटेंगे पोस्टर-बैनर

कांग्रेस पार्षद नसीम गफूर ने प्रमुख मार्गों पर लगे दिशा सूचक बोर्डों पर मंत्री, विधायक और महापौर की तस्वीरें लगाने पर आपत्ति जताई। उन्होंने कहा कि इन बोर्डों का उद्देश्य लोगों को रास्ता बताना है, न कि राजनीतिक प्रचार करना। एमआईसी सदस्य जगदीश यादव ने बताया कि शहर के 85 वार्डों में 95 दिशा सूचक बोर्ड लगे हैं। इनके आधे हिस्से में विज्ञापन की अनुमति दी जाती है। इससे वर्ष 2025-26 में 9.14 करोड़ रुपए और चालू वित्तीय वर्ष में अब तक 6.79 करोड़ रुपए की आय होने की जानकारी दी गई।

विसर्जन घाट और सफाईकर्मियों की कमी पर सवाल

वार्ड-5 के कांग्रेस पार्षद अशोक मारण ने विसर्जन घाट पर खर्च की गई राशि और नए घाट के निर्माण की स्थिति पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि महापौर की घोषणा के बावजूद काम शुरू नहीं हुआ है, जिससे संत नगर के लोगों को परेशानी हो रही है। संबंधित एमआईसी सदस्य ने लिखित जवाब देने की बात कही। कांग्रेस पार्षद मो. सरवर ने सभी 85 वार्डों में सफाईकर्मियों की कमी का आकलन कर जरूरत के अनुसार भर्ती करने की मांग की। बैठक में कर्मचारियों, अवैध कब्जों और निगम की संपत्तियों के इस्तेमाल से जुड़े मुद्दे भी उठे।

छात्राओं की सुरक्षा से जुड़ा प्रस्ताव वापस

गर्ल्स कॉलेज के पास सोन चिरैया हॉकर्स कॉर्नर को किराए पर देने का प्रस्ताव भी बैठक में आया। अगस्त में छात्राओं की सुरक्षा को लेकर इस पर आपत्ति जताई गई थी। नए प्रस्ताव में परिसर और आसपास 24 घंटे सीसीटीवी चालू रखने और सुरक्षा गार्ड तैनात करने की शर्त रखी गई थी। हालांकि, एमआईसी सदस्य जगदीश यादव ने कुछ संशोधन करने की बात कहते हुए प्रस्ताव वापस ले लिया। इसके बाद निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी ने बैठक अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी। फिल्म अभिनेता नाना पाटेकर की श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इसके बाद राष्ट्रगान के साथ निगम बैठक का समापन किया गया।



आसंदी के पास चर्चा करते कांग्रेस पार्षद।



27 अक्टूबर से प्रदेश में फिर सक्रिय होगा बारिश का दौर

देश के टॉप 10 सबसे ठंडे मैदानी इलाकों के शहरों में 8 मप्र के शामिल 26 से कई जिलों में बारिश का दौर

शहर में सीजन का रात का सबसे कम पारा 15.6 डिग्री दर्ज, दो दिन बाद बारिश का दौर

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

दो दिन से प्रदेशभर में रात में सर्दी का अहसास अचानक बढ़ गया है। यह क्रम दो दिन और रहेगा। इसके बाद रात के तापमान में 2 से 4 डिग्री तक बढ़त होगी। प्रदेश में 27 अक्टूबर से बारिश का दौर फिर से शुरू होगा। विशेषकर पूर्वी मप्र के कुछ जिलों में भारी बारिश होगी। वहीं, पश्चिमी मप्र के कुछ हिस्सों में भी तेज बारिश होगी। भोपाल में मध्यम बारिश की उम्मीद है। शनिवार को भोपाल में रात का पारा 2.6 डिग्री गिरकर सीजन का सबसे कम रात का पारा 15.6 डिग्री रहा। यह नॉर्मल से 1.8 डिग्री कम है। साथ ही प्रदेश के 8 शहर देश के मैदानी इलाकों के 10 सबसे ठंडे शहरों में दर्ज हो गए हैं। इनमें इंदौर 13.4, दमोह 14, बैतूल 14.5, छिंदवाड़ा 14.6, उमरिया 15.1, सागर 15.3, मलाजखंड, रीवा 15.4 के अलावा छतीसगढ़ के अंबिकापुर में 13, हरदोई 15.1 और पेंड्रा में पारा 15.2 डिग्री रहा है।



स्थान : वीआईपी रोड। समय : शाम 6.45 बजे शनिवार।

बारिश के बाद 5 नवंबर से सर्दी तेज होने की संभावना

विशेषज्ञ शुक्ला के अनुसार बारिश के बाद 5 नवंबर से सर्दी में बढ़त होगी। 15 नवंबर के बाद प्रदेशभर में सर्दी का दौर बढ़ेगा। भोपाल में रात का पारा इसी क्रम में धीरे-धीरे गिरने से ठंडक तेज होती जाएगी।

इसलिए होगी बारिश

मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार अभी एक वेलमार्क लो प्रेशर एरिया पूर्वी मध्य तथा इससे लगी बंगाल की खाड़ी के ऊपर है। इससे संबंधित एक सकुर्लेशन भी है, जो शनिवार को और तीव्र होकर पश्चिम उत्तर पश्चिम की ओर बढ़ रहा है। रविवार को यह डिप्रेशन में बदलेगा। इसके बाद यह 26 अक्टूबर की सुबह तक इसके पश्चिमी बंगाल की खाड़ी के ऊपर सकुर्लेशन में बदलकर 28 अक्टूबर की सुबह तक बंगाल की खाड़ी के ऊपर सक्रिय होगा। इससे प्रदेश में 26 अक्टूबर से बारिश का दौर शुरू होगा। 27 से 30 अक्टूबर के बीच पूर्वी मप्र और पश्चिमी हिस्से में तेज बारिश होगी। भोपाल में मध्यम बारिश की प्रबल संभावना है।

बागसेवनिया इलाके में बदमाशों ने रात में दिया वारदात को अंजाम

आरआरएल ब्रिज पर प्रोजेक्ट एसोसिएट से मोबाइल झपटकर भागे बदमाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

ब्रिज से पैदल अपने घर जा रहा था पीड़ित युवक



वारदात रात करीब सवा 9 बजे के आसपास हुई

बागसेवनिया थाना क्षेत्र स्थित आरआरएल ब्रिज पर मोबाइल पर बात करते हुए पैदल जा रहे युवक से बाइक सवार बदमाशों ने मोबाइल झपट लिया। वारदात 22 अक्टूबर की रात करीब सवा 9 बजे के आसपास की है। पीड़ित ने बदमाशों का पीछा कर उन्हें पकड़ने की कोशिश की, लेकिन वे तेज रफ्तार से होशंगाबाद रोड की तरफ भाग निकले। अगले दिन पीड़ित ने थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई।

पुलिस के अनुसार प्रिंस कुमार मिश्रा (26) मूलरूप से मऊगंज जिले के निवासी है और फिलहाल नारायण नगर बाग सेवनिया में रहते हैं। वह सीएसआईआर-एम्री में प्रोजेक्ट एसोसिएट के पद पर कार्यरत हैं। गुरुवार 22 अक्टूबर की रात वह आरआरएल ब्रिज पर पैदल जा रहे थे और मोबाइल पर बात कर रहे थे। इसी दौरान पीछे से बाइक पर सवार होकर आए दो अज्ञात बदमाशों ने उनके हाथ से मोबाइल फोन झपट लिया और होशंगाबाद रोड की ओर भाग गए। अचानक हुई वारदात के बाद पीड़ित ने शोर मचाते हुए बदमाशों का पीछा किया, लेकिन उन्हें पकड़ने में सफल नहीं हो सके। इसके बाद 23 अक्टूबर को थाने पहुंचकर पुलिस को घटना की जानकारी दी।

कोतवाली पुलिस ने महिला सहित तीन आरोपियों पर दर्ज की एफआईआर

इंस्टाग्राम पर नाबालिग से दोस्ती, जमानत कराने का कहकर ढाई लाख हड़पे

कोतवाली थाना क्षेत्र में 16 साल की छात्रा से इंस्टाग्राम पर दोस्ती कर बदमाश ने ढाई लाख रुपए हड़प लिए। आरोपी ने उसे कहा था कि उसे अपनी जमानत कराने के लिए रुपए की जरूरत है। करीब छह महीने तक नाबालिग घर से पैसे चुराकर आरोपी को देती रही। बाद में आरोपी ने कहा कि इतनी रकम में काम नहीं हो सकेंगा। आरोपी के कहने पर नाबालिग ने घर से सोने के कड़े चुरा लिए। घर से नकदी और जेवर चोरी होने के बाद परिजन ने बेटी से पूछताछ की तो पूरी घटना का खुलासा हुआ। इसके बाद परिजन उसे थाने लेकर पहुंचे और शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने उक्त मामले में महिला सहित तीन आरोपियों पर छेड़छाड़, अड़ीबाजी, पाक्सो एक्ट सहित अन्य धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है। आरोपियों की तलाश की जा रही है। पुलिस के अनुसार तलैया इलाके में रहने वाली 16 साल की किशोरी 11वीं कक्षा में पढ़ती है। एक साल पहले उसकी दोस्ती इंस्टाग्राम पर कामरान नामक युवक से हुई। दोस्ती बढ़ने पर वह कामरान से बाहर मिलने लगी। इस दौरान कामरान के साथी अर्सलान शिव रंजनी का भी मिलना-जुलना होने लगा। इस बीच कामरान ने पीड़िता को बताया कि उसके खिलाफ एक प्रकरण दर्ज है। उस मामले में जमानत कराने के लिए उसे पैसों की जरूरत है। उसने छात्रा से पैसों की मांग की। छात्र ने यह कहते हुए इंकार कर दिया कि उसके पास पैसे नहीं है। तब आरोपी की महिला मित्र ने उससे कहा कि यदि पैसों का इंतजाम नहीं हुआ तो जमानत नहीं होगी और कामरान को जेल भी जाना पड़ सकता है। यह बात सुनते ही छात्रा ने घर से पैसे चुराने शुरू कर दिए। वह पैसे चुराकर कामरान और उसके दोस्तों को देती रहीं। बाद में कामरान और दोस्त कहने लगे कि इतने पैसों में काम नहीं चल सकेगा।

छह माह तक घर से पैसे चुराकर आरोपी को देती रही नाबालिग

लगातार पैसों का दबाव बनाने के कारण छात्रा घर से सोने के कड़े लेकर आई

आरोपी की महिला मित्र ने छात्रा को कहा कि कामरान की जमानत कराना है तो कुछ और रुपए की व्यवस्था करनी पड़ेगी। उसने कहा कि उसके पास अब पैसे नहीं है। लगातार पैसों का दबाव बनाने के कारण छात्रा घर से सोने के कड़े ले आई। कड़े उसने शिव रंजनी को दिए थे। शिव रंजनी ने उक्त कड़े बेच दिए। पुलिस ने बताया कि मिलने- जुलने के दौरान आरोपी पीड़िता के साथ छेड़छाड़ करता था। मामले का खुलासा उसे समय हुआ जब आरोपी की मनमानी बढ़ने लगीं। वह छात्रा से और अधिक पैसों की मांग करने लगा। दूसरी ओर घर से सोने के कड़े चोरी होने की जानकारी परिजन को भी हो गई। सख्ती से पूछताछ करने पर पीड़िता ने अपने परिजनों को सारा घटनाक्रम बता दिया। परिजन अपनी बेटी को थाने लेकर पहुंचे और प्रकरण दर्ज कर दिया।

खबर संक्षेप



रेंज चिकलोद में बाघ का मूवमेंट कैमरे में कैद

औबेदुल्लागंज। औबेदुल्लागंज वन मंडल के रेंज चिकलोद में मुख्य सड़क पर बर्रूखार वन चौकी से 100 मीटर दूर मुख्य सड़क पर बाघ का मूवमेंट देखने को मिला। इस दौरान एक कार चालक ने बाघ का अपने कैमरे से फोटो लिया।

भोजपुर नारी शक्ति ने प्रभात फेरी निकाली



औबेदुल्लागंज। रविवार को भोजपुर नारी शक्ति ने प्रभात फेरी निकाली। प्रभात फेरी में महिलाओं में उत्साह देखा गया एवं आरती यादव का जगह-जगह सम्मान हुआ। भोजपुर नारी समिति अध्यक्ष आरती यादव, उपाध्यक्ष भगवती साहू, विमल यादव, चिंता साहू, मीना साहू, शर्मिला यादव और कुंती यादव, पुष्पा, चंद यादव, कुसुम शर्मा, जैन मैडम और रवि यादव की माता कुंती यादव ने स्वागत किया। शर्मिला अशोक यादव, सुनीता सैनी, पूजा लोधी, कविता यादव, मुन्नी साहू, मीणा मालवीय का स्वागत हुआ।

विधायक पटवा ने की अग्रवाल की सराहना



औबेदुल्लागंज। जिला महिला मंडल अध्यक्ष विद्या अग्रवाल के निवास पर विधायक सुरेंद्र पटवा ने पहुंचकर बधाई दी और कहा कि विद्या अग्रवाल बहुत मेहनत करती है, ढाई क्विंटल आटे की पूड़ी बांटी। इस अवसर पर विद्या अग्रवाल ने पटवा से कहा कि विधायक पटवा सभी के हित की बात करते हैं। कभी किसी का बुरा नहीं किया। सभी को एक समान मानते हैं एवं सभी का सम्मान एवं सभी के हित की बात करते हैं।

चोरों का सुराग देने वालों को एक लाख का नगद इनाम, किसान ने खुद की घोषणा

ओरछा दर्शन के लिए गया परिवार, घर से जेवर, नकदी सहित लाखों की चोरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



रातीबड़ थाना क्षेत्र के ग्राम सिकंदराबाद में किसान के सूने मकान का ताला तोड़कर बदमाश नगदी और सोने-चांदी के जेवरात समेत लाखों का माल चुराकर ले गए। घटना के समय परिवार धार्मिक यात्रा पर ओरछा गया था। यात्रा से लौटकर उन्हें चोरी का पता चला। इसके बाद पुलिस को शिकायत की गई। किसान ने घोषणा की है कि यदि चोरों को गिरफ्तार कराने में कोई मदद करता है तो उसे एक लाख रुपए का वह पुरस्कार देंगे। इधर, इतनी बड़ी राशि चोरी होने से पुलिस ने संदेह जताया है। पुलिस का कहना है कि जांच पूरी होने के बाद ही वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सकेगी कि घर से क्या क्या चोरी हुआ है। पुलिस के अनुसार ग्राम सिकंदराबाद निवासी 42 साल के फूल सिंह साहू दो दिन पहले परिवार के साथ ओरछा की धार्मिक यात्रा पर गए थे। इसी दौरान उनके घर में चोरी हो गई।

किसान ने पुलिस को दी शिकायत में सोने के 20 तोला से अधिक वजन के जेवर और करीब आधा किलो चांदी के जेवर चोरी होने की बात कही है। पीड़ित किसान फूल सिंह साहू का कहना है कि नगदी सहित करीब पचास लाख रुपए के जेवर चोरी हुए हैं।

जेवर के अलावा घर के 9 गुल्लकों में रखे नौ लाख



जांच करता डॉग स्क्वायड।

9 गुल्लक सहित नौ लाख भी ले गए बदमाश

वारदात में सबसे चौंकाने वाली बात घर में रखी 9 गुल्लकों में जमा नकदी का नहीं होना है। परिवार ने दावा किया है कि गुल्लकों में करीब 9 लाख रुपए जमा थे। जेवर और नकदी की कीमत मिलाकर चोरी गई संपत्ति का कुल मूल्य करीब 50 लाख रुपए बताया है। वारदात के बाद किसान ने आरोपियों तक पहुंचने में मदद करने वाले व्यक्ति को एक लाख रुपए का इनाम देने की घोषणा की है। फिलहाल पुलिस चोरी गए सामान का विवरण जुटाने के साथ मामले की जांच कर रही है।

पुलिस को घटनाक्रम को लेकर संदेह

थाना प्रभारी रास बिहारी शर्मा ने बताया कि फूलसिंह साहू की शिकायत पर अज्ञात बदमाशों पर नकबजनी का मामला दर्ज कर लिया गया है। बदमाशों की तलाश की जा रही है। पुलिस चोरी गए सामान की सूची और घटना से जुड़े तथ्यों की पड़ताल कर रही है। उन्होंने बताया कि चोरी गई संपत्ति की मात्रा और घटनाक्रम को लेकर कुछ संदेह हैं। ऐसे में शिकायत में बताए गए विवरण की जांच की जा रही है।

बैंक खाते से आठ ट्रांजेक्शन में निकली रकम

ऑनलाइन ठगी में खाते से निकले 86,400 रुपए, 40,100 वापस आए

कोतवाली थाना क्षेत्र स्थित सराफा क्षेत्र में दुकान संचालित करने वाले एक व्यक्ति के बैंक खाते से साइबर ठगी का मामला सामने आया है। पीड़ित के बैंक खाते से आठ ट्रांजेक्शन के जरिए कुल 86,400 रुपए निकाल लिए गए। इनमें से 40,100 रुपए खाते में आ गए, जबकि शेष 46,300 रुपए की राशि अब भी नहीं पहुंची। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार भगवान सिंह जाट (36) निवासी ग्राम देवपुर थाना ईंटखेड़ी इन दिनों ललवानी गली स्थित अनमोल कॉम्प्लेक्स, सराफा चौक में रहते हैं और वहां अपनी दुकान संचालित करते हैं। 15 अक्टूबर 2026 को वह रात करीब 5:30 बजे अपनी दुकान पर थे, तभी उनके मोबाइल पर बैंक ऑफ इंडिया के मारवाड़ी रोड स्थित शाखा से संबंधित लेनदेन के मैसेज आए। इन मैसेज में खाते से 7,500 रुपए के चार ट्रांजेक्शन होने की जानकारी थी। इसके बाद खाते से 16,300 रुपए की अतिरिक्त राशि भी कट गई। पीड़ित के मुताबिक, उसी दिन शाम करीब 7:30 बजे बैंक शाखा से फोन आया। फोन करने वाले ने बताया कि उनके बैंक खाते में छेड़छाड़ हो रही है। इसके बाद उन्होंने मोबाइल पर आए मैसेज चेक किए तो खाते से कुल 46,300 रुपए कटने की जानकारी मिली। अगले दिन 16 अक्टूबर को भगवान सिंह बैंक पहुंचे और खाते का स्टेटमेंट निकलवाया। जांच में पता चला कि 15 अक्टूबर को खाते से कुल आठ ट्रांजेक्शन के जरिए 86,400 रुपए निकाले गए थे। शिकायत की जांच के बाद साइबर सेल ने अपराध दर्ज किया। घटना थाना कोतवाली क्षेत्र की होने के कारण जीरो एफआईआर को असल पर पंजीबद्ध करने के लिए थाना कोतवाली भेजा गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

मोबाइल पर रील बनाकर बदनाम करने पर नाबालिग पर रॉड और डंडे से हमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

छोला मंदिर थाना क्षेत्र स्थित भानपुर में महिला और उसके दो रिश्तेदारों ने 17 साल की नाबालिग सहित भाभी और मां पर डंडे और रॉड से जानलेवा हमला कर दिया। जानलेवा हमले की वजह नाबालिग द्वारा मोबाइल पर रील बनाकर आरोपी पक्ष को बदनाम करने की बात सामने आई है। पुलिस ने नाबालिग की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार तमन्ना अली पिता गुलाब अब्बास (17) अमन कॉलोनी निशातपुरा में रहती है। उसके परिवार का भानपुर में रहने वाले रिश्तेदार से पुराना विवाद चल रहा है। इस बीच तमन्ना ने मोबाइल पर रील बनाई। रिश्तेदार का आरोप है कि रील बनाने से उनके परिवार की बदनामी हुई थी। नाबालिग के परिवार और आरोपी पक्ष का रील बनाने की बात को लेकर मोबाइल पर विवाद हुआ। विवाद के बाद दोनों पक्षों ने बैठकर बात करने की बात कही। गुरुवार रात तमन्ना अपनी मां और भाभी को लेकर भानपुर में रहने वाली रिश्तेदार फरीदा के घर पहुंचे। वहां पास ही रहने वाली रिश्तेदार रेशमा, हामिद और बेनजीर से विवाद हो गया। विवाद बढ़ने पर नौबत हाथापाई पर आ गई और रेशमा हामिद सहित बेनजीर ने तमन्ना पर रॉड और डंडे से हमला कर दिया। तमन्ना के साथ होती मारपीट देख उसे बचाने उसकी भाभी और मां पहुंचे तो आरोपियों ने उनके साथ भी डंडे और रॉड से मारपीट कर दी। इस जानलेवा हमले में तमन्ना को गंभीर चोट आई है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ हत्या के प्रयास सहित अन्य धाराओं में प्रकरण दर्ज कर लिया है।

गांधीनगर में बुजुर्ग महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

गांधी नगर थाना क्षेत्र स्थित चांदपुर में अचारपुरा रोड पर शुक्रवार सुबह 65 साल की महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। वह सड़क पर बेसुध पड़ी मिली थी। उन्हें सिर में पीछे की तरफ बस चोट है। लिहाजा अनुमान है कि वह स्वयं चक्कर आने से गिरी है। हालांकि पुलिस एक्सीडेंट में चोट आने की भी जांच कर रही है, लेकिन बुजुर्ग को शरीर में कहीं भी चोट नहीं होने से एक्सीडेंट होने की बात पुलिस के गले नहीं उतर रही है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस के अनुसार कलावती गोयल पति किशोर गोयल (65) गांव चांदपुर मीना चौराहा पर रहती हैं। शुक्रवार सुबह वह घर से निकली थी। इसके बाद घर नहीं लौटी।

स्वास्थ्य और दीर्घायु रहने की कामना की

सांसद अनुराग सिंह को पटवा ने दी जन्मदिन की शुभकामनाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज



शनिवार को विधायक सुरेंद्र पटवा ने पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सांसद अनुराग सिंह ठाकुर को जन्मदिन की शुभकामनाएं दी। पटवा ने कहा कि प्रभु श्रीराम की कृपा से अनुराग सिंह का जीवन उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु एवं जनसेवा के नवीन संकल्पों से परिपूर्ण रहे।



शर्मा मित्र मंडल ने दी बधाई

जय प्रकाश शर्मा मित्र मंडल ने पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सांसद अनुराग ठाकुर को जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर उनके उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष पद के चुनाव को लेकर राजनीति तेज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

नगर में हिंदू उत्सव समिति के चुनाव को लेकर राजनीति तेज चर्चा है कि शरद पूर्णिमा पर हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष का चुनाव हो सकता है। शनिवार को फोन पर चर्चाओं का सिलसिला जारी रहा।



हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष की दौड़ में दीपू परमार, बागीश अग्रवाल, कैलाश डब्बू नागर, अनिल प्रजापति, जीतू नेमा, सुधा वेद चौरसिया, सोनू अग्रवाल, अशोक जायसवाल, बल्लू अरोड़ा, संतोष गुप्ता के नाम शामिल है। हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष पद की दौड़ में चर्चा में आए सुधा वेद चौरसिया ने कहा कि हिंदू उत्सव समिति का चुनाव बंद कमरे में न हो। सभी को चुनाव की विधिवत सूचना होनी चाहिए। ज्ञातत्व हो कि सुधा वेद चौरसिया हिंदू उत्सव समिति के मानस कल्याण समिति एवं रामलीला के संस्थापक डॉ. रमाशंकर चौरसिया की पुत्रवधू है। सुधा वेज चौरसिया ने कहा कि समाज हित, नगर हित में काम के करने के लिए मैं हिउस का चुनाव लड़ रही हूं।

संवेदनशील क्षेत्रों में पुलिस गश्त बढ़ाने की मांग, एएसपी को सौंपा

हुजूर विधानसभा में नशा, सट्टेबाजी रोकने एवं महिला सुरक्षा को लेकर कांग्रेस ने दिया धरना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर

हुजूर विधानसभा क्षेत्र में अवैध शराब, नशीले पदार्थों और सट्टेबाजी के कारोबार पर रोक लगाने तथा कानून-व्यवस्था में सुधार की मांग को लेकर पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी राजेंद्र मण्डलोई के नेतृत्व में कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने एसीपी के नाम ज्ञापन सौंपा।

इस दौरान बैरागढ़ में 13 वर्षीय नाबालिग बच्ची के साथ दुष्कर्म एवं हत्या की घटना का उल्लेख करते हुए महिलाओं और बच्चियों की सुरक्षा सुनिश्चित की मांग की गई। कांग्रेस नेताओं ने अवैध नशे और सट्टेबाजी पर प्रभावी कार्रवाई, संवेदनशील क्षेत्रों में पुलिस गश्त बढ़ाने तथा इन अवैध गतिविधियों को संरक्षण देने वालों की निष्पक्ष जांच की मांग उठाई।



महिलाओं की सुरक्षा प्रशासन की जिम्मेदारी

राजेंद्र मण्डलोई ने कहा कि युवाओं को नशे और सट्टेबाजी से बचाना तथा महिलाओं एवं बच्चियों की सुरक्षा सुनिश्चित करना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। इन गंभीर विषयों पर पुलिस प्रशासन को ठोस और प्रभावी कदम उठाने चाहिए। कार्यक्रम में प्रदेश कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष अवनीश भार्गव, भोपाल शहर कांग्रेस अध्यक्ष प्रवीण सक्सेना, भोपाल ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष अनोखी मानसिंह पटेल आदि मौजूद रहे।

ऐलक श्री दयासागर महाराज ने दिए प्रवचन

200 पद यात्री शांति का संदेश लेकर औबेदुल्लागंज आए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज



शनिवार को औबेदुल्लागंज में नागपुर से 200 पद यात्री शांति का संदेश लेकर औबेदुल्लागंज आए। यह लोग आचार्यश्री विद्यासागर महाराज के अवतरण दिवस पर आचार्यश्री समय सागर महाराज के सानिध्य में भक्ति करेंगे।

नगर में जैन समाज ने 16 दिवसीय शांति विधान का आयोजन पूज्य ऐलक श्री दया सागर महाराज के सान्निध्य में किया जा रहा है। शनिवार को चौदहवें दिन सौधर्म इंद्र बनने का सौभाग्य संगीता- जितेन्द्र निवासी इटारसी परिवार एवं चंदा- नेमिचंद जैन निवासी बैरागढ़ को प्राप्त हुआ। विधान आचार्य पंडित प्रकाश जैन भोपाल ने संगीत के साथ पूजन करवाई। सुबह भगवान की शांति धारा का सौभाग्य दोनों परिवारों को मिला। आयोजन में ऐलक श्री दयासागर महाराज ने कहा कि इस पक्ष में शांति विधान करने से कर्मों की निर्जरा होती है। पंडित प्रकाश जैन ने बताया कि शांति विधान से विघ्न दूर होते हैं।

पुलिस और फायर ब्रिगेड ने करीब 20 मिनट में आग पर काबू

भानपुर ब्रिज पर थिंक गैस पाइपलाइन में लगी आग टेलीकॉम केबल जली, इंटरनेट, मोबाइल सेवा प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी के भानपुर ब्रिज पर गैस पाइपलाइन में लगी आग ने कुछ देर के लिए अफरा-तफरी मचा दी। पाइपलाइन से उठती ऊंची लपटों ने पास से गुजर रही टेलीकॉम केबल को भी चपेट में ले लिया। इससे क्षेत्र में इंटरनेट और मोबाइल सेवाएं प्रभावित होने की सूचना मिली।

गनीमत रही कि पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम ने मौके पर पहुंचकर करीब 20 मिनट में आग पर काबू पा लिया। हालांकि, पाइपलाइन में आग लगने की वजह अब तक स्पष्ट नहीं हो सकी है।

आग लगने के कारणों का खुलासा नहीं, टीम पाइपलाइन की मरम्मत में जुटी



गैस पाइपलाइन में लगी आग।

स्थानीय लोग बोले- पाइपलाइन थिंक गैस कंपनी की

स्थानीय लोगों के मुताबिक, पाइपलाइन थिंक गैस कंपनी की है। आग की चपेट में आने से उसके पास से गुजर रही टेलीकॉम केबल भी जल गई। इससे संचार सेवाओं पर असर पड़ा। घटना ने सुरक्षा को लेकर सवाल खड़े कर दिए हैं।

ट्रैफिक होने के कारण आग बुझाने में देरी हुई

सूचना मिलने पर पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीमें मौके पर पहुंचीं। गैस आपूर्ति बंद कराने की कार्रवाई की गई और करीब 20 मिनट की मशक्कत के बाद आग बुझा दी गई। हालांकि, आग किस वजह से लगी, इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। तकनीकी टीम नुकसान का आकलन और मरम्मत की कार्रवाई कर रही है। फायर ब्रिगेड अधिकारी सौरफ पटेल ने कहा कि गैस लिक होने से आग लगी थी। हांलाकि पुष्टि होना बाकी है। ट्रैफिक होने की वजह से आग बुझाने में देरी हुई।

भोपाल जिला न्यायालय का फैसला

नेशनल हेराल्ड मामले में भोविप्रा का प्रकरण खारिज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

एमपी नगर इंदिरा प्रेस कॉम्प्लेक्स में भोपाल विकास प्राधिकरण द्वारा नेशनल हेराल्ड के स्वामित्व व संचालन करने वाले एसोसिएटेड प्रेस जर्नल्स लिमिटेड को लीज पर आवंटित की गई भूमि से बेदखल जाने को लेकर प्रस्तुत किए गए व्यवहार वाद को भोपाल जिला न्यायालय की 68वीं व्यवहार न्यायाधीश शीला मैना यादव ने शनिवार को निरस्त कर दिया है।

नेशनल हेराल्ड की प्रकाशन कंपनी एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड को एमपी नगर स्थित इंदिरा प्रेस कांप्लेक्स में वर्ष 1981 में भोपाल विकास प्राधिकरण द्वारा 1.14 एकड़ जमीन 30 वर्ष की अवधि के लिए लीज पर आवंटित की गई थी। एसोसिएट जर्नल्स लिमिटेड ने जमीन मिलने के बाद मशीनरी स्थापित करके नेशनल हेराल्ड का प्रकाशन शुरू किया था। कुछ वर्षों के वर्ष 1992 में पश्चात प्रबंधन ने वित्तीय संकट और देनदारियों का हवाला देते हुए प्रकाशन बंद करने के बाद कार्यरत कर्मचारियों के वेतन भत्तों का भुगतान भी पूरा नहीं किया गया। यहां के कर्मचारियों द्वारा इस संबंध में मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय की जबलपुर मुख्य पीठ में याचिकाएं प्रस्तुत की गईं थीं।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने किया 2 दिवसीय चतुर्थ राष्ट्रीय एचआर-सीएसआर कॉन्फ्रेंस अभ्युदय : 2026 का शुभारंभ

भगवान श्रीकृष्ण के जीवन पर शोध और मीमांसा करने वाले शोधार्थियों और संस्थाओं का करेंगे पूरा सहयोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

हमारे समाज के लिए एक आदर्श है भगवान श्री कृष्ण का पूरा जीवन

लोकतांत्रिक परम्पराओं के महान नायक थे भगवान श्रीकृष्ण

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि जहां गीता समाप्त होती है, वहीं से जीवन का अभ्युदय प्रारंभ होता है। हमारे समाज के लिए एक आदर्श है भगवान श्री कृष्ण का पूरा जीवन। हम सब उनके जीवन से प्रतिदिन कुछ न कुछ सीखते ही हैं।

उन्होंने अपना सारा जीवन चुनौतियों के बीच व्यतीत किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण तत्कालीन लोकतांत्रिक परम्पराओं के सच्चे और महान नायक थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शनिवार को कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में फोर्थ नेशनल कांफ्रेंस फॉर एचआर-सीएसआर 'अभ्युदय' को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने इस 2 दिवसीय नेशनल कॉन्फ्रेंस का शुभारंभ किया। यह कॉन्फ्रेंस 25 अक्टूबर को भी जारी रहेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव को इंडोनेशिया से आए पद्मश्री डॉ. अगुष इंद्र उद्याना ने एक पारम्परिक घंटी भेंट की। मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्होंने जीवन की हर परिस्थिति में अपना मानव धर्म और राजधर्म निभाया।



नशे के खिलाफ भी चलाया जा रहा है अभियान

एचआर-सीएसआर कॉन्फ्रेंस अभ्युदय-2026 का दीप प्रज्ज्वलित करते सीएम।

एशियन गेम्स में मध्यप्रदेश के खिलाड़ियों ने 11 मेडल जीते

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हाल के एशियन गेम्स में मप्र के खिलाड़ियों ने 11 मेडल जीते, इनमें से 5 स्वर्ण पदक हैं। प्रदेश में शासकीय स्तर पर 18 अकादमी संचालित हैं। मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रदेश सरकार ने तीन स्किल यूनिवर्सिटी स्थापित करने की घोषणा की है। मुख्यमंत्री ने उद्योग समूहों के प्रतिनिधियों से परस्पर संवाद में कहा कि एक ग्लोबल स्किल पार्क भी भोपाल में है। मप्र सबसे तेजी से औद्योगिक निवेश आकर्षित करने वाला राज्य है। हम युवाओं के कौशल विकास को लेकर भी प्रतिबद्ध है। चर्चा में टाटा समूह के प्रतिनिधि ने कौशल विकास को लेकर मध्यप्रदेश में विस्तार करने की मंशा जाहिर की।

नशे के खिलाफ भी चलाया जा रहा है अभियान

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि राज्य में नक्सलवाद बड़ी समस्या थी। मप्र ने ही सबसे पहले लाल सलाम को आखिरी सलाम किया। प्रदेश में नशे के खिलाफ भी अभियान चलाया जा रहा है। राज्य में नई शिक्षा नीति लागू कर योग को बढ़ावा दिया जा रहा है। इससे नशा मुक्ति में भी सहयोग मिलेगा। प्रदेश में आयुष महाविद्यालयों की संख्या तेजी से बढ़ाई जा रही है। योग और वेलनेस के प्रोत्साहन को लेकर हम बड़े प्रयास कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने इस महत्वपूर्ण राष्ट्रीय आयोजन के लिए यूनाइटेड काउंसिल फॉर एंशिएंट विजडम-यूनाइटेड कॉन्शसनेस, श्रीकृष्ण पाथेय न्यास, संस्कृति विभाग तथा सहयोगी संस्था यूनाइटेड ग्लोबल पीस फाउंडेशन को बधाई दी।

प्रदेश में विरासत को संरक्षित करने वाली सरकार है

अपर मुख्य सचिव संस्कृति और श्रीकृष्ण पाथेय न्यास के न्यासी सचिव शिवशेखर शुक्ला ने कहा कि प्रदेश में विरासत को संरक्षित करने वाली सरकार है। मुख्यमंत्री आगे बढ़कर इस मुहिम का नेतृत्व कर रहे हैं। वहीं, ओंकारेश्वर में नर्मदा के किनारे आचार्य शंकर को ज्ञान प्राप्त हुआ और उन्होंने देशभर की यात्रा कर सनातन धर्म का प्रचार प्रसार किया। इन सभी से संबंधित स्थलों को संरक्षित करते हुए सरकार आगे बढ़ रही है। ओंकारेश्वर में एकात्म धाम की स्थापना की गई है। इससे भविष्य में धार्मिक और ऐतिहासिक पर्यटन के अवसर भी विकसित होंगे।

मप्र को अभ्युदय का मंत्र दिया है

नेशनल कॉन्फ्रेंस के संयोजक डॉ. विक्रांत सिंह तोमर ने कहा कि मुख्यमंत्री ने मप्र को अभ्युदय का मंत्र दिया है। यह शब्द पवित्र गीता से निकला है। उन्होंने कहा कि जब जीवन में शांति आती है, तब यही शांति आत्मिक समृद्धि भी लाती है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश अपनी धार्मिक, सांस्कृतिक, भारतीय ज्ञान परंपरा और विरासत का संरक्षण करते हुए आगे बढ़ रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव प्रदेश के औद्योगिक विकास के लिए संकल्पित हैं। वे मप्र को विकसित और आत्मनिर्भर बनना चाहते हैं। उन्होंने इस दो दिवसीय कॉन्फ्रेंस की रूपरेखा पर विस्तार से प्रकाश डाला।

खबर संक्षेप

सीएम आज शहडोल में करेंगे तेंदूपत्ता संग्राहकों को बोनस का वितरण

भोपाल। सीएम आज शहडोल से जिला शहडोल, अनूपपुर, उमरिया, रीवा, सीधी और सतना जिले के तेंदूपत्ता संग्रहण वर्ष 2024 के 9 लाख 77 हजार 696 पात्र तेंदूपत्ता संग्राहकों को 22 करोड़ 89 लाख 9 हजार 461 बोनस राशि का वितरण करेंगे। कार्यक्रम में 15 हजार से अधिक तेंदूपत्ता संग्राहक शामिल होंगे। सीएम 461.73 करोड़ के 134 विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमि-पूजन करेंगे। इनमें 379 करोड़ 45 लाख रुपये के 89 विकास कार्यों का भूमि-पूजन और 82 करोड़ 28 लाख रुपये के 45 विकास कार्यों का लोकार्पण होगा।

भाजपा प्रदेश कार्यालय में 26 को सोशल मीडिया कार्यशाला

भोपाल। सीएम, खण्डेलवाल, चंद्रशेखर, सोशल मीडिया के राष्ट्रीय संयोजक दीपक म्हस्के एवं सह संयोजक शिवानंद द्विवेदी 26 अक्टूबर को भाजपा प्रदेश कार्यालय में सोशल मीडिया विभाग की कार्यशाला को संबोधित करेंगे। भाजपा के सोशल मीडिया प्रदेश संयोजक सुयश त्यागी ने बताया कि कार्यशाला में सोशल मीडिया विभाग के प्रदेश पदाधिकारी, संभाग प्रभारी, सह प्रभारी, जिला संयोजकों एवं सह संयोजकों के साथ कार्यकर्ता शामिल होंगे।

260 गांवों की भूमि सिंचित होगी और 72 हजार किसान होंगे लाभान्वित

नर्मदा-झाबुआ-पेटलावद-थांदला-सरदारपुर माइक्रो उद्वहन सिंचाई परियोजना आरंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री ने 188 करोड़ के विभिन्न विकास कार्यों का किया लोकार्पण और भूमिपूजन

सीएम ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की 317.86 करोड़ राशि अंतरित की

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि पूरे देश में सिंचाई का क्षेत्र निरंतर बढ़ रहा है। सरदार सरोवर बांध के बाद अलग-अलग परियोजनाओं के माध्यम से धार-झाबुआ क्षेत्र को पर्याप्त जल उपलब्ध हो रहा है। किसानों को 2387 करोड़ रुपए से अधिक लागत की नर्मदा-झाबुआ-पेटलावद-थांदला-सरदारपुर माइक्रो उद्वहन सिंचाई परियोजना की सौगात मिली है। पिछले ढाई साल में हमारी सरकार ने सिंचाई का रकबा 60 लाख हैक्टेयर तक पहुंचाया है। प्रदेश में सिंचाई का रकबा 100 लाख हैक्टेयर करने का लक्ष्य रखा है।

सूखे खेतों को जब पानी मिलता है तो किसानों की फसल सोने जैसे चमकने लगती है। राज्य सरकार कृषि, उद्योग सहित प्रत्येक सेक्टर में काम कर रही है। प्रदेश के किसानों की समृद्धि ही हमारा ध्येय है। किसान कल्याण वर्ष में किसानों के हित में अनेक कार्य हुए हैं। आज प्रदेश के 16 लाख 70 हजार किसानों को दीवाली त्यौहार से पहले 317.86 करोड़ की राशि भेजकर सौगात दी गई है।



नर्मदा-झाबुआ-पेटलावद-थांदला-सरदारपुर माइक्रो उद्वहन परियोजना का सीएम ने किया लोकार्पण।

लगभग 6 लाख कपास उत्पादक किसानों को लाभ

सीएम ने कहा कि प्रदेश में सड़क, रेल और हवाई सुविधाएं तेजी से बढ़ रही हैं। अब धार को भी रेलवे लाइन की सौगात मिल चुकी है। इस परियोजना से निमाड़-मालवा क्षेत्र के लगभग 6 लाख कपास उत्पादक किसानों को लाभ मिलेगा। अब एक ही स्थान पर कपास से धागा, धागे से कपड़ा और कपड़े से रेडीमेड गारमेंट्स तैयार किए जाएंगे। यहां के धागे से निर्मित वस्त्रों का निर्यात भी होगा। 3 लाख लोगों को पीएम मित्र पार्क से रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे।

योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी आई है और भ्रष्टाचार पर अंकुश लगा

केंद्रीय महिला बाल-विकास राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर ने कहा कि मुख्यमंत्री के प्रयासों से प्रदेश में औद्योगिक निवेश तेज गति से आ रहा है। धार जिले में इस साल वर्षा कम हुई है, ऐसी परिस्थिति में माइक्रो उद्वहन सिंचाई परियोजना महत्वपूर्ण सिद्ध होगी। प्रधानमंत्री ने गरीबों के जन धन बैंक खाते खुलवाए।

तत्कालीन सरकार ने असंभव करार दे दिया था

नगरीय विकास एवं आवास मंत्री एवं धार जिले के प्रभारी कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि मुख्यमंत्री ने प्रदेश की 100 लाख हैक्टेयर भूमि को सिंचित करने का संकल्प लिया है। आज माइक्रो उद्वहन सिंचाई परियोजना के माध्यम से क्षेत्र के 72 हजार किसान लाभान्वित हुए हैं। इस परियोजना को तत्कालीन सरकार ने असंभव करार दे दिया था। प्रधानमंत्री मोदी ने देश के गरीब-जरूरतमंदों को निःशुल्क राशन उपलब्ध करवा रही है। महिला एवं बाल विकास मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया ने कहा कि धार, झाबुआ, पेटलावद, थांदला, सरदारपुर को माइक्रो उद्वहन सिंचाई परियोजना के लोकार्पण से सिंचाई के लिए माँ नर्मदा का जल मिलेगा।

दूध उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए नई योजना की शुरुआत

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि किसानों और लाड़ली बहनों को राशि लगातार मिलती रहेगी। किसान कल्याण वर्ष में किसानों को लगातार सौगात मिल रही है। प्रदेश में दूध उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए नई योजना की शुरुआत की गई है। किसान को 25 गाय-भैंस खरीदकर डेयरी शुरू करने पर 10 लाख रुपए का अनुदान सरकार देगी। दूध उत्पादन बढ़ने के किसानों के जीवन में सुख-समृद्धि आएगी।

भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री ने उमरिया में जिला बैठक को किया संबोधित

कांग्रेस पार्टी की अराजक राजनीति को जनता के सामने करें उजागरः चंद्रशेखर

आंदोलनों की आड़ में देश में अराजकता की स्थिति कर रहे उत्पन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल



भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश संगठन महामंत्री चंद्रशेखर ने शनिवार को उमरिया जिला कार्यालय में जिला बैठक को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने अपने कार्यों और तौर-तरीकों से देश को नुकसान पहुंचाया है। कांग्रेस की अराजक राजनीति को पार्टी कार्यकर्ता जनता के सामने उजागर करें।

पार्टी कार्यकर्ता संगठन को मजबूत बनाने के साथ जन-जन तक विचारधारा को पहुंचाने का कार्य करें। अब आंदोलनों की आड़ में देश में अराजकता की स्थिति पैदा करने का प्रयास कर रही है। लोकतंत्र बचाने के नाम पर संवैधानिक संस्थाओं पर सवाल उठाना विपक्ष की राजनीति का हिस्सा बन गया है। भाजपा 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' अभियान के माध्यम से कांग्रेस की नीतियों और अराजक राजनीति को जनता के सामने उजागर करेगी। बैठक को प्रदेश शासन के मंत्री नागर सिंह चौहान एवं संभाग प्रभारी गौरव सिरोठिया ने भी संबोधित किया।

देश और समाज के हित में कार्य करना भाजपा का लक्ष्य

भाजपा के प्रदेश संगठन महामंत्री चंद्रशेखर ने कहा कि कांग्रेस ने प्रारंभ से जिस राजनीतिक मॉडल पर कार्य किया, उससे देश को बड़ा नुकसान उठाना पड़ा है। कांग्रेस की नीतियों ने समाज में विभिन्न प्रकार के भेदभाव को बढ़ावा दिया, जबकि भाजपा ने आंदोलनों और जनजागरण के माध्यम से बेहतर व्यवस्था स्थापित करने का प्रयास किया। चुनावी पराजय के बाद कांग्रेस ईवीएम पर सवाल उठाती है और लोकतंत्र बचाने के नाम पर संवैधानिक संस्थाओं की विश्वसनीयता पर प्रहार करती है। कार्यकर्ताओं को जनता के बीच जाकर इन विषयों पर तथ्यपरक संवाद करना है।

केन-बेतवा लिंक परियोजना से प्रभावित लोगों के बीच पहुंचे सिंघार

विस नेता प्रतिपक्ष के हाथों से नारियल पानी पीकर अमित भटनागर ने तोड़ा अपना अनशन

विशेष प्रतिनिधि ⏭ भोपाल

विस नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार पन्ना में केन-बेतवा लिंक परियोजना से प्रभावित आंदोलनकारियों से मिलने पहुंचे और उनकी समस्याओं को सुना और आंदोलनकारियों को पूर्ण समर्थन का भरोसा दिया। सिंघार के आग्रह पर 27 दिनों से आमरण अनशन कर रहे अमित भटनागर ने नारियल पानी पीकर अनशन समाप्त किया। इसके बाद नेता प्रतिपक्ष ने प्रभावितों द्वारा निकाली गई 'संविधान बचाओ, लोकतंत्र बचाओ' यात्रा में शामिल होकर कलेक्ट्रेट में ज्ञापन भी सौंपा। उन्होंने प्रभावित परिवारों की आवाज बुलंद करते हुए उनके अधिकार, न्याय, सम्मान और उचित मुआवजे की लड़ाई में कांग्रेस पार्टी के पूरी मजबूती से साथ खड़े रहने का भरोसा दिलाया।

कहा- प्रभावित आदिवासी, किसानों के साथ अन्याय बर्दाश्त नहीं, लड़ाई जारी रहेगी



भटनागर को नारियल पानी पिलाते सिंघार।

कांग्रेस अभी जिंदा है...

सिंघार ने कहा कि आदिवासी, दलित और किसानों को अनाथ समझने वाली सरकार यह याद रखे कि कांग्रेस अभी जिंदा है। प्रभावित परिवारों के अधिकारों और न्याय के लिए कांग्रेस सड़क से लेकर सदन तक संघर्ष करती रहेगी। उन्होंने कहा कि विकास के नाम पर किसी भी परिवार के साथ अन्याय नहीं होना चाहिए और विस्थापितों को उनके अधिकारों से वंचित करना कतई स्वीकार्य नहीं है। उल्लेखनीय है कि केन-बेतवा लिंक परियोजना से प्रभावित आदिवासी किसानों और ग्रामीणों द्वारा अमित भटनागर के नेतृत्व में मुआवजे एवं पुनर्वास सहित अन्य मांगों को लेकर 42 दिनों से चिता आंदोलन किया जा रहा है।

विस अध्यक्ष तोमर करेंगे उद्घाटन

ई-विधानसभा, विधायकों का 28 अक्टूबर से प्रशिक्षण सत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मप्र विधानसभा में 'एक राष्ट्र, एक एप्लीकेशन' की अवधारणा के तहत नेशनल ई-विधान एप्लिकेशन में दक्ष बनाने के लिए विधायकों का तीन दिवसीय विशेष प्रशिक्षण का आयोजन किया जा रहा है। इस महत्वपूर्ण तकनीकी और डिजिटल परिवर्तन के लिए प्रशिक्षण का उद्घाटन 28 अक्टूबर को मप्र विधानसभा के अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर करेंगे। उद्घाटन समारोह दोपहर 12 बजे विधान परिषद सभागार मप्र विधानसभा में होगा। सभी विधायकों को पांच बैच में विभाजित कर प्रशिक्षण की रूपरेखा तैयार की गई है। बैच में 50 विधायकों को शामिल किया गया है।



पुराने प्रश्न, कार्यवाही भी होगी ऑनलाइन उपलब्ध

सदन की कार्यसूची, प्रश्नों के उत्तर, विधेयकों और विधायी जानकारी डिजिटल रूप में उपलब्ध होंगी। पुराने प्रश्न और कार्यवाही भी ऑनलाइन उपलब्ध होगी। इस डिजिटल बदलाव से न केवल कागजी कामकाज में कमी आएगी, बल्कि विधानसभा की विधायी प्रक्रियाएं अधिक पारदर्शी, तीव्र और सुलभ हो सकेंगी।

मांगों के समर्थन में आदिवासी कांग्रेस ने दिया संघर्ष का भरोसा

मझगाय डैम प्रभावित आदिवासी-किसान परिवारों से मिले आदिवासी कांग्रेस अध्यक्ष

विशेष प्रतिनिधि ⏭ भोपाल

केन-बेतवा लिंक परियोजना के अंतर्गत मझगाय डेम निर्माण से प्रभावित परिवारों के अधिकारों, मुआवजे एवं पुनर्वास की मांग को लेकर जारी चिता आंदोलन के 42वें दिन मध्यप्रदेश आदिवासी कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष रामू टेकाम आंदोलन स्थल पर पहुंचे। उन्होंने आंदोलनरत पीड़ित आदिवासी एवं किसान परिवारों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना और उनके दुःख-दर्द को साझा किया।

टेकाम ने सरकार और प्रशासन से मांग की कि चिता आंदोलन से जुड़े मुद्दों पर तत्काल संवाद स्थापित कर प्रभावित परिवारों की जायज मांगों का समयबद्ध निराकरण किया जाए तथा मुआवजे और पुनर्वास से संबंधित शिकायतों की निष्पक्ष जांच कर उचित कार्रवाई की जाए।



आदिवासी-किसान परिवारों से मिले आदिवासी कांग्रेस अध्यक्ष।

आंदोलनकारी भटनागर को किया सलाम

उन्होंने कहा कि पुलिस प्रशासन ने आंदोलन कर रही बहन दिव्या अहिरवार पर भारतीय न्याय संहिता की धारा 307 के तहत कथित फर्जी एफआईआर दर्ज कर उन्हें जेल भेजा है, जो अमानवीय और शर्मनाक है। उन्होंने आंदोलनकारी अमित भटनागर के संघर्ष को भी सलाम किया। टेकाम ने दोहराया कि आदिवासी कांग्रेस पीड़ित परिवारों के अधिकार, सम्मान और न्याय की लड़ाई में उनके साथ खड़ी रहेगी।

मध्यप्रदेश कर्मचारी मंच की मांग

नर्मदा प्राधिकरण में अनुकंपा नियुक्ति के लिए सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मप्र कर्मचारी मंच के प्रतिनिधिमंडल ने नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण में अनुकंपा नियुक्ति प्रकरणों का निराकरण करने की मांग को लेकर मप्र कर्मचारी कल्याण समिति के अध्यक्ष रमेश चंद्र शर्मा को को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण में अनुकंपा नियुक्ति प्रक्रिया शुरू करने की मांग की। प्रतिनिधिमंडल की मांग पर रमेशचंद्र शर्मा ने तत्काल नर्मदा घाटी विकास विभाग प्रमुख सचिव ई रमेश कुमार आईएएस को पत्र लिखकर अनुरोध किया है कि नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण में लंबित अनुकंपा नियुक्ति प्रकरणों का निराकरण किया जाए। मंच के प्रदेशाध्यक्ष अशोक पांडे ने बताया कि पिछले चार साल से नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण में अनुकंपा नियुक्ति के प्रकरणों के निराकरण करने पर रोक लगी हुई है।



महंगाई भत्ते को लेकर संयुक्त मोर्चे का प्रदर्शन चार नवंबर को

भोपाल। मध्य प्रदेश अधिकारी कर्मचारी एवं पेंशनर्स संयुक्त मोर्चा द्वारा राज्य के अधिकारियों कर्मचारी एवं पेंशनरों को शासन द्वारा जनवरी 2026 से देय दो प्रतिशत महंगाई भत्ते का भुगतान नहीं किए जाने के विरोध में चार नवंबर को सतपुड़ा भवन प्रदर्शन किया जाएगा। संयुक्त मोर्चा के संयोजक महेंद्र शर्मा ने बताया कि कर्मचारियों की मांगों की लगातार अनदेखी की जा रही है।

संगठनों के प्रतिनिधियों से मांगों के संबंध में चर्चा नहीं की जा रही है, तथा 10 माह का समय व्यतीत होने के बाद भी प्रदेश के अधिकारियों कर्मचारियों एवं पेंशनरों को दो प्रतिशत महंगाई भत्ता भुगतान नहीं किया। मोर्चा की मांग है कि दीपावली के पूर्व दो प्रतिशत महंगाई भत्ते का भुगतान करें अन्यथा संयुक्त मोर्चे में सभीसंगठनों द्वारा आंदोलन किया जाएगा।

जहरीली शराब से 22 मौतों पर सरकार से मांगा जवाब

जिम्मेदारों पर कार्रवाई और पीड़ितों के लिए न्याय की मांग

अब देवास जिले में जहरीली शराब से बरपा कहर, जीतू पटवारी और अरुण यादव ने की पीड़ितों से मुलाकात

विशेष प्रतिनिधि ⏭ भोपाल

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी एवं पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अरुण यादव ने देवास जिले के ग्राम चंदाना पहुंचकर जहरीली शराब की घटना में अपनों को खो चुके परिवारों से मुलाकात की और उनके दुख-दर्द को करीब से जाना।

पटवारी ने कहा कि देवास जिले में जहरीली शराब से अब तक 22 लोगों की मौत होने की जानकारी सामने आई है। यह बेहद गंभीर मामला है। सरकार और जिला प्रशासन को मौतों की वास्तविक संख्या सार्वजनिक करनी चाहिए और पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराकर दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई सुनिश्चित करनी चाहिए। इस दौरान प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष मनोज राजानी, ग्रामीण जिला कांग्रेस अध्यक्ष मनीष चौधरी, शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रयास गौतम सहित अन्य कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

सरकार को मौतों की वास्तविक संख्या सार्वजनिक करनी चाहिए



पीड़ित परिवार से मिले पटवारी और यादव।

आर्थिक सहायता मिलना चाहिए

पटवारी ने कहा कि जिन परिवारों ने अपने प्रियजनों को खोया है, उन्हें न्याय और उचित आर्थिक सहायता मिलनी चाहिए। जहरीली शराब के पूरे नेटवर्क का पर्दाफाश हो, दोषियों पर सख्त कार्रवाई हो और लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाए। पटवारी ने कहा कि कांग्रेस पीड़ित परिवारों की आवाज को दबने नहीं देगी। यह केवल कुछ परिवारों का दुख नहीं, बल्कि नागरिकों की सुरक्षा और सरकार की जवाबदेही का सवाल है। जहरीली शराब से हुई मौतों का सच सामने लाना, दोषियों को सजा दिलाना और पीड़ित परिवारों को न्याय दिलाना जरूरी है। कांग्रेस की यह लड़ाई सड़क से सदन तक जारी रहेगी।

पेज एक का शेष....

पहली बार चुरहट...

और बुंदेलखंड के लिए रेलवे की नई सौगात का ये दिन है। यह रेल परियोजना मप्र को विकास के नए दौर में ले जाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। लगभग 541 किमी की परियोजना से इस क्षेत्र में रेल नेटवर्क का विस्तार होगा। उन्होंने कहा कि लंबे समय से रेल कनेक्टिविटी की जरूरत महसूस कर रहे क्षेत्रों को लाभ मिलेगा।

मप्र में लंबी और छोटी दूरी की 100 से अधिक रेल सेवाएं शुरू होंगी: वैष्णव ने बताया कि मप्र में करीब 1.50 लाख करोड़ रुपए के रेलवे प्रोजेक्ट पर काम चल रहा है। खजुराहो, ग्वालियर सहित अनेक स्टेशनों पर विकास कार्य जारी हैं। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में मप्र में लंबी और छोटी दूरी की 100 से अधिक रेल सेवाएं शुरू करने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। आने वाले वर्षों में कई मेमू रेल गाड़ियां मप्र में प्रारंभ की जाएंगी। उन्होंने कहा कि विश्व धरोहर खजुराहो में भव्य रेलवे स्टेशन बन रहा है। ग्वालियर स्टेशन की भव्यता ऐसी होगी कि कई एयरपोर्ट इससे पीछे नजर आएंगे।

विंध्य और बुंदेलखंड ...

सुविधा का लाभ मिलेगा। बेहतर रेल कनेक्टिविटी से विंध्य और बुंदेलखंड में औद्योगिक गतिविधियों को प्रोत्साहन मिलेगा और क्षेत्र में नए औद्योगिक कॉरिडोर के विकास की संभावनाएं बढ़ेंगी।

बाल आयोग ने...

किसी व्यक्ति द्वारा अगर गलत करने की जानकारी प्राप्त होगी तो उसका काला मुंह करके उसे गधे पर बिठाएंगे। शुक्रवार को मप्र बाल अधिकार संरक्षण आयोग की अध्यक्ष डॉ. निवेदिता ने सीडब्ल्यूसी टीम के साथ औचक निरीक्षण किया था। मौके पर 4 से 14 साल के 8 बच्चियां और 18 बच्चे मिले थे। जांच में सामने आया कि रजिस्टर्ड 15 बच्चियों में से मौके पर सिर्फ 8 ही मौजूद थीं, जबकि कुछ को पिछले रास्ते से भगा दिया गया था। इस दौरान प्रबंधन न तो मान्यता के कागजात दिखा सका और न ही रजिस्ट्रेशन से जुड़े दस्तावेज पेश कर पाया। निरीक्षण के दौरान टीम को रसोई घर और टॉयलेट में भारी गंदगी मिली थी, जिनमें दरवाजे तक नहीं थे। 42 रजिस्टर्ड बच्चों को एक छोटे से हॉल में बिना पलंग के महज पतली चादर के सहारे सोने के लिए मजबूर किया जा रहा था। राष्ट्रीय सनातन सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष भगवती शुक्ला ने कहा कि ऐसे अवैध अड्डों पर मासूमों को भड़काऊ शिक्षा दी जा रही है।

चंदाना-बिंजाना मामले ...

के अनुविभागीय अधिकारी पुलिस (एसडीओपी) लेखराज मीणा, उज्जैन संभागीय उड़नदस्ता के उप आबकारी आयुक्त हर्षवर्धन राय और उज्जैन के लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग के क्षेत्रीय संचालक डॉ. दीपक कुमार पिप्पल को सदस्य बनाया गया है। जांच दल प्रकरण से संबंधित सभी पहलुओं की पड़ताल कर तथ्यों के आधार पर रिपोर्ट तैयार करेगा। इसमें प्रशासनिक, पुलिस, आबकारी और स्वास्थ्य विभाग से जुड़े पहलुओं की जांच की जाएगी। निर्धारित समय-सीमा में रिपोर्ट मिलने के बाद प्रकरण से संबंधित तथ्यों और परिस्थितियों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जा सकेगी।

यूपी कांग्रेस के ...

के चेयरपर्सन नियुक्त किए हैं। सचिन यादव ने कहा कि आगामी विधानसभा चुनावों के लिए उत्तर प्रदेश में कांग्रेस वॉर रूम के चेयरपर्सन की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपने के लिए वह पार्टी नेतृत्व के आभारी हैं। वॉर रूम के चेयरपर्सन की जिम्मेदारी चुनावी रणनीति, संगठनात्मक समन्वय और चुनाव से जुड़े कामों को व्यवस्थित करने में अहम मानी जाती है।

एफआईआर की ...

एफआईआर दर्ज करने की मांग को लेकर विधायक और कांग्रेस कार्यकर्ता थाने के मुख्य द्वार पर धरने पर बैठ गए। एसडीओपी आकांक्षा उपाध्याय के उचित जांच और कार्रवाई के आश्वासन पर 45 मिनट बाद धरना समाप्त हुआ। विधायक सोहन वाल्मीकि ने थाना प्रभारी खेलचंद पटले को लिखित शिकायत देकर भाजपा नेत्री ज्योति डेहरिया सहित 11 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग की। उन्होंने आरोप लगाया कि 20 अक्टूबर को पंकज स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम के दौरान आरोपियों ने गाली-गलौज की और आयोजन में व्यवधान पहुंचाया। विधायक ने कहा कि कार्यक्रम शासन की स्वीकृति और प्रशासनिक अनुमति से आयोजित किया गया था। भाजपा नेताओं के लिए अलग से बैठक व्यवस्था भी की गई थी।

जिंदा लोगों को ...

लिया था। आरोप है कि नाबालिग असिस्टेंट मैनेजर की आईडी का इस्तेमाल कर लोगों की एफडी तुड़वाता और रकम निकाल लेता था। इसके बाद वह पैसे तीसरे आरोपी, जो टैक्सी ड्राइवर है, उसके बैंक खाते में पूरी रकम ट्रांसफर कराता था। अभी यह स्पष्ट नहीं है कि इस धोखाधड़ी के कितने लोग शिकार हुए हैं। अब तक 6 अकाउंट होल्डर ने एफआईआर दर्ज कराई है। एसपी वीरेंद्र जैन ने बताया कि मोरखा बैंक शाखा के पास ऑनलाइन कियोस्क सेंटर चलाने वाला 15 वर्षीय नाबालिग इस पूरे खेल का मास्टरमाइंड था। आरोप है कि असिस्टेंट मैनेजर की आईडी का इस्तेमाल कर जनवरी 2026 से अब तक करीब 10 बार अकाउंट होल्डर्स के रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर बदले गए।

स्टाफ ने साजिश...

हॉस्टल अधीक्षक और स्टाफ के खिलाफ कार्रवाई का लिखित आश्वासन चाहते हैं। स्कूल के प्रिंसिपल प्रकाश कुमार ठाकुर ने छात्रों की शिकायतों को स्टाफ की साजिश बताया है। उन्होंने कहा, मेरी नियुक्ति 16 अक्टूबर 2025 को हुई थी। 4 फरवरी 2026 को वित्तीय अधिकार मिले। कार्यभार संभालते ही विद्यालय में कई गंभीर वित्तीय और प्रशासनिक गड़बड़ियां पकड़ीं। ये गड़बड़ियां पूर्व प्रभारी प्राचार्य सुमित कुमार ने चार सहकर्मियों के साथ मिलकर की थीं। इसकी जांच भी कराई गई है। हालांकि, प्रिंसिपल ने इन गड़बड़ियों और उनकी जांच से जुड़ी जानकारी का खुलासा करने से इनकार कर दिया।

पंचायत भवन का 'काम' अधूरा, पूरा पैसा निकला

सरपंच बोला- इंजीनियर के कहने पर किया पेमेंट, पंचायत सचिव को निलंबित करने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डिंडौरी

कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया ने गणेशपुर पंचायत भवन का निरीक्षण किया। काम अधूरा था, पर पंचायत ने पूरा पैसा निकाल लिया था। उन्होंने सरपंच को फटकार लगाई, तीन दिन में राशि जमा करने को कहा और सचिव भागवत प्रसाद को निलंबित करने का आदेश दिया। सरपंच अमर सिंह पट्टा ने ठेकेदार सुशील राय और इंजीनियर धर्मेंद्र यादव के दबाव में भुगतान करने की बात कही, क्योंकि इंजीनियर ने मूल्यांकन का आश्वासन दिया था। इंजीनियर धर्मेंद्र यादव ने आरोपों से इनकार किया। ठेकेदार सुशील राय ने भी ठेकेदारी से मना करते हुए भुगतान पाने वाले वेंडर से जानकारी लेने को कहा। विभागीय जानकारी के मुताबिक, भवन 33 लाख रुपए में बनना था (10 प्रतिशत फर्नीचर के लिए)। पंचायत ने निर्माण का पूरा पैसा दे दिया, जबकि इंजीनियर ने 19 लाख रुपए के काम का मूल्यांकन किया।



शहीद एक्सप्रेस की स्लीपर बोगी में आग



लखनऊ। बिजनौर जिले में नगीना रेलवे स्टेशन के पास शहीद एक्सप्रेस की स्लीपर बोगी से अचानक धुआं उठने और मामूली आग लगने से यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई। इस घटना में किसी यात्री के हताहत होने की सूचना नहीं है। अमृतसर से जयनगर जा रही शहीद एक्सप्रेस नगीना रेलवे स्टेशन के पास से गुजर रही थी।

पश्चिम मध्य रेल

संकेत एवं दूरसंचार विभाग
खुली निविदा

मंडल रेल प्रबंधक (संकेत एवं दूरसंचार) पश्चिम मध्य रेल्वे, जबलपुर भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्न लिखित कार्यों हेतु निर्धारित ई निविदा आमंत्रित करते है। **निविदा सूचना कमांक** : जबल–एन–सिग, टेण्डर–2026–40, **कार्य का नाम लोकेशन सहित** : पश्चिम मध्य रेलवे के जबलपुर मंडल के ईटी कटनी (ET-KTE) एवं कटनी बीना (KTE-BINA) खंड में पुराने हो चुके ईएलडी (ELD), बैटरियों एवं ट्रैक फीड चार्जर को बदलकर मौजूदा सिग्नलिंग उपकरणों की विश्वसनीयता में वृद्धि करना।, **निविदा का अनुमानित मूल्य (रु. में)** : रु 28013939.16, **निविदा फार्म की कीमत (रुपये)** : रु 0.00/–, **कार्यालय का पता** : मंडल रेल प्रबंधक (संकेत एवं दूरसंचार) कार्यालय, प्रथम तल, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, जबलपुर, **बयाना राशि रुपये** : रु. 560300/–, **समापन अवधि (माह)** : 11 माह, **निविदा बंद होने एवं खुलने की अंतिम तिथि एवं समय** : दिनांक 23.11.2026 को 15. 00 बजे तक बंद होगी एवं 15.00 बजे के बाद खोली जाएगी। निविदा सूचना की पूर्ण जानकारी रेलवे बेबसाइट "https://ireps.gov.in पर उपलब्ध है तथा मंडल रेल प्रबंधक (संकेत एवं दूरसंचार) कार्यालय पश्चिम मध्य रेल जबलपुर के नोटिस बोर्ड पर भी उपलब्ध है। उक्त निविदा उक्त बेबसाइट से ओनलाईन आवेदन की जा सकती है। (हस्ता.)

मंडल रेल प्रबंधक (संकेत एवं दूरसंचार
पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर

स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर

कार्यालय सम्पदा अधिकारी
मध्यप्रदेश गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल प्रक्षेत्र - 1, गोमतिका परिसर, जवाहर चौक, भोपाल

आम सूचना

हाऊसिंग बोर्ड, ई-7, अरेरा कॉलोनी, भोपाल (म.प्र.) में स्थित भवन क्रमांक एच.आई.जी.-504 मण्डल द्वारा श्री बाल कृष्ण गुप्ता आत्मज स्व. श्री के. एल. गुप्ता के नाम से आवंटित है। उक्त सम्पत्ति का विक्रय विलेख दिनांक 01/10/1976 को एवं लीज नवीनीकरण दिनांक 24/11/2017 को पंजीकृत किया गया है। श्री बाल कृष्ण गुप्ता का स्वर्गवास 17/04/2026 को हो गया है। आवंटी द्वारा अपने जीवनकाल में उक्त सम्पत्ति की वसीयतनामा अपनी पत्नी श्रीमती माया गुप्ता के पक्ष में दिनांक 24/05/2011 को पंजीकृत किया गया है।

आवेदक आवंटी की पत्नी श्रीमती माया गुप्ता पत्नी स्व. श्री बाल कृष्ण गुप्ता द्वारा आवेदन, शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, पंजीकृत वसीयतनामा की छायाप्रति एवं अन्य दस्तावेज प्रस्तुत कर उक्त सम्पत्ति अपने नाम से नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है, उक्त दस्तावेजों के आधार पर उक्त सम्पत्ति अपने नाम से नामांतरण की कार्यवाही की जा रही है।

उक्त सम्पत्ति के सम्बन्ध में किसी व्यक्ति / उत्तराधिकारी / संस्था / वित्तीय संस्था इत्यादि को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप में मय सबूत के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। समयावधि समाप्त होने के पश्चात् कोई आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

सम्पदा अधिकारी
म.प्र. गृह नि. एवं अधो. वि. म. प्रक्षेत्र-1. भोपाल

कार्यालय सम्पदा अधिकारी
मध्यप्रदेश गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल प्रक्षेत्र - 1, गोमतिका परिसर, जवाहर चौक, भोपाल

आम सूचना

हाऊसिंग बोर्ड, ई-6 अरेरा कालोनी, भोपाल (म.प्र.) में स्थित भूखण्ड क्रमांक- 44 मण्डल द्वारा श्रीमती शीला जी धर पत्नी स्व. श्री जवाहरलाल धर के नाम से आवंटित है। उक्त सम्पत्ति का विक्रय विलेख दिनांक 20/03/1974 को एवं लीज नवीनीकरण दिनांक 10/11/2015 को पंजीकृत किया गया है। श्रीमती शीला जी धर का स्वर्गवास 20/09/2026 को एवं उनके पति श्री जवाहरलाल धर का स्वर्गवास दिनांक 14/07/2007 को हो गया है। आवेदक आवंटी की 2 पुत्री (1) श्रीमती सुष्मिता शर्मा पत्नी श्री मुकुल शर्मा (2) श्रीमती संगीता कॉल पत्नी श्री संजय कॉल द्वारा आवेदन, शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र एवं अन्य दस्तावेज प्रस्तुत कर उक्त सम्पत्ति अपने नाम से नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है, उक्त दस्तावेजों के आधार पर उक्त सम्पत्ति अपने नाम से नामांतरण की कार्यवाही की जा रही है। उक्त सम्पत्ति के सम्बन्ध में किसी व्यक्ति / उत्तराधिकारी / संस्था / वित्तीय संस्था इत्यादि को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप में मय सबूत के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। समयावधि समाप्त होने के पश्चात् कोई आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

सम्पदा अधिकारी
म.प्र. गृह नि. एवं अधो. वि. म. प्रक्षेत्र-1. भोपाल

**कार्यालय नियंत्रक,
शासकीय मुद्रण तथा लेखन सामग्री, म.प्र., भोपाल.**

क्रमांकजी.बी. /चार/पेपर (15) 2026/1109 भोपाल, दिनांक 22/10/2026

निविदा सूचना

मध्यप्रदेश शासन की वर्ष 2027 की "शासकीय डायरी" के मुद्रण विनिर्माण एवं आपूर्ति हेतु ऐसे अनुभवी एवं सक्षम प्रिन्टर्स तथा निमार्ताओं से तकनीकी विवरण की पूर्ति करने वाले निविदाकारों से पेपर सहित मुद्रण, बंधन एवं परिवहन एवं अन्य समस्त देय करों सहित प्रदाय करने हेतु MPSEDC विभाग की वेबसाईट www.mptenders.gov.in से ऑनलाईन की–डेटस अनुसार निविदाएं दिनांक 12.11.2026 को 12.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है।

ऐसे प्रिन्टर्स एवं निर्माता जिन्हें डायरी मुद्रण, विनिर्माण उत्पादन का पर्याप्त अनुभव एवं क्षमता रखने वाले इच्छुक निविदाकारों से

2. सूचना, तकनीकी विवरण, नियम एवं शर्तों को विभाग की वेबसाईट www.govtpressmp.gov.in. पर भी अवलोकन हेतु रखा गया है।
3. निविदा में किसी भी प्रकार का संशोधन/सुधार/परिवर्तन होने की सूचना www.mptenders.gov.in पर ही उपलब्ध होगी।

अपर नियंत्रक
शासकीय मुद्रण तथा लेखन सामग्री,
म.प्र., भोपाल.

जी - 20517/26 स्वच्छता ही सेवा है।

पूर्व मध्य रेल

ई–निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/क.वि/पूर्व मध्य रेल, समस्तीपुर के द्वारा नीचे लिखे हुए कार्य के संपादन हेतु सक्षम, अनुभवी, वैध विद्युत कन्ट्रेक्टर लाईसेन्स, तकनीकी योग्यता एवं वित्तीय क्षमता धारक संवदेक से निम्न कार्य के लिए भारतीय रेल के आई.आर.ई.पी.एस. वेब पोर्टल पर ई–निविदा के रूप में खुली ई–निविदा आमन्त्रित किया जाता है।

निविदा संख्या एवं तिथि: ई.एल.–टी.आर.डी–ई.टी.–12–2026–27, **क्रम सं0: 1, कार्य का नाम तथा स्थान:** समस्तीपुर मण्डल के NKE, RXL, SGL, KVC, SMI, HPO, SKI, SPJ, BNKI, SHC, SRGR एवं MHRL स्थित OHE डिपो के अंतर्गत 01 (एक) साल के लिए OHE अनुरक्षण का कार्य।, **2. समापण अवधि:** 01 वर्ष, **3. कार्य की अनुमानित लागत :** रू. 1,23,27,340.68/–, **4. बयाने की राशि:** रु. 2,46,600.00/–, **5. निविदा बन्द होने की तारीख तथा समय:** ई–निविदा बन्द होने की तारिख 12.11.2026 को समय 12:00 बजे।, **6. वेबसाईट का विवरण जहाँ से निविदा एवं निविदा प्रपत्र की विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है:** http://www.ireps.gov.in मंडल रेल प्रबंधक (वि०–क.वि.)/कार्यालय/समस्तीपुर

नोटः– उपरोक्त निविदा से संबंधित यदि कोई भी संशोधन/परिवर्तन किया जाता है तो उसकी सूचना समाचार पत्रों में प्रकाशित नहीं किया जाएगा बल्कि वेबसाइट पर अपलोड कर दिया जाएगा।

वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर / क.वि,
पूर्व मध्य रेलवे, समस्तीपुर

पीआर/1185/एसपीजे/ईएलईसीटी/टी/26–27/40

पूर्व मध्य रेल

विविध वैद्युतिक कार्य हेतु ई–निविदा सूचना
विद्युत/क०वि० विभाग के लिये
खुली निविदायें

मंडल रेल प्रबंधक /विद्युत/पूर्व मध्य रेल, धनबाद द्वारा भारत के राष्ट्रपति की तरफ से निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए ई–निविदा आमंत्रित की जाती है:

ई–निविदा संख्या–TRD-OT-16-FOB-26-27

क्र० सं. 01. कार्य का नाम, स्थान एवं समापन अवधि : **(1)** TRZ- Provision of 3.0M wide FOB, Raising of Platform & shed at TRZ, **(2)** Provision of 3.0 M wide FOB at KCKI & RHR, **(3)** Provision of 3.0 M wide FOB with ramp and stair at KDS and improvement of FOB at SJA station under ADEN/2/DHN, **(4)** Provision of 3.0M wide FOB at BZS & DOKM station in the jurisdiction of Sr. DEN/Track/DHN, **(5)** Provision of 3.0M wide FOB at RIBP & LRB station in the jurisdiction of Sr. DEN/2/DHN, **(6)** JNN-Provision of 3.0M wide FOB with ramp and stair at JNN for both line (One FOB for MHQ line & one FOB for KTH line), **(7)** BRMO & GMIA-Provision of FOB with ramp at Bermo station and Ramp in the FOB of Gomia, कार्य समापन की अवधि–(12) बारह माह, **02. कार्य के लिए प्राक्कलित राशि** : रूपया 1,02,87,408,34/– निविदा प्रपत्र का मूल्य– शून्य/–, **03. बीड सिक्युरिटि** : रूपया 2,05,800/–, **04. ई–निविदा बंद होने एवं खुलने की तिथि एवं समय:** ई–निविदा बंद होने की तिथि: 17.11.2026 को 11:00 बजे, ई–निविदा खुलने की तिथि: 17.11.2026 को 11:30 बजे, **05. वेबसाइट का विवरण:** वेबसाइट: **www.ireps.gov.in**

ई निविदा के तहत मैन्युअल प्रस्ताव स्वीकार नही किए जायेंगे।

मंडल रेल प्रबंधक /क०वि०
पूर्व मध्य रेल, धनबाद

पीआर/1192/डीएचएन/टीआरडी/टी/26–27/52

2/2/14/0005/2026-Store-PRC 1/1352980/2026

आयुक्त, भू संसाधन प्रबंधन, मध्य प्रदेश
220, राजस्व राहत भवन, अरेरा हिल्स, भोपाल (म.प्र.)
दूरभाष 0755-2559537, Email: prirevcom@mp.gov.in , Website: www.prc.mp.gov.in

क्रमांक 2/2/14/0005/2026-Store-PRC/8372 भोपाल, दिनांक 09/10/2026

निविदा सूचना

कार्यालय आयुक्त, भू संसाधन प्रबंधन, मध्यप्रदेश, भोपाल द्वारा कार्यालय उपयोग हेतु वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग उपकरण (Video Conferencing Codec, PTZ Camera, Audio DSP) की आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और कमीशनिंग (Supply, Installation, Testing, and Commissioning - SITC) के लिए प्रतिष्ठित, अनुभवी और पात्र मूल उपकरण निमार्ताओं (OEM) या उनके अधिकृत विक्रेताओं से MP Tender Portal (www.mptenders.gov.in) के माध्यम से ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। विस्तृत जानकारी कृपया MPTenders.gov.in पोर्टल पर देखे।

उप आयुक्त
भू-संसाधन प्रबंधन,
मध्यप्रदेश

जी - 20504/26 स्वच्छता ही सेवा है।

कार्यालय वनमंडलाधिकारी सामान्य वनमंडल औबेदुल्लागंज
O.GanjPincod No. 464993, E-mail dfotogunj@mp.gov.in,Fax No. 07480-224911, Phone No. 07480-224062

क्रमांक /82/2 दिनांक 14/10/2026

विनिर्दिष्ट वनोपज के विनिमार्ता / व्यापारी, उपभोक्ता, बढई, आरामशीन, अनुज्ञप्ति धारी हेतु सूचना।

-:: **विज्ञप्ति**::-

सामान्य वनमंडल औबेदुल्लागंज के कार्यक्षेत्र में स्थित समस्त विनिर्दिष्ट वनोपज के विनिमार्ता/व्यापारी, उपभोक्ताओं, बढई, एवं आरामशीन मालिको को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता हैं, कि वे अपने पंजीयन एवं आरामशीन अनुज़प्ति का कलेण्डर वर्ष 2027 के लिये नवीनीकरण हेतु निर्धारित प्रपत्र पर आवेदन पत्र दो प्रतियों में वनमंडल कार्यालय में दिनांक 15.12.2026 तक जमा करे, विनिर्दिष्ट वनोपज के विनिमार्ता/व्यापारी, उपभोक्ताओं, बढई, के पंजीयन शुल्क की राशि का भुगतान वन विभाग की बेबसाईट (MPForest. Gov.in) ई-पेमेण्ट के माध्यम से किया जावे। आरामशीन अनुज़प्ति नवीनीकरण शुल्क की राशि का ऑनलाईन के चालान के माध्यम से लेखा शीर्ष 0406-01-800-9751 से किया जाकर वनमंडल कार्यालय में आवश्यक दस्तावेज के साथ ऑनलाईन आवेदन कराया जावे:-

अनुज़प्ति हेतु निर्धारित शुल्क

क्र.	कार्य का नाम	पंजीयन शुल्क	पंजीयन नवीनीकरण हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि
1	विनिमार्ता तथा उपभोक्ता	1000.00 (एक हजार रुपये + 18% जी.एस.टी.)	15.12.2026
2	केवल व्यापारी	1000.00 (एक हजार रुपये + 18% जी.एस.टी.)	15.12.2026
3	बढई की दुकान फर्नीचर बनाने वाले जिसमें टर्नरी आर्टीजन्स सम्मिलित है।	200.00 (दो सौ रुपये + 18% जी.एस.टी.)	15.12.2026
4	भवन निर्माण ठेकेदार	1000.00 (एक हजार रुपये + 18% जी.एस.टी.)	15.12.2026
5	वास्तविक उपभोक्ता।	200.00 (दो सौ रुपये + 18% जी.एस.टी.)	15.12.2026
6	आरामशीन अनुज़प्ति (पांच वर्ष हेतु)	2500.00 (दो हजार पांच सौ रुपये 18% जी.एस. टी.)	15.12.2026

पंजीयन हेतु निम्नानुसार दस्तावेजो की छायाप्रति जिन पर स्वयं के हस्ताक्षर हो, आवेदन पत्र के साथ संलग्न करना अनिवार्य है:-
1. आयकर विभाग द्वारा जारी पेनकार्ड की छायाप्रति ।3. जी.एस.टी. नम्बर की छायाप्रति ।4. वोटर आई.डी./ आधार कार्ड की छायाप्रति । 5. वर्ष 2026 के पंजीयन प्रमाण पत्र की छायाप्रति ।6. पंजीयन शुल्क की राशि का बैंक ड्राफ्ट (आरामशीन हेतु) 7. फर्म के विद्युत बिल की छायाप्रति ।8. वर्ष 2026 में वनोपज के क्रयविक्रय की जानकारी।9. वर्ष 2025-26 के जी.एस.टी., रिटर्न की छायाप्रति ।

उपरोक्त दस्तावेजों के साथ निर्धारित प्रपत्र में आवेदन पत्र, स्वयं का नवीन रंगीन पासपोर्ट साइज का फोटो वनमण्डल कार्यालय में कार्यालयीन समय में प्रस्तुत करें।

वनमंडलाधिकारी
सामान्य वनमंडल औ.गंज

जी - 20526/26 स्वच्छता ही सेवा

हरिभूमि क्लासीफाइड
आवश्यकता है · खरीदना है · बेचना है · व्यापार · विकित्सा · ज्योतिष · डिसप्ले विज्ञापन
संपर्क सूत्र : 9407279644

हरिभूमि समाचार ही नहीं, विचार भी
भोपाल बाजार
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें
मो. 9407279644

प्लाट मात्र
3,55,000
हजार में
आसान किश्तों पर
साईट:-
220 फिट रिंग रोड न्यू
बायपास से लगी हुई
डायवर्सन एवं NOC एप्रूव्ड
आफिस इंडिया प्रोपर्टी करोंद भोपाल
मो. 7772079910

Medical Help Line
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644



नये दागों का आना तुरन्त बंद
सफेद दाग
चर्म रोग, पित्ते की पथरी, गुर्दे की पथरी
Timing 10:30 am to 8:00 pm
44 वर्षो का होम्योपैथिक चिकित्सा सेवा का अनुभव
Dr. Safi's HOMEOPATHIC CLINIC
कृपया फोन पर अपॉइंटमेंट लें।
M. 9425006131, 8871714432
सौलत मंज़िल पुरानी कज़ियात के सामने मोती मस्जिद भोपाल

आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

– व्यावस्थापक

राशिफल

मेष कार्यक्षेत्र में परिश्रम की अधिकता रहेगी। आय में व्यवधान आ सकते हैं, खर्चों में वृद्धि होगी। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जा सकते हैं।

वृष कार्यों के प्रति उत्साह रहेगा, परंतु बातचीत में संतुलित रहें। मन अशांत रहेगा, धर्म-कर्म के प्रति रूझान बढ़ेगा। खर्चों में वृद्धि होगी, स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

मिथुन अपनी भावनाओं को वश में रखें, आत्मविश्वास में कमी आएगी। क्रोध के अतिरेक से बचें, पारिवारिक जिम्मेदारी बढ़ सकती है।

कर्क आत्मविश्वास में कमी आएगी, शांत रहें। सुस्वाद खान-पान में रुचि बढ़ेगी, संचित धन में कमी आएगी, लेखनादि, बौद्धिक कार्यों से धनार्जन हो सकता है।

सिंह पठन-पाठन में रुचि रहेगी, पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। नौकरी में तरक्की के अवसर मिलेंगे, संपत्ति का विस्तार हो सकता है।

कन्या नौकरी में परिवर्तन के साथ दूसरे स्थान पर भी जाना पड़ सकता है। आयात-निर्यात कारोबार में लाभ के अवसर प्राप्त होंगे।

तुला आलस्य की अधिकता रहेगी, घर-परिवार की सुख सुविधाओं का विस्तार होगा। जीवन साथी से मनमुटाव हो सकता है। परिश्रम की अधिकता रहेगी।

वृश्चिक वाणी में कठोरता के भाव रहेंगे, वस्त्रों आदि के प्रति रूझान बढ़ेगा। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। संचित धन में वृद्धि होने के योग बन रहे हैं।


धनु रहन-सहन में असहज रहेंगे, मीठे खान-पान की ओर रूझान बढ़ेगा। संपति से आय में बढ़ोत्तरी हो सकती है, नौकरी में स्थान परिवर्तन संभव है।

मकर आत्मविश्वास से परिपूर्ण रहेंगे, अध्ययन में रूचि रहेगी। संपति के रखरखाव पर खर्च बढ़ सकते हैं। चिकित्सा कार्यों में खर्च बढ़ सकते हैं।

कुंभ परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जाना हो सकता है। खान-पान के प्रति सचेत रहें, स्वास्थ्य में गड़बड़ी हो सकती है।

मीन रहन-सहन कष्टकारी हो सकता है, अफसरों का सहयोग मिलेगा। परिवार का भी सहयोग मिलेगा, वस्त्रों आदि पर खर्चों में वृद्धि हो सकती है।

शब्द पहेली - 6388



बाएँ से दाए-
1. पदमाकर, कमल सरोवर-5
4. इस्लामी धर्म ग्रंथ-3
6. देवस्थान, मंदिर-2
7. शिव आवास-3
8. उत्तम, सज्जन-2
10. पति, शोहर-3
11. दमकना-4
14. टीस, पीड़ा-3
16. झरने की आवाज-4
17. आशा, इच्छा-2
18. संध्या, शाम-2
19. निराकार, भगवान-4
21. बुझाना, शांति-3
22. अभिप्राय-4
24. आंचल-3
25. घोड़ागाड़ी-2
27. उष्ण-3
28. पिता के पिता-2
29. पंक्ति-3
30. तहजीबदार-5

ऊपर से नीचे
1. कथा कहने वाला-5
2. चित, जी-2
3. कार्यशाला, यंत्रालय-4
4. माहिर, दक्ष-3
5. आकाश, गगन-2
7. कारावास-2
9. योग्य-3
12. अनुमान, अंदाज-3
13. झगड़ा, कहासुनी-4
15. मुगल सम्राट जहांगीर का एक नाम-3
16. पक्षियों का शोर-4
17. राहत, विश्राम -3
18. मुसीबत, आफत -3
20. होशियार, चेतावनी-5
21. नगर-3
22. संजीव कुमार व लीना चंदावरकर अभिनीत फिल्म
23. मगरमच्छ-3
24. दर, मूल्य-2
26. भूमि, धरती-2
28. पिता के पिता-2

शब्द पहेली -6387 का हल

	बे	मि	सा	ल		प	ह	चा	न	
बे		ल		हु	न	र		क		स
ई	मा	न		लु		व		र	स	म
मा				हा	ज	रि				क
न	क	ब	ज	न		श	य	न	क	क्ष
	म		र				की		हा	
अ	ल	सु	ब	ह		का	न	भ	र	ना
प				म	लि	न				स
रा	श	न		व		ख		स	ला	म
ध		हा		त	रा	जू		रो		झ
	स	ना	त	न		रा	ज	पा	ट	

सूडोकु नवताल- 6398

मध्यम

9		6		3		4		8
	2				9		7	
4			1	6				2
		8			2		3	
1		4				2		5
	3		5			8		
7				9	5			3
	8		6				4	
6		2		7		5		1

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अ

फिजिकल गोल्ड, ईटीएफ और म्यूचुअल फंड के फायदे और सीमाएं

सोने में निवेश का सही रास्ता चुनें चमक ही नहीं लागत को भी देखें

खरीद-बिक्री का खर्च, सुरक्षा, निवेश की सुविधा और लागत तय करेंगे वास्तविक मुनाफा

बदलते निवेश विकल्पों ने सोने में पैसा लगाने के कई रास्ते खोले, केवल सोने के भाव बढ़ने की संभावना देखकर निवेश करना पर्याप्त नहीं, क्षमता को जानें

बिजनेस डेस्क

सोना भारतीय परिवारों के लिए केवल आभूषण या परंपरा का प्रतीक नहीं, बल्कि मुश्किल वक्त का भरोसेमंद सहारा भी रहा है। महंगाई, आर्थिक अनिश्चितता और शेयर बाजार में उतार-चढ़ाव के बीच निवेशक अपने पोर्टफोलियो में सोने को जगह देना पसंद करते हैं। हालांकि, अब सोने में निवेश का मतलब केवल गहने या सिक्के खरीदकर तिजोरी में रखना नहीं रह गया है। बदलते निवेश विकल्पों ने सोने में पैसा लगाने के कई रास्ते खोल दिए हैं। कोई फिजिकल गोल्ड खरीदता है, तो कोई गोल्ड एक्सचेंज ट्रेडेड फंड (ईटीएफ) या गोल्ड म्यूचुअल फंड के जरिए निवेश करता है। तीनों विकल्पों का उद्देश्य सोने की कीमत में होने वाली बढ़ोतरी से लाभ उठाना हो सकता है, लेकिन इनकी लागत, खरीदने-बेचने की प्रक्रिया, सुरक्षा और निवेश की सुविधा अलग-अलग है। इसलिए केवल सोने के भाव बढ़ने की संभावना देखकर निवेश करना पर्याप्त नहीं है। यह समझना भी जरूरी है कि कौन-सा विकल्प आपकी जरूरत, निवेश अवधि और जोखिम उठाने की क्षमता के अनुकूल है।



फिजिकल गोल्ड

फिजिकल गोल्ड में निवेश का सबसे पारंपरिक तरीका सोने के सिक्के, छड़ या आभूषण खरीदना है। इसका सबसे बड़ा फायदा यह है कि निवेशक के पास सोना वास्तविक रूप में मौजूद रहता है। जरूरत पड़ने पर इसका इस्तेमाल उपहार देने, पारिवारिक आयोजनों या अन्य व्यक्तिगत जरूरतों के लिए भी किया जा सकता है। हालांकि, निवेश के नजरिये से आभूषण और सोने के सिक्के एक जैसे नहीं हैं। गहने खरीदते समय मेकिंग चार्ज और लागू वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) का खर्च जुड़ता है। दोबारा बेचने पर मेकिंग चार्ज सामान्यतः वापस नहीं मिलता। शुद्धता की जांच, दुकानदार की खरीद नीति और खरीद-बिक्री के भाव में अंतर के कारण भी वास्तविक मुनाफा घट सकता है। सिक्कों और छड़ों में आमतौर पर आभूषणों की तुलना में मेकिंग चार्ज कम होता है, फिर भी खरीद मूल्य और बिक्री मूल्य का अंतर ध्यान में रखना चाहिए। इसके अलावा, घर में सोना रखने पर चोरी या गुम होने का जोखिम रहता है। बैंक लॉकर में रखने पर अतिरिक्त खर्च हो सकता है। इसलिए जो लोग केवल निवेश के लिए सोना खरीदना चाहते हैं, उन्हें आभूषणों के बजाय कम अतिरिक्त लागत वाले विकल्पों पर विचार करना चाहिए।

गोल्ड ईटीएफ

गोल्ड ईटीएफ ऐसे निवेश फंड हैं, जिनकी इकाइयां शेयर बाजार में खरीदी और बेची जाती हैं। ये आमतौर पर भौतिक सोने में निवेश करते हैं और सोने की कीमत में होने वाले बदलाव के अनुरूप रिटर्न देने का लक्ष्य रखते हैं। इस तरह निवेशक को घर में सोना रखने, उसकी सुरक्षा करने या शुद्धता की जांच कराने की चिंता नहीं करनी पड़ती। गोल्ड ईटीएफ में निवेश के लिए सामान्यतः डीमैट और ट्रेडिंग खाते की जरूरत होती है। निवेशक बाजार खुलने के दौरान प्रचलित भाव पर यूनिट खरीद या बेच सकता है। हालांकि, वास्तविक लेनदेन मूल्य बाजार में मांग-आपूर्ति, खरीद-बिक्री के अंतर और फंड की शुद्ध परिसंपत्ति कीमत से प्रभावित हो सकता है। इस विकल्प में फंड का प्रबंधन खर्च, ब्रोकरेज और अन्य लागू शुल्क रिटर्न को प्रभावित कर सकते हैं। निवेश से पहले एक्सपेंस रेशियो, कारोबार की मात्रा और खरीद-बिक्री के भाव में अंतर की तुलना करनी चाहिए। केवल किसी ईटीएफ की एक यूनिट का भाव कम होने से यह निष्कर्ष नहीं निकालना चाहिए कि वह दूसरे फंड से सस्ता है। अलग-अलग फंड की एक यूनिट के पीछे सोने की मात्रा अलग हो सकती है।

गोल्ड म्यूचुअल फंड

जिन निवेशकों के पास डीमैट खाता नहीं है या जो हर महीने नियमित रकम निवेश करना चाहते हैं, उनके लिए गोल्ड म्यूचुअल फंड सुविधाजनक विकल्प हो सकते हैं। ऐसे फंड आमतौर पर गोल्ड ईटीएफ की इकाइयों में निवेश करते हैं। निवेशक इनमें एकमुश्त रकम लगा सकता है या अपनी क्षमता के अनुसार व्यवस्थित निवेश योजना (एसआईपी) के जरिए नियमित निवेश कर सकता है। इन फंडों में निवेश के लिए सामान्यतः डीमैट खाते की आवश्यकता नहीं होती। निवेशक संबंधित म्यूचुअल फंड की प्रक्रिया के अनुसार सीधे निवेश कर सकता है।

तीनों विकल्पों में कैसे करें तुलना?

- **कुल लागत:** फिजिकल गोल्ड में मेकिंग चार्ज, जीएसटी और खरीद-बिक्री का अंतर देखें। ईटीएफ व म्यूचुअल फंड में कुल खर्च की तुलना करें।
- **निवेश की सुविधा:** नियमित मासिक निवेश के लिए गोल्ड म्यूचुअल फंड सुविधाजनक हो सकता है, जबकि बाजार में खुद यूनिट खरीदने-बेचने के लिए ईटीएफ उपयोगी है।
- **सुरक्षा:** फिजिकल गोल्ड की सुरक्षा निवेशक की जिम्मेदारी है। डिजिटल निवेश विकल्पों में भौतिक भंडारण की चिंता नहीं होती, लेकिन बाजार और फंड से जुड़े जोखिम बने रहते हैं।
- **निकासी:** निवेश से पैसा निकालने की प्रक्रिया और उसमें लगने वाले समय को समझें। ईटीएफ की बिक्री बाजार के कारोबार पर निर्भर करती है, जबकि म्यूचुअल फंड में लागू निकासी नियम महत्वपूर्ण हैं।
- **कराधान:** कर नियम निवेश के प्रकार, खरीद की तारीख और लागू कानूनों के अनुसार अलग हो सकते हैं। इसलिए पुराने नियमों के आधार पर अनुमान लगाने के बजाय निवेश के समय मौजूदा कर प्रावधानों की पुष्टि करें।

पोर्टफोलियो में संतुलन जरूरी

सोने में निवेश का उद्देश्य केवल अधिकतम मुनाफा कमाना नहीं, बल्कि निवेश पोर्टफोलियो में विविधता लाना भी हो सकता है। हालांकि, सोने की कीमतें भी घटती-बढ़ती हैं और कोई भी विकल्प निश्चित रिटर्न की गारंटी नहीं देता। गोल्ड ईटीएफ और गोल्ड म्यूचुअल फंड में निवेश करने से सोने की कीमतों से जुड़ा जोखिम समाप्त नहीं होता। निवेशकों को अपनी पूरी बचत सोने में लगाने के बजाय उसे अन्य निवेश साधनों के साथ संतुलित रखने पर विचार करना चाहिए। आपातकालीन जरूरतों के लिए पर्याप्त नकदी और अपने वित्तीय लक्ष्यों के अनुरूप निवेश योजना भी जरूरी है।

14 साल में 5 करोड़ जोड़ना लक्ष्य तो निवेश की रणनीति में करें बदलाव

बिजनेस डेस्क

नौकरी शुरू करने के बाद हर व्यक्ति चाहता है कि एक समय ऐसा आए, जब उसे रोजी-रोटी के लिए काम करने की मजबूरी न रहे। आर्थिक स्वतंत्रता का यही सपना युवाओं को जल्दी निवेश शुरू करने के लिए प्रेरित करता है, लेकिन यदि कोई 28 वर्ष की उम्र में 70 हजार रुपये मासिक वेतन पाता हो और 42 वर्ष की उम्र में नौकरी छोड़कर रिटायर होना चाहता हो, तो उसके सामने चुनौती बड़ी है।

खासकर तब, जब उसका लक्ष्य 5 करोड़ रुपये फंड तैयार करना हो। इसी सवाल को समझने के लिए एक वित्तीय प्रयोग में कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित चैटजीपीटी से निवेश योजना तैयार कराई गई। इसमें 25 हजार की मासिक व्यवस्थित निवेश योजना (एसआईपी), हर साल निवेश में 10% बढ़ोतरी और निवेश पर सालाना 15% प्रभावी प्रतिफल की धारणा रखी गई। अनुमान के मुताबिक, 14 साल तक नियमित निवेश करने के बाद भी 42 वर्ष की उम्र में करीब 2.10 करोड़ ही जुट पाएंगे। यानी 5 करोड़ के लक्ष्य से लगभग 2.90 करोड़ रुपये कम रह जाएंगे।

70000 की आय में कितनी गुंजाइश

निवेश योजना बनाने से पहले आय और खर्च का हिसाब समझना जरूरी है। इस उदाहरण में निवेशक नोएडा में रहता है और उसकी मासिक आय 70 हजार रुपये है। इसमें से 14 हजार मकान के किराये पर खर्च होते हैं। राशन और घरेलू जरूरतों पर 5 हजार, बिजली-पानी पर 2 हजार, इंटरनेट और मोबाइल पर 1,500 तथा परिवहन पर 2 हजार खर्च होते हैं। बाहर खाने और अन्य मनोरंजन पर 5 हजार, व्यक्तिगत खरीदारी पर 3 हजार, बीमा और चिकित्सा पर 2,500 तथा परिवार की मदद और दूसरे विविध खर्चों पर 10 हजार खर्च होते हैं। इस तरह कुल मासिक खर्च 45 हजार बैठता है और निवेश के लिए 25 हजार बचते हैं। यानी निवेशक अपनी आय का लगभग 35.7% निवेश कर सकता है। पूरी बची रकम एसआईपी में लगाने से पहले आपातकालीन जरूरतों, अनियमित खर्चों व पर्याप्त बीमा की व्यवस्था करना जरूरी है।

हर वर्ष बढ़ेगी एसआईपी फिर लक्ष्य अधूरा

योजना में माना गया कि निवेशक की सैलरी हर साल 10% बढ़ेगी और वह अपनी एसआईपी में भी उतनी ही बढ़ोतरी करेगा। शुरुआत में 25 हजार की मासिक एसआईपी से सालाना 3 लाख निवेश होंगे। दूसरे वर्ष मासिक निवेश बढ़कर 27,500 और तीसरे वर्ष 30,250 हो जाएगा। पांचवें वर्ष तक मासिक एसआईपी करीब 36,603 पहुंचने का अनुमान है। दसवें वर्ष में यह लगभग 58,949 और चौदहवें वर्ष में करीब 86,307 हो जाएगी। इस गणना के अनुसार, 14 वर्षों में निवेशक अपनी जेब से कुल लगभग 83.92 लाख लगाएगा। यदि निवेश पर 15% प्रभावी सालाना प्रतिफल मिलता है, तो कुल निवेश का मूल्य करीब 2.10 करोड़ हो सकता है। इसमें लगभग 1.26 करोड़ संभावित निवेश वृद्धि से आएंगे।

5 करोड़ जुटाने में लगेंगे 19 साल

यदि निवेशक इसी योजना पर चलता रहे, एसआईपी हर साल 10% बढ़ाता रहे और 15% प्रभावी सालाना प्रतिफल मिलता रहे,



25 हजार की एसआईपी और हर साल 10% निवेश बढ़ाने पर 42 साल की उम्र तक जुटेंगे 2.10 करोड़

तो 5 करोड़ का लक्ष्य लगभग 18 साल 10 महीने में हासिल होने का अनुमान है। यानी 28 वर्ष की उम्र में निवेश शुरू करने वाला व्यक्ति करीब 47 वर्ष की उम्र में इस लक्ष्य तक पहुंच सकता है। यह उसकी निर्धारित रिटायरमेंट उम्र से लगभग पांच साल बाद है। इससे स्पष्ट है कि केवल नियमित एसआईपी और वेतन के साथ बढ़ते निवेश पर निर्भर रहकर 42 वर्ष में 5 करोड़ जुटाना इस योजना के तहत संभव नहीं दिखता। लक्ष्य हासिल करने के लिए निवेश की रकम बढ़ानी होगी, मौजूदा बचत का सहारा लेना होगा, अतिरिक्त आय के स्रोत तलाशने होंगे या रिटायरमेंट की समयसीमा में बदलाव करना होगा।

लक्ष्य पाने के लिए क्या बदलना होगा

सबसे पहले, वेतन बढ़ने के साथ निवेश की रकम भी बढ़ाने पर ध्यान देना चाहिए। यदि हर साल वेतन में 10% की वृद्धि होती है, तो खर्च भी उसी अनुपात में बढ़ाना जरूरी नहीं है। वेतन वृद्धि का एक अतिरिक्त हिस्सा निवेश में लगाने से लंबी अवधि में बड़ा अंतर आ सकता है। बोनस या दूसरी अतिरिक्त आय का कुछ हिस्सा भी वित्तीय लक्ष्यों के लिए रखा जा सकता है। दूसरा, निवेश में विविधता बनाए रखना जरूरी है। लंबी अवधि में इक्विटी म्यूचुअल फंड पूंजी बढ़ाने की संभावना दे सकते हैं, लेकिन इनमें बाजार का जोखिम भी रहता है। ऋण आधारित निवेश और दूसरे साधनों का चयन निवेशक की जोखिम क्षमता, निवेश अवधि और जरूरतों के अनुरूप होना चाहिए। केवल जल्दी लक्ष्य हासिल करने के लिए अत्यधिक जोखिम लेना समझदारी नहीं है। तीसरा, महंगाई को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता।

आज के 5 करोड़ और 14 साल बाद के 5 करोड़ की क्रय शक्ति समान नहीं होगी। इसलिए रिटायरमेंट के समय के खर्च, स्वास्थ्य संबंधी जरूरतों और भविष्य की महंगाई को ध्यान में रखकर लक्ष्य तय करना चाहिए। कर, निवेश शुल्क और रिटायरमेंट के बाद नियमित निकासी का असर भी गणना में शामिल होना चाहिए।

रिटायरमेंट का लक्ष्य बड़ी रकम नहीं

जल्दी रिटायर होने का अर्थ केवल निवेश खाते में बड़ी रकम जमा करना नहीं है। यह भी तय करना होगा कि रिटायरमेंट के बाद हर महीने कितना खर्च होगा, जमा पूंजी कितने वर्षों तक चलनी चाहिए और आपातकालीन जरूरतों के लिए कितनी रकम अलग रखनी होगी। यदि रिटायरमेंट के बाद कोई नियमित आय नहीं होगी, तो निवेश से निकासी की योजना और भी महत्वपूर्ण हो जाती है।



स्मॉलकैप फंड में 25% तक रिटर्न, लेकिन निवेश से पहले जोखिम समझना भी जरूरी

बचत मंत्र

बिजनेस डेस्क

शेयर बाजार में तेजी के दौरान स्मॉलकैप म्यूचुअल फंड निवेशकों को आकर्षित करते हैं। छोटी कंपनियों में कारोबार बढ़ाने और तेजी से आगे निकलने की क्षमता होती है, इसलिए इनमें निवेश करने वाले फंड लंबी अवधि में बेहतर रिटर्न देने की संभावना रखते हैं। लेकिन यही निवेश बाजार में गिरावट आने पर बड़ा नुकसान भी करा सकता है। वर्ष 2025 की जनवरी-मार्च तिमाही में प्रमुख स्मॉलकैप फंडों को करीब 13 से 14 प्रतिशत तक नुकसान हुआ। वर्ष 2026 की पहली तिमाही में भी इस श्रेणी के फंडों में लगभग 12 से 13 प्रतिशत की गिरावट आई। इसके बाद अप्रैल-जून 2026 में स्मॉलकैप फंडों में करीब 23 प्रतिशत की तेजी देखने को मिली। यह उतार-चढ़ाव बताता है कि इस श्रेणी में रिटर्न की संभावना के साथ जोखिम भी काफी अधिक है। इक्विटीमास्टर की 20 अक्टूबर 2026 को प्रकाशित रिपोर्ट के अनुसार, पांच साल के औसत रोलिंग रिटर्न के आधार पर क्वांट स्मॉलकैप, बंधन स्मॉलकैप, इनवेस्को इंडिया स्मॉलकैप, निप्पॉन इंडिया स्मॉलकैप और बैंक ऑफ इंडिया स्मॉलकैप प्रमुख फंडों में शामिल हैं। इनका औसत पांच साल का रोलिंग रिटर्न करीब 22.5 से 25 प्रतिशत के बीच रहा है।

क्वांट स्मॉलकैप फंड

पांच साल के औसत रोलिंग रिटर्न में क्वांट स्मॉलकैप फंड करीब 25.04 प्रतिशत के साथ पहले स्थान पर है। रिपोर्ट के मुताबिक, इसका वर्तमान पांच साल का रिटर्न लगभग 17.84 प्रतिशत है। फंड के प्रमुख निवेश में एचएफसीएल, आरबीएल बैंक, अडाणी एंटरप्राइजेज, अडाणी पावर और एजिस लॉजिस्टिक्स शामिल हैं। रिपोर्ट के अनुसार, इसकी तीन साल की वार्षिकीकृत अस्थिरता 18.2 प्रतिशत रही।

बंधन स्मॉलकैप फंड

बंधन स्मॉलकैप फंड लगभग 24.4 प्रतिशत के औसत पांच साल के रोलिंग रिटर्न के साथ दूसरे स्थान पर है। रिपोर्ट में इसका वर्तमान पांच साल का रिटर्न करीब 19 प्रतिशत बताया गया है। इसकी खासियत बेहतर जोखिम-समायोजित प्रदर्शन है। रिपोर्ट के अनुसार, प्रमुख फंडों में इसका शार्प और सॉर्टिनो अनुपात बेहतर रहा है। ये अनुपात बताते हैं कि किसी फंड ने कितना जोखिम उठाकर कितना रिटर्न दिया। इस फंड का आकार तेजी से बढ़ा है। मार्च 2022 में इसकी प्रबंधनाधीन संपत्ति करीब 1,410 करोड़ रुपये थी, जो अगस्त 2026 में बढ़कर लगभग 34,180 करोड़ रुपये हो गई।

इनवेस्को इंडिया स्मॉलकैप फंड

इनवेस्को इंडिया स्मॉलकैप फंड करीब 24.05 प्रतिशत के औसत पांच साल के रोलिंग रिटर्न के साथ तीसरे स्थान पर है। रिपोर्ट के मुताबिक, इसका वर्तमान पांच साल का रिटर्न 18.49 प्रतिशत रहा, जबकि निफ्टी स्मॉलकैप 250 का रिटर्न 12.42 प्रतिशत था। तीन साल की अवधि में भी इस फंड का प्रदर्शन अपने बेंचमार्क से बेहतर रहा। फंड का निवेश विभिन्न कंपनियों में फैला है। इसकी प्रमुख हिस्सेदारियों में साई लाइफ साइंसेज, इटर्नल, एम्बर एंटरप्राइजेज, आदित्य इन्फोटेक और कृष्णा इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज शामिल हैं।

निप्पॉन इंडिया स्मॉलकैप फंड

निप्पॉन इंडिया स्मॉलकैप फंड इस श्रेणी के बड़े फंडों में शामिल है। रिपोर्ट में इसकी प्रबंधनाधीन संपत्ति करीब 81,000 करोड़ है। इसका औसत पांच साल का रोलिंग रिटर्न लगभग 24 प्रतिशत और वर्तमान पांच साल का रिटर्न करीब 17.1 प्रतिशत रहा। फंड के पोर्टफोलियो में बड़ी संख्या में शेयर शामिल हैं और किसी एक कंपनी में निवेश का हिस्सा अपेक्षाकृत सीमित रखा गया है। रिपोर्ट के अनुसार, इसकी तीन साल की अस्थिरता शीर्ष पांच फंडों में सबसे कम, करीब 17.5 प्रतिशत रही।

बैंक ऑफ इंडिया स्मॉलकैप फंड

बैंक ऑफ इंडिया स्मॉलकैप फंड करीब 22.55 प्रतिशत के औसत पांच साल के रोलिंग रिटर्न के साथ पांचवें स्थान पर है। इसका वर्तमान पांच साल का रिटर्न लगभग 18.75 प्रतिशत रहा। इसके प्रत्यक्ष निवेश विकल्प का वार्षिक व्यय अनुपात 0.42 प्रतिशत बताया गया है। रिपोर्ट में इसकी तीन साल की वार्षिकीकृत अस्थिरता 20 प्रतिशत बताई गई है, शीर्ष पांच फंडों में सबसे अधिक है।

इन बातों का रखें ध्यान

स्मॉलकैप फंड में निवेश करने से पहले केवल एक, तीन या पांच साल का रिटर्न देखकर फैसला करना पर्याप्त नहीं है। यह भी देखना चाहिए कि बाजार में गिरावट के दौरान फंड ने कैसा प्रदर्शन किया, उसका पोर्टफोलियो कितना विविध है।

रिटायरमेंट पर एनपीएस का पूरा पैसा निकालना अब जरूरी नहीं

60 साल की उम्र के बाद निकासी टालने और चरणबद्ध तरीके से पैसा लेने के विकल्प

अलर्ट

बिजनेस डेस्क

नौकरी के दौरान नियमित बचत करके रिटायरमेंट के लिए बड़ा फंड तैयार करना जितना जरूरी है, उतना ही अहम यह तय करना भी है कि रिटायरमेंट के बाद उस पैसे का इस्तेमाल कैसे किया जाए।

सामान्य निकासी में फड की राशि और ग्राहक की श्रेणी के अनुसार तय होंगे नियम

नेशनल पेंशन सिस्टम (एनपीएस) में निवेश करने वाले कई लोगों को लगता है कि 60 साल की उम्र पूरी होते ही उन्हें पूरा पैसा निकालना होगा या फिर तुरंत पेंशन शुरू करनी पड़ेगी। लेकिन ऐसा हर स्थिति में जरूरी नहीं है। पेंशन फंड नियामक एवं विकास प्राधिकरण (पीएफआरडीए) के नियमों में निवेशकों को निकासी और पेंशन की योजना बनाने के लिए कई विकल्प दिए गए हैं। इनमें एकमुश्त रकम निकालने, निकासी को आगे टालने और निर्धारित अवधि में किस्तों के जरिए पैसा लेने जैसे विकल्प शामिल हैं। हालांकि, कौन-सा विकल्प उपलब्ध होगा और कितनी रकम निकाली जा सकेगी, यह एनपीएस खाते की श्रेणी, कुल जमा फंड और लागू नियमों पर निर्भर करता है। इसलिए रिटायरमेंट के करीब पहुंच रहे निवेशकों को पहले अपने खाते पर लागू प्रावधान समझने चाहिए।



60 साल बाद कितना पैसा निकाल सकते हैं?

एनपीएस से सामान्य निकासी के नियम सभी निवेशकों के लिए एक जैसे नहीं हैं। गैर-सरकारी क्षेत्र के सामान्य एनपीएस खातों में लागू नियमों के अनुसार, यदि जमा पेंशन फंड 8 लाख तक है, तो पूरी रकम एकमुश्त निकालने का विकल्प उपलब्ध हो सकता है। इससे अधिक राशि होने पर निकासी की सीमा और शेष रकम के इस्तेमाल के नियम लागू होते हैं। कुछ परिस्थितियों में 8 लाख से अधिक और 12 लाख तक के फंड के लिए भी अलग विकल्प दिए गए हैं। बड़े फंड के मामले में लागू नियमों के अनुसार एक हिस्सा एकमुश्त निकाला जा सकता है, जबकि शेष रकम का इस्तेमाल एन्युटी खरीदने या निर्धारित अवधि में चरणबद्ध निकासी के लिए किया जा सकता है। सरकारी क्षेत्र के कर्मचारियों के लिए अलग प्रावधान लागू हो सकते हैं। इसलिए यह मान लेना ठीक नहीं है कि हर एनपीएस खाताधारक को अनिवार्य रूप से केवल 60% रकम ही निकालने की अनुमति है।एनपीएस के पुराने नियमों में सामान्य निकासी के समय अधिकतम 60% रकम एकमुश्त निकालने और कम से कम 40% रकम से एन्युटी खरीदने का प्रावधान प्रमुख था। बाद के संशोधनों में कुछ श्रेणियों के लिए विकल्पों का विस्तार किया गया है। ऐसे में निकासी का निर्णय लेने से पहले नवीनतम नियम और अपने खाते की श्रेणी की पुष्टि करना जरूरी है।

निकासी टालने का विकल्प

यदि किसी निवेशक को 60 साल की उम्र में तुरंत पूरे फंड की जरूरत नहीं है, तो वह नियमों के अनुसार निकासी या एन्युटी खरीदने की प्रक्रिया को आगे टालने पर विचार कर सकता है। गैर-सरकारी क्षेत्र के सामान्य एनपीएस खातों में लागू प्रावधानों के तहत पात्र निवेशक 75 साल की उम्र तक खाते में बने रहने या निकासी को स्थगित करने के विकल्प का इस्तेमाल कर सकते हैं। इस दौरान खाते में निवेशित रकम बाजार के प्रदर्शन के अनुसार बढ़ या घट सकती है। इसका अर्थ यह नहीं है कि फंड पर निश्चित ब्याज मिलता रहेगा। इक्विटी और बॉन्ड में निवेश की मात्रा के अनुसार जोखिम और संभावित रिटर्न बदल सकते हैं।

किस्तों में पैसा लेने की सुविधा

एनपीएस में चरणबद्ध निकासी के विकल्प भी उपलब्ध हैं। इसके तहत पात्र निवेशक पूरी निकासी एक साथ करने के बजाय निर्धारित अंतराल पर रकम ले सकते हैं। कुछ विकल्पों में एकमुश्त निकासी वाली रकम को किस्तों में लेने की सुविधा मिलती है, जबकि व्यवस्थित यूनिट निकासी के तहत निवेश की यूनिटें निर्धारित समय के अनुसार भुनाई जाती हैं। यह व्यवस्था म्यूचुअल फंड की व्यवस्थित निकासी योजना जैसी लग सकती है, लेकिन दोनों को एक जैसा नहीं समझना चाहिए।

एन्युटी से कैसे मिलेगी पेंशन?

एन्युटी एक ऐसा वित्तीय उत्पाद है, जिसे बीमा कंपनी से खरीदने पर चुनी गई योजना की शर्तों के अनुसार नियमित पेंशन मिलती है। एनपीएस में लागू नियमों के तहत कुछ स्थितियों में फंड का एक हिस्सा एन्युटी खरीदने के लिए इस्तेमाल करना पड़ता है। इससे रिटायरमेंट के बाद नियमित आय का स्रोत बन सकता है। एन्युटी खरीदने से पहले उसकी पेंशन दर, भुगतान की शर्तें, जीवनसाथी को मिलने वाले लाभ और मृत्यु के बाद खरीद मूल्य की वापसी जैसे विकल्पों को समझना चाहिए। अलग-अलग योजनाओं में मिलने वाली पेंशन और शर्तें अलग हो सकती हैं। एन्युटी का चुनाव केवल अनुमानित मासिक पेंशन देखकर नहीं करना चाहिए।

इन बातों पर दें ध्यान

सबसे पहले अपने एनपीएस खाते की श्रेणी और जमा फंड की मौजूदा राशि की जांच करें। इसके बाद यह तय करें कि रिटायरमेंट के बाद मासिक खर्च चलाने के लिए कितनी रकम चाहिए और अन्य स्रोतों से कितनी आय मिलेगी। यदि तुरंत बड़ी रकम की जरूरत है, तो एकमुश्त निकासी का विकल्प उपयोगी हो सकता है। वहीं नियमित आय की जरूरत होने पर एन्युटी या चरणबद्ध निकासी पर विचार किया जा सकता है। खाते में नामांकित व्यक्ति, बैंक खाते और अन्य जरूरी विवरण भी अपडेट रखें। निकासी से जुड़े कर नियमों की पुष्टि करना न भूलें। यह मानकर न चलें कि एनपीएस से निकाली गई हर रकम और उससे बाद में होने वाली कमाई हमेशा कर-मुक्त होगी।

आरएचपी में कारोबार, वित्तीय स्थिति और प्रमोटर्स के रिकॉर्ड को देखें

आईपीओ में पैसा लगाने से पहले परखें कंपनी की असली ताकत

- रकम के इस्तेमाल और शेयर के मूल्यांकन की भी जांच जरूरी
- केवल लिस्टिंग गेन की उम्मीद में निवेश करना पड़ सकता है भारी

बिजनेस डेस्क

शेयर बाजार में जब भी किसी कंपनी का आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) आता है, निवेशकों के बीच उसे लेकर उत्सुकता बढ़ जाती है। ग्रे मार्केट प्रीमियम, संभावित लिस्टिंग गेन और दूसरे निवेशकों की दिलचस्पी के आधार पर कई लोग आवेदन करने का फैसला कर लेते हैं, लेकिन किसी आईपीओ में भारी मांग होना इस बात की गारंटी नहीं है कि कंपनी भी उतनी ही मजबूत है या उसके शेयर से अच्छा मुनाफा मिलेगा। कई बार आकर्षक प्रचार के पीछे कमजोर वित्तीय स्थिति, बढ़ता कर्ज या जरूरत से ज्यादा मूल्यांकन छिपा हो सकता है। ऐसे में निवेशकों के लिए जरूरी है कि वे कंपनी की असली स्थिति समझने के बाद ही पैसा लगाने का फैसला करें। इसके लिए रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (आरएचपी) एक महत्वपूर्ण दस्तावेज है। इसमें कंपनी के कारोबार, वित्तीय प्रदर्शन, जोखिम, प्रबंधन, प्रमोटर्स और आईपीओ से जुटाई जाने वाली रकम के इस्तेमाल की जानकारी दी जाती है। दस्तावेज बड़ा जरूर होता है, लेकिन कुछ अहम पहलुओं पर ध्यान देकर निवेशक बेहतर निर्णय ले सकते हैं।

1. कंपनी का कारोबार और कमाई का आधार समझें

आईपीओ में निवेश करने से पहले सबसे पहले यह समझें कि कंपनी क्या कारोबार करती है, उसके ग्राहक कौन हैं और उसकी कमाई किन उत्पादों या सेवाओं से होती है। यह भी देखें कि कंपनी जिस क्षेत्र में काम करती है, वहां भविष्य में कारोबार बढ़ने की कितनी संभावनाएं हैं और प्रतिस्पर्धा कितनी कड़ी है। केवल कंपनी के विस्तार संबंधी दावों पर भरोसा करना पर्याप्त नहीं है। पिछले तीन वित्तीय वर्षों की बिक्री, मुनाफे और नकदी प्रवाह के आंकड़ों की तुलना करें। अगर बिक्री लगातार बढ़ रही है, लेकिन मुनाफा स्थिर है या घट रहा है, तो इसकी वजह जानना जरूरी है। इसी तरह, कंपनी के खाते में मुनाफा दिखने के बावजूद अगर उसके नियमित कारोबार से पर्याप्त नकदी नहीं आ रही है, तो यह चिंता का संकेत हो सकता है। यह भी देखें कि कंपनी की कमाई कुछ ही बड़े ग्राहकों पर निर्भर तो नहीं है।

2. प्रमोटर्स और प्रबंधन का पिछला रिकॉर्ड जांचें

कंपनी की सफलता में उसके प्रबंधन और प्रमोटर्स की भूमिका महत्वपूर्ण होती है। इसलिए आरएचपी में उनके अनुभव, पिछली कारोबारी गतिविधियों और कंपनी चलाने के तरीके से जुड़ी जानकारियों पर ध्यान दें। देखें कि प्रमोटर्स ने पहले किन कारोबारों में काम किया है और उनका रिकॉर्ड कैसा रहा है। कंपनी के प्रमुख अधिकारियों के वेतन, प्रमोटर्स की हिस्सेदारी और गिरवी रखे गए शेयरों की जानकारी भी उपयोगी हो सकती है। इसके अलावा, कंपनी या उसके प्रमुख अधिकारियों के खिलाफ चल रहे महत्वपूर्ण कानूनी मामलों, नियामकीय कार्रवाई और वित्तीय अनियमितताओं से जुड़े खुलासों को ध्यान से पढ़ें।

3. प्रमोटर्स से जुड़ी कंपनियों के लेनदेन पर नजर रखें

कई कंपनियां अपने प्रमोटर्स, उनके परिवार के सदस्यों या उनसे जुड़ी दूसरी संस्थाओं के साथ कारोबार करती हैं। इन्हें संबंधित पक्षों के साथ लेनदेन कहा जाता है। ऐसे लेनदेन अपने आप में गलत नहीं हैं, लेकिन इनकी रकम, शर्तों और कारोबारी औचित्य की जांच जरूरी है। आरएचपी में देखें कि कंपनी प्रमोटर्स से जुड़ी संस्थाओं को कितना भुगतान करती है, उनसे कितना सामान या सेवाएं खरीदती है और उन्हें कितना पैसा देती है। यह भी समझें कि लेनदेन सामान्य कारोबारी शर्तों पर हो रहा है या नहीं। पिछले तीन वर्षों के आंकड़ों में अचानक बड़ी बढ़ोतरी, असामान्य भुगतान या संबंधित पक्षों के साथ लगातार बढ़ते लेनदेन दिखाई दें, तो उनकी वजह तलाशें।

4. आईपीओ से जुटाई जाने वाली रकम का इस्तेमाल जानें

आईपीओ में आवेदन करने से पहले यह समझना जरूरी है कि कंपनी निवेशकों से पैसा क्यों जुटा रही है। आम तौर पर आईपीओ में फ्रेश इश्यू और ऑफर फॉर सेल (ओएफएस) शामिल हो सकते हैं। फ्रेश इश्यू में कंपनी नए शेयर जारी करके रकम जुटाती है, जबकि ओएफएस में मौजूदा शेयरधारक अपने शेयर बेचते हैं। ओएफएस से मिलने वाली रकम कंपनी के बजाय शेयर बेचने वाले निवेशकों को मिलती है। आरएचपी में देखें कि फ्रेश इश्यू से मिलने वाले पैसे का इस्तेमाल किस उद्देश्य से किया जाएगा। कंपनी कर्ज चुकाना चाहती है, नई उत्पादन क्षमता स्थापित करना चाहती है, कारोबार का विस्तार करना चाहती है या सामान्य कॉरपोरेट जरूरतों के लिए रकम जुटा रही है? इन उद्देश्यों का कंपनी की भविष्य की वृद्धि पर क्या असर पड़ सकता है, इसे समझें। अगर कंपनी कर्ज चुकाने के लिए पैसा जुटा रही है, तो इससे उसकी वित्तीय स्थिति में सुधार हो सकता है।

5. शेयर का मूल्यांकन और जोखिम जरूर परखें

अच्छी कंपनी का आईपीओ भी खराब निवेश साबित हो सकता है, अगर उसके शेयर बहुत महंगे मूल्य पर पेश किए जा रहे हों। इसलिए कंपनी की वित्तीय स्थिति के साथ उसके मूल्यांकन की तुलना भी जरूरी है। आरएचपी में कंपनी की प्रति शेयर आय, मूल्य-आय अनुपात (पी/ई), शुद्ध परिसंपत्ति मूल्य और दूसरी वित्तीय जानकारियों को देखें। समान कारोबार करने वाली सूचीबद्ध कंपनियों के मूल्यांकन से इसकी तुलना करें। यह समझने की कोशिश करें कि कंपनी जिस कीमत पर शेयर पेश कर रही है, क्या उसका आधार मौजूदा कमाई, भविष्य की वृद्धि और कारोबारी संभावनाओं से मेल खाता है।

फ्रांस में अंजाम दी गई बेरोक-टोक अग्निकांडों और लूटपाट की वारदातों से समूची दुनिया स्तब्ध होकर रह गई है। आखिरकार इस विनाशकारी हिंसक आंदोलन की बुनियाद में कौन से प्रमुख कारण विद्यमान रहे हैं? अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इन हिंसक वारदातों के लिए फ्रांस के इस्लामी प्रवासियों को जिम्मेदार ठहराया है, जबकि फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों इसके पीछे अल्ट्रा लेफ्ट ताक़तों को जिम्मेदार मानते हैं। इस हिंसक विरोध आंदोलन की कड़ियां भारत तक जुड़ गई हैं। इसमें विदेशी संगठनों की भूमिका पर भी सवाल उठ रहे हैं। इन गतिविधियों का उद्देश्य केवल सरकारों की नीतियों का विरोध करना है या चुनी हुई सरकारों को अस्थिर करना भी है? इन सवालों ने हाल ही में अमेरिकी समाचार चैनल फॉक्स न्यूज की एक खोजी रिपोर्ट के बाद चर्चा का रूप ले लिया है। यूरोप के हिंसक प्रदर्शनों से भारत को सबसे बड़ा सबक यह मिलता है कि लोकतंत्र केवल चुनाव कराने तक सीमित नहीं है। उसकी वास्तविक मजबूती नागरिकों के भरोसे, संस्थाओं की निष्पक्षता, शांतिपूर्ण असहमति की स्वतंत्रता और कानून के समान अनुपालन में निहित है। भारत ने जिस तरह से हालिया प्रदर्शनों को नियंत्रित किया है, उस पर टिप्पणी को लेकर मानवाधिकार संगठनों का छद्म छलावा प्रदर्शित होता है। *इन्हीं मुद्दों की पड़ताल करता आजकल का यह खास अंक...*

फ्रांस से उठा यूरोप में फैला हिंसक तूफान




विश्लेषण

प्रभात कुमार राय

विदेश मामलों के जानकार

संपूर्ण दुनिया स्तब्ध होकर रह गई है, जबकि फ्रांस की राजधानी पेरिस और आसपास के नगरों की सार्वजनिक इमारतों से उठती हुई विनाशकारी अग्नि ज्वालाओं का दुनिया ने दीदार किया। फ्रांस में अंजाम दी गई बेरोक-टोक अग्निकांडों और लूटपाटों ने फ्रांस का ही नहीं, वरन् समूची दुनिया के दिल को हिला कर रख दिया है। इंतहा तो तब हो गई, जब पेरिस से उठा हिंसककारी आंदोलन अल्बानिया, इटली, स्पेन, सर्बिया आदि यूरोप के अनेक देशों में भी फैल गया है। आखिरकार इस विनाशकारी हिंसक आंदोलन की बुनियाद में कौन से प्रमुख कारण विद्यमान रहे हैं? अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा फ्रांस में अंजाम दी गई हिंसक वारदातों के लिए फ्रांस के इस्लामी प्रवासियों को जिम्मेदार ठहराया गया है। ट्रंप ने अपने मतदाताओं को खबरदार करते हुए फरमाया कि बस आप फ्रांस को देख लीजिए। ट्रंप ने यह भी कहा कि फ्रांस का पेरिस नगर बहुत जल्दी एक मुस्लिम बहुल नगर बन जाएगा।

फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने डोनाल्ड ट्रंप के बयान को बेहूदा और एकदम गलत बताया। यह कहना कि फ्रांस के इस्लामी प्रवासियों की भारी भीड़ ने फ्रांस पर हमला किया है, डोनाल्ड ट्रंप की यह बात पूरी तरह से बेबुनियाद और सरासर झूठ है। मैक्रों ने कहा कि डोनाल्ड ट्रंप अपने चुनाव अभियान के लिए हमारे देश के विद्यार्थी आंदोलन के विषय में एकदम झूठ बोल रहे हैं। फ्रांस में हिंसक वारदातों के लिए फ्रांस की अल्ट्रा लेफ्ट ताक़तें जिम्मेदार हैं। 16 सितंबर 2026 का दिन था। पेरिस से तकरीबन 12 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है गांव का एक हाई स्कूल, जहां से फ्रांस में विद्यार्थियों के वर्तमान आंदोलन की शुरुआत हुई। विद्यार्थियों की दीर्घ काल से सरकार से मांग रही है कि उनके स्कूल में पर्याप्त संख्या में टीचर्स नहीं हैं और स्कूल की हालत बहुत जर्जर है। आखिरकार विद्यार्थियों द्वारा अपने स्कूल के दरवाजे बंद कर दिए गए। एक स्कूल से शुरू हुआ विद्यार्थी आंदोलन आसपास के स्कूलों में तेजी के साथ फैल गया, क्योंकि तकरीबन सभी स्कूलों के हालात बहुत ही खराब रहे हैं।



16 सितंबर 2026 का दिन था। पेरिस से तकरीबन 12 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है गांव का एक हाई स्कूल, जहां से फ्रांस में विद्यार्थियों के वर्तमान आंदोलन की शुरुआत हुई। विद्यार्थियों की दीर्घ काल से सरकार से मांग रही है कि उनके स्कूल में पर्याप्त संख्या में टीचर्स नहीं हैं और स्कूल की हालत बहुत जर्जर है। आखिरकार विद्यार्थियों द्वारा अपने स्कूल के दरवाजे बंद कर दिए गए। एक स्कूल से शुरू हुआ विद्यार्थी आंदोलन आसपास के स्कूलों में तेजी के साथ फैल गया, क्योंकि तकरीबन सभी स्कूलों के हालात बहुत ही खराब रहे हैं। इन स्कूलों के अध्यापक भी विद्यार्थियों के आंदोलन में शामिल हो गए और उनके मेहनतकश मां-बाप भी धीमे-धीमे इसमें शामिल होने लगे। कुछ ही दिनों में आंदोलन तेजी से फ्रांस में विस्तारित हो गया।

फ्रांस में आपातकाल घोषित होने के आसार

वामपंथी शक्तियां बेहद खराब शिक्षा व्यवस्था, बेरोजगारी और कमरतोड़ महंगाई को इस अत्यंत हिंसक आंदोलन के लिए जिम्मेदार ठहरा रही हैं। 17 अक्टूबर को फ्रांस की राजधानी पेरिस के प्रदर्शन स्थल प्लाजा द ला रिपब्लिक पर तकरीबन आठ लाख लोग वस्तुतः बढ़ती हुई महंगाई और अच्छी सरकारी शिक्षा के लिए शांतिपूर्वक प्रदर्शन करने के लिए एकत्रित हुए थे। किंतु काले कपड़ों में कुछ नकाबपोश एक्टिविस्टों के एक गिरोह के आने के बाद शांतिपूर्ण प्रदर्शन अत्यंत हिंसक हो उठा। अभी तक तकरीबन पांच हजार उपद्रवियों को हिरासत में लिया गया है। फ्रांस के प्रधानमंत्री लेकोर्नो द्वारा भयानक हिंसा के लिए अल्ट्रा लेफ्ट के एक्टिविस्टों को दोषी करार दिया गया है। भयानक हिंसा के तांडव तत्पश्चात राष्ट्रपति मैक्रों द्वारा बयान जारी किया गया कि फ्रांस में आपातकाल नाफिज किया जा सकता है। फ्रांस के गृहमंत्री लारा न्युनेज ने कहा है कि पेरिस के अनेक नगरों में हिंसक विरोधी प्रदर्शन के बाद हालात दंगा नियंत्रक पुलिस के नियंत्रण से बाहर निकल गए। गृहमंत्री द्वारा भी हिंसक दंगों के लिए अल्ट्रा लेफ्ट के एक्टिविस्टों को दोषी करार दिया गया है। फ्रांस में प्रदर्शनों का दौर जारी है। राष्ट्रपति मैक्रों की सरकार प्रदर्शनकारियों से बातचीत के लिए तैयार है।

6 माह बाद फ्रांस में होंगे चुनाव

ये सभी मेहनतकश किसानों और मजदूरों के बच्चों के सरकारी स्कूल हैं। इन स्कूलों के अध्यापक भी विद्यार्थियों के आंदोलन में शामिल हो गए और उनके मेहनतकश मां-बाप भी धीमे-धीमे इसमें शामिल होने लगे। उल्लेखनीय है कि कुछ ही दिनों में हाई स्कूल के विद्यार्थियों का आंदोलन बहुत तेजी के साथ संपूर्ण फ्रांस में विस्तारित हो गया। हाई स्कूल के विद्यार्थियों के आंदोलन में फ्रांस की यूनिवर्सिटियों के विद्यार्थी भी शामिल होने लगे और अमीरों के स्कूलों के विद्यार्थी भी इस आंदोलन को अपना समर्थन प्रदान करने के लिए सड़कों पर आ गए। फ्रांस के मजदूरों की ट्रेड यूनियन्स भी आंदोलन में शामिल हो गई। विद्यार्थी आंदोलन का मुकाबला करने के लिए दंगा नियंत्रक पुलिस फोर्स भेजी गई। क्योंकि ये कहीं-कहीं आंदोलन हिंसक होने लगा था। उल्लेखनीय है कि अगले वर्ष 6 महीनों के बाद फ्रांस में राष्ट्रपति के चुनाव आयोजित होने वाले हैं। राष्ट्रपति चुनाव में मुख्य मुकाबला वामपंथी और दक्षिणपंथी उम्मीदवारों के बीच होना है। राष्ट्रपति पद की प्रबल दावेदार हैं प्रवासी विरोधी अति राष्ट्रवादी दक्षिणपंथी मरीन ले पेन और पूंजीवाद के घोर विरोधी वामपंथी उम्मीदवार जीन ल्यूक मेलेचोन।

राजनीतिक दल भी शामिल

फ्रांस के राजनीतिक दल भी इस हिंसक बन चुके आंदोलन में शामिल होकर अपने-अपने लिए सुर्खियां बटोरने की होड़ में जुटे हुए हैं। इस वक्त फ्रांस में हिंसक तांडव अत्यंत तीव्रता के साथ बढ़ रहा है। फ्रांस के आंदोलन में जारी भयानक आगजनी और हिंसक तांडव फ्रांस के वर्तमान इतिहास में सबसे खराब घटनाओं में से एक रहा है। फ्रांस में हिंसक तनाव राजनीति के गलियारों से लेकर सड़कों तक तांडव करता नजर आ रहा है। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के मुख्यालय एलिसी पैलेस के अनुसार देश के गृहमंत्री लॉरेंट न्युनेज ने अपना त्यागपत्र देने की पेशकश की थी, जिसे राष्ट्रपति ने अस्वीकार कर दिया और फरमाया कि फ्रांस की सड़कों को सुरक्षित बनाने के लिए और भयानक हिंसा के दोषी अपराधियों को इंसाफ के कठघरे में लाने के लिए सख्त तौर तरीके अख्तियार किए जाएं। फ्रांस की हुकूमत के मुताबिक तकरीबन दो हजार दुकानों और व्यवसायों में आगजनी और लूटपाट अंजाम दी गई है। दंगा नियंत्रक पुलिस द्वारा हिंसक भीड़ पर आंसू गैस के गोले दागे गए। वाटर कैनन की बौछारें की गई। जगह-जगह पर पुलिस को उपद्रवी भीड़ को लाठियां से पीटते हुए देखा गया।

मैक्रों की नीतियों की आलोचना

कहीं भी फ्रांस की दंगा नियंत्रक पुलिस द्वारा हिंसक उपद्रवियों पर गोलियां नहीं दागी गई। सिर्फ एक व्यक्ति के हताहत होने का समाचार है। फ्रांस के गृहमंत्रालय के अनुसार 17 अक्टूबर को लगभग एक हजार पुलिसकर्मी बुरी तरह से घायल हुए। जिसमें सात की हालत बहुत गंभीर है। विश्व पटल पर प्रख्यात पर्यटक सिटी ऑफ़ लाइट पेरिस में आजकल दुर्भाग्यवश अंधकार छाया हुआ है। राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों द्वारा पेरिस के कुछ हिस्सों में और कुछ अन्य शहरों में कर्फ्यू नाफीज कर दिया गया है। फ्रांस के राष्ट्रपति मेक्रों ने राष्ट्र को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय एकता और शांति बनाए रखने का आह्वान किया। राष्ट्रपति द्वारा फ्रांसीसी जनता को आश्वासन देने का प्रयास किया गया कि हिंसा के दोषियों को कानून द्वारा कठोरतापूर्वक दंडित किया जाएगा। राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों की नीतियों की जमकर आलोचना भी की जा रही है। कहा जा रहा है कि उनके शासनकाल के दौरान फ्रांस के हालात बद से बदतर होते गए हैं। फ्रांस की दक्षिणपंथी शक्तियां मध्यमार्गी राष्ट्रपति मैक्रों की फ्रांसीसी हुकूमत को उसकी विनाशकारी प्रवासी नीतियों के लिए जिम्मेदार ठहरा रही हैं

एकांगी दृष्टिकोण के असर में मानवाधिकार संगठन



दिखावा

उमेश चतुर्वेदी

राजनीतिक समीक्षक

यह कोई पहला मौका नहीं है, जब भारतीय सुरक्षा बलों और सरकार पर उसकी कार्रवाई को लेकर मानवाधिकार संगठनों ने सवाल उठाया हो। कश्मीर घाटी में आतंकी खून बहाते रहे, तब मानवाधिकार संगठनों ने कोई सवाल नहीं उठाया, लेकिन जब भी इन आतंकियों के खिलाफ भारतीय बलों ने कड़ी कार्रवाई की, उनके समर्थकों को सीखचों के पीछे डालना शुरू किया, मानवाधिकार संगठनों को उनके मानवाधिकार की चिंता होने लगी। ऐसे में हालिया आंदोलनों के दौरान भारत सरकार की कार्रवाई को लेकर मानवाधिकार संगठन सवाल नहीं उठाते तो ही हैरत होती। नीट परीक्षा के खिलाफ कांकरोच जनता पार्टी के बीस जुलाई के संसद मार्च के दौरान जो हिंसा हुई, उसके खिलाफ अगर सुरक्षा बल, ताकत का इस्तेमाल नहीं करते तो बाद में वे ही सवालों के घेरे में होते। संसद से महज दो सौ मीटर की दूरी पर जिस तरह आंदोलन में शामिल असामाजिक और अराजक तत्व उकसाऊ कार्रवाई कर रहे थे, उसमें पुलिस और प्रशासन के पास बल प्रयोग के अलावा कोई दूसरा चारा भी नहीं था। सोचिए अगर, उस दिन उपद्रवी संसद में घुस जाते और भारतीय संसद के साथ कुछ वैसी ही अनहोनी होती, जैसा अभी हालिया प्रदर्शन के दौरान अल्बानिया में हुआ है तो क्या भारतीय लोकतांत्रिक समाज उसे स्वीकार कर पाता? भारत में हालिया आंदोलनों की शुरूआत नीट परीक्षा में धांधली के विरोध में हुई। इसी दौरान अचानक से एक नई पार्टी 'कॉकरोच जनता पार्टी' बनी और उसके बैनर तले देशभर के युवाओं ने दिल्ली के जंतर-मंतर पर डेरा डाल दिया। मर्यादित आंदोलनों के जरिए लोक अपना गुस्सा निकालकर शांत हो जाता है। लेकिन ध्यान रखना चाहिए कि लोक में अराजक तत्व भी होते हैं और वे आंदोलनों की ताक में रहते हैं। लोकतांत्रिक आंदोलनों में वे मौका पाते ही घुस जाते हैं और अराजकता को बढ़ावा देते हैं। कॉकरोच जनता पार्टी के बीस जुलाई के संसद में मार्च में ऐसा ही हुआ। कॉकरोच जनता पार्टी के संसद मार्च में ऐसा ही हुआ। सुरक्षा बलों पर पत्थर फेंकने में जेनुइन छात्रों की संख्या कम, अराजक और असामाजिक तत्वों की संख्या ज्यादा रही। इस तथ्य को सुरक्षा बलों ने भी स्वीकार किया है। सुरक्षा बलों के नरम रूख के पीछे आंदोलन में शामिल युवा रहे। सुरक्षा बलों और प्रशासन को लगता था कि अगर युवाओं के खिलाफ कार्रवाई हुई तो मामला बिगड़ सकता है। लेकिन जैसे ही यह आंदोलन एसआईआर के खिलाफ और मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग की ओर बढ़ा, इसने राजनीतिक रंग ले लिया। निश्चित तौर पर इस पूरे आंदोलन में छात्र कहीं नेपथ्य में जाते हुए दिखे और मोर्चे पर कांग्रेस की अगुआई में विपक्षी दल दिखे। सुरक्षा बलों ने अपना संयम बनाए रखा। चुनाव आयोग पर प्रदर्शन के लिए संसद से निकले विपक्षी सांसदों और उनके समर्थकों को एहतियातन हिरासत में लिया गया। लोगों को जुटने से रोका गया। हो सकता है कि इस दौरान कुछ लोगों के साथ हाथापाई भी हुई हो, किसी को चोट लगी हो। आंदोलन में ऐसा होना स्वाभाविक भी है। दुनिया की कोई भी सरकार आंदोलनकारियों का फूलों से स्वागत नहीं करती। सरकार और सुरक्षा बलों ने जिस तरह संयम दिखाकर सिर्फ हिरासत में लेकर आंदोलन को हिंसक होने से रोकने में सफलता पाई, उसका समाज के एक बड़े हिस्से ने स्वागत भी किया है। आंदोलनकारियों के खिलाफ सड़कों पर उतरी जनता को आसानी से भाजपा का एजेंट कहा जा सकता है। लेकिन त्योहारी मौसम में कारोबारी नुकसान पहुंचा रहे कनॉट प्लेस के कारोबारियों का आंदोलन के विरोध में खड़ा होना मामूली बात नहीं है। इससे साफ हुआ कि जनता भी ऐसे आंदोलनों को पसंद नहीं कर रही। दुर्भाग्य यह है कि चाहे एमनेस्टी इंटरनेशनल हो या फिर ह्यूमनराइट वाच, या संयुक्त राष्ट्र संघ की समिति, उन्होंने इस पूरे घटनाक्रम, सुरक्षा बलों के संयम, प्रधानमंत्री को दी गई गालियों की ओर ध्यान नहीं दिया। एसआईआर और नीट परीक्षा में धांधली के खिलाफ हुए आंदोलनों के दौरान पुलिस कार्रवाई पर एमनेस्टी इंटरनेशनल और संयुक्त राष्ट्र संघ की समिति एवं विशेषज्ञों का चिंता जताना मामले का एक तरफा संज्ञान लेना है। ह्यूमन राइट्स वॉच और संयुक्त राष्ट्र की नस्लीय भेदभाव उन्मूलन समिति यानी यूएनसीईआरडी ने अपनी रिपोर्टों में, देश में धार्मिक अल्पसंख्यकों के खिलाफ भेदभावपूर्ण नीतियां अपनाने और उनके खिलाफ नफरती भाषण आदि का आरोप लगाया है। ये संगठन विदेशी अंशदान नियमन अधिनियम यानी एफसीआरए और कड़े आतंकवाद-विरोधी कानूनों, मसलन यूएपीएके दुरुपयोग का भी भारत पर आरोप लगाते रहे हैं। मानवाधिकार संगठन चाहे जो भी कहें, लेकिन विशेषकर राजधानी दिल्ली में जिस तरह सुरक्षा बलों ने खुद पर हुए हमलों के बावजूद जवाबी कार्रवाई में संयम दिखाया, उसकी तारीफ होनी चाहिए। पश्चिमी समाज और उसके कथित मानवाधिकार संगठनों का नजरिया विशेषकर तीसरी दुनिया के देशों के लिए एकतरफा ही रहा है। बेशक भारत आर्थिक रूप से दुनिया की चौथी बड़ी शक्ति बन चुका है, लेकिन अब भी भारत को लेकर उनकी सोच पुरानी ही है। जिसे अब देश की अधिसंख्य जनता समझने लगी है, इसीलिए अब ऐसे आरोपों और पर्यवेक्षणों से भारतीय मानस उस तरह प्रभावित नहीं होता, जैसा अतीत में होता रहा है।

ह्यूमन राइट्स वॉच व संयुक्त राष्ट्र की नस्लीय भेदभाव उन्मूलन समिति यानी यूएनसीईआरडी ने अपनी रिपोर्टों में, देश में धार्मिक अल्पसंख्यकों के खिलाफ भेदभावपूर्ण नीतियां अपनाने और उनके खिलाफ नफरती भाषण आदि का आरोप लगाया है।

विरोध-प्रदर्शनों के पीछे अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क



रिपोर्ट

विवेक शुक्ला

वरिष्ठ पत्रकार

दुनिया के अलग-अलग देशों में होने वाले विरोध-प्रदर्शनों के बीच क्या कोई अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क भी काम कर रहा है? क्या कुछ विदेशी संगठन स्थानीय असंतोष को साझा राजनीतिक अभियान का रूप देने की कोशिश कर रहे हैं? और क्या इन गतिविधियों का उद्देश्य केवल सरकारों की नीतियों का विरोध करना है या चुनी हुई सरकारों को अस्थिर करना भी है? इन सवालों ने हाल ही में अमेरिकी समाचार चैनल फॉक्स न्यूज की एक खोजी रिपोर्ट के बाद चर्चा का रूप ले लिया है।

रिपोर्ट में फ्रांस में छात्र आंदोलनों और भारत में हुए राजनीतिक विरोध-प्रदर्शनों के बीच कथित संबंधों का उल्लेख किया गया है। इसमें इंडियन एलायंस पेरिस (आईएपी) नामक संगठन का भी जिक्र है। हालांकि, रिपोर्ट में लगाए गए आरोपों और स्वतंत्र रूप से प्रमाणित तथ्यों के बीच अंतर करना जरूरी है। फॉक्स की रिपोर्ट में दावा किया गया है कि विभिन्न देशों में सक्रिय 101 संगठन विरोध-प्रदर्शनों के आयोजन, उनके प्रचार या उनके संदेशों को व्यापक स्तर पर प्रसारित करने में जुड़े हुए हैं। इस कथित नेटवर्क में वामपंथी और समाजवादी समूहों, छात्र संगठनों, श्रमिक संघों, मीडिया मंचों तथा राजनीतिक सक्रियता से जुड़े संगठनों की भूमिका है। इस दावे का आधार यह है कि अलग-अलग देशों में होने वाले आंदोलनों के बीच सोशल मीडिया संदेशों, सार्वजनिक बयानों, संगठनों के आपसी संपर्क और एकजुटता अभियानों के माध्यम से संबंध बनते दिखाई देते हैं। फ्रांस में छात्रों के आंदोलनों और भारत में मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ इस्तीफे की मांग से जुड़े विरोध-प्रदर्शनों का संदर्भ इसी सिलसिले में सामने आया है। यहां एक महत्वपूर्ण सवाल है। क्या विरोध-प्रदर्शनों के बीच वैचारिक समानता, साझा संदेश या अंतरराष्ट्रीय समर्थन अपने आप में किसी गुप्त साजिश का प्रमाण है? ऐसे संबंध किसी संगठित राजनीतिक अभियान की मौजूदगी का संकेत दे सकते हैं, लेकिन उनसे यह स्वतः सिद्ध नहीं होता कि संबंधित संगठन किसी चुनी हुई सरकार को गिराने या विरोध-प्रदर्शन शुरू कराने की योजना चला रहे हैं। फॉक्स न्यूज की रिपोर्ट में इंडियन एलायंस पेरिस को फ्रांस में सक्रिय भारतीय मूल के छात्रों, शोधकर्ताओं और पेशेवरों से जुड़ा संगठन बताया गया है। इस संगठन ने फ्रांस प्रदर्शनों से संबंधित संदेशों को सोशल मीडिया पर साझा किया और भारत तथा फ्रांस में युवाओं के आंदोलनों के बीच समानताओं को रेखांकित किया। रिपोर्ट में न्यूयॉर्क स्थित पीपुल्स फोरम और अंतरराष्ट्रीय राजनीतिक मंच प्रोग्रेसिव इंटरनेशनल का भी उल्लेख किया गया है। इन संगठनों और कुछ अन्य समूहों के बीच संपर्कों को आधार बनाकर यह सवाल उठाया गया है कि क्या अलग-अलग देशों के आंदोलनों को साझा राजनीतिक दिशा देने की कोशिश हो रही है। इंडियन एलायंस पेरिस का नाम सामने आने से भारत में भी इस मुद्दे पर राजनीतिक बहस तेज हुई है। हालांकि, किसी संगठन का दूसरे संगठनों के साथ कार्यक्रम आयोजित करना, किसी आंदोलन का समर्थन करना या सोशल मीडिया पर संदेश साझा करना अपने आप में गैरकानूनी गतिविधि अथवा सरकार गिराने की साजिश का प्रमाण नहीं है। इसके लिए वित्तीय लेन-देन, निर्देशों, संगठनात्मक नियंत्रण और वास्तविक गतिविधियों से जुड़े ठोस साक्ष्यों की जरूरत होती है। इस पूरे विवाद का एक महत्वपूर्ण पहलू विदेशी वित्त पोषण है। रिपोर्ट में अमेरिकी कारोबारी नेविल रॉय सिंघम और उनसे जुड़े कुछ संगठनों का उल्लेख किया गया है। इस विषय पर विचार करते समय लोकतंत्र के दो बुनियादी सिद्धांतों को ध्यान में रखना होगा। पहला, चुनी हुई सरकारों को अस्थिर करने के लिए विदेशी धन, गुप्त निर्देशों या गैरकानूनी हस्तक्षेप का इस्तेमाल गंभीर चिंता का विषय हो सकता है। यदि ऐसे हस्तक्षेप के प्रमाण मिलते हैं, तो उनकी निष्पक्ष जांच होनी चाहिए और कानून के अनुसार कार्रवाई की जानी चाहिए। आवश्यक है कि किसी भी रिपोर्ट में किए गए दावों की जांच दस्तावेजों, वित्तीय रिकॉर्ड, प्रत्यक्ष साक्ष्यों और संबंधित संगठनों के जवाबों के आधार पर की जाए। यह भी देखना चाहिए कि संगठनों के बीच संबंध केवल वैचारिक समर्थन और प्रचार तक सीमित हैं या वास्तव में किसी देश की राजनीतिक व्यवस्था को प्रभावित करने के लिए निर्देशित गतिविधियां संचालित की गई हैं।



इंडियन एलायंस पेरिस का नाम सामने आने से भारत में भी इस मुद्दे पर राजनीतिक बहस तेज हुई है। हालांकि, किसी संगठन का दूसरे संगठनों के साथ कार्यक्रम आयोजित करना, किसी आंदोलन का समर्थन करना या सोशल मीडिया पर संदेश साझा करना अपने आप में गैरकानूनी गतिविधि अथवा सरकार गिराने की साजिश का प्रमाण नहीं है।

समय पर संवाद और समाधान जरूरी



मंथन


योगेश कुमार सोनी

स्वतंत्र पत्रकार

लोकतंत्र में विरोध प्रदर्शन जनता की आवाज बुलंद करने का एक महत्वपूर्ण माध्यम हैं। जब सरकारें जनभावनाओं को अनसुना करती हैं, नीतियों से असंतोष बढ़ता है या लोगों को लगता है कि उनकी समस्याओं का समाधान नहीं हो रहा तब सड़कों पर उतरकर विरोध करना स्वाभाविक है। जब यही विरोध हिंसा, आगजनी, तोड़फोड़ और पुलिस से टकराव का रूप ले लेता है, तो सवाल केवल प्रदर्शनकारियों के उद्देश्यों का नहीं रह जाता, बल्कि लोकतांत्रिक व्यवस्था, सामाजिक स्थिरता और कानून के शासन का भी बन जाता है। यूरोप के विभिन्न देशों में समय-समय पर हुए हिंसक प्रदर्शनों से भारत को भी कई महत्वपूर्ण सबक मिलते हैं। हालांकि यूरोप एक समान राजनीतिक या सामाजिक इकाई नहीं है।

फ्रांस में पेंशन सुधारों के विरोध, किसानों के आंदोलन, ब्रिटेन में दंगों और अन्य देशों में आर्थिक असंतोष से जुड़े प्रदर्शनों की परिस्थितियां अलग-अलग रही हैं। इसलिए हर घटना को एक ही नजरिये से देखने के बजाय उसके कारणों और परिणामों को समझना आवश्यक है। हिंसक प्रदर्शनों का पहला सबक यह है कि जन-असंतोष को समय रहते समझना और उसका समाधान करना किसी भी सरकार की जिम्मेदारी है। महंगाई, बेरोजगारी, आर्थिक असमानता, किसानों की समस्याएं, सामाजिक भेदभाव और भविष्य को लेकर असुरक्षा जैसे मुद्दे लोगों में नाराजगी पैदा कर सकते हैं। यदि नागरिकों को लगता है कि उनकी बात सुनने वाला कोई नहीं है, तो व्यवस्था के प्रति अविश्वास गहरा सकता है। भारत जैसे विशाल और विविधतापूर्ण देश में यह चुनौती और भी महत्वपूर्ण है। यहां भाषाई, धार्मिक, जातीय, क्षेत्रीय और आर्थिक विविधता के कारण अलग-अलग वर्गों की अपेक्षाएं भी अलग हैं। सरकारों को चाहिए कि वे नीतियों के निर्माण और क्रियान्वयन में जनसंवाद को प्राथमिकता दें। समय पर संवाद और शिकायतों का समाधान कई बार उस स्थिति को पैदा होने से रोक सकता है, जिसमें सामान्य विरोध उग्र हो जाता है। हालांकि यह भी समझना जरूरी है कि हर हिंसक घटना का कारण सरकारी नीतियों की विफलता ही नहीं होता। अफवाहें, संगठित उकसावे, आपराधिक तत्व और राजनीतिक ध्रुवीकरण भी परिस्थितियों को बिगाड़ सकते हैं। लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत यह है कि नागरिक सरकार की नीतियों से असहमति जता सकते हैं। शांतिपूर्ण प्रदर्शन, धरना, जुलूस और सार्वजनिक बहस लोकतांत्रिक व्यवस्था के आवश्यक अंग हैं। लेकिन किसी नीति का विरोध करने का अधिकार सार्वजनिक संपत्ति जलाने, दुकानों को लूटने, वाहनों में आग लगाने या आम नागरिकों की सुरक्षा खतरे में डालने का अधिकार नहीं बन जाता। यूरोप की हिंसक घटनाएं यह याद दिलाती हैं कि जब विरोध की सीमा टूटती है, तो सबसे अधिक नुकसान अक्सर उन्हीं आम लोगों को उठाना पड़ता है जिनके हितों की रक्षा का दावा किया जाता है। कारोबार प्रभावित होता है, सार्वजनिक परिवहन बाधित होता है, छोटे दुकानदारों की आजीविका पर असर पड़ता है और भय का वातावरण बनता है। सोशल मीडिया जनसमस्याओं को सामने लाने, लोगों को संगठित करने और प्रशासन तक शिकायतें पहुंचाने का प्रभावी माध्यम है। लेकिन यही माध्यम भ्रामक सूचनाओं, पुराने वीडियो को नई घटना बताकर प्रसारित करने, नफरत फैलाने और भीड़ को उकसाने का जरिया भी बन सकता है। यूरोप और भारत, दोनों के संदर्भ में यह एक महत्वपूर्ण चुनौती है। तनावपूर्ण परिस्थितियों में बिना पुष्टि की गई खबरें आग में घी डालने का काम कर सकती हैं। नागरिकों को किसी भी संदेश या वीडियो को साझा करने से पहले उसकी सत्यता जांचनी चाहिए।

यूरोप के हिंसक प्रदर्शनों से भारत को सबसे बड़ा सबक यह मिलता है कि लोकतंत्र केवल चुनाव कराने तक सीमित नहीं है। उसकी वास्तविक मजबूती नागरिकों के भरोसे, संस्थाओं की निष्पक्षता, शांतिपूर्ण असहमति की स्वतंत्रता और कानून के समान अनुपालन में निहित है। आखिरकार किसी भी आंदोलन का उद्देश्य व्यवस्था को बेहतर बनाना होना चाहिए, उसे हिंसा और अराजकता के हवाले करना नहीं।



यूरोप की हिंसक घटनाएं याद दिलाती हैं कि जब विरोध की सीमा टूटती है, तो सबसे अधिक नुकसान अक्सर उन्हीं आम लोगों को उठाना पड़ता है जिनके हितों की रक्षा का दावा किया जाता है। कारोबार प्रभावित होता है, सार्वजनिक परिवहन बाधित होता है, छोटे दुकानदारों की आजीविका पर असर पड़ता है।

पीएम मोदी ने मैसूर में स्वामी विवेकानंद सांस्कृतिक युवा केंद्र का किया उद्घाटन

यह स्वामी विवेकानंद के विचारों, युवाओं के सशक्तिकरण और भारत की आध्यात्मिक-सांस्कृतिक विरासत को बढ़वा देगा, युवाओं को मिलेगी प्रेरणा

एजेंसी ▶▶ मैसूरु

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को कर्नाटक के मैसूरु स्थित श्री रामकृष्ण आश्रम में स्वामी विवेकानंद सांस्कृतिक युवा केंद्र विवेक स्मारक का उद्घाटन किया। यह स्मारक स्वामी विवेकानंद के विचारों, युवाओं के सशक्तिकरण और भारत की आध्यात्मिक-सांस्कृतिक विरासत को समर्पित एक महत्वपूर्ण केंद्र के रूप में प्रेरणा देगा। पीएम मोदी ने कहा कि भारत की अनादि सांस्कृतिक चेतना का केंद्र रहा है, यहां के मंदिर, परंपराएं और उत्सव, मैसूरू का दशहरा, भव्य महल, संगीत और साहित्य- भारत की समृद्ध विरासत इस शहर के कण-कण में रची-बसी है।



प्रधानमंत्री को स्मृति चिन्ह प्रदान करते संतजन

हम मिशन को विस्तार दे रहे पूजार्चन भी किया

पीएम मोदी ने कहा कि आज स्वामी विवेकानंद कल्चरल यूथ सेंटर, यानी 'विवेक स्मारक' के उद्घाटन के माध्यम से हम इस मिशन को नया विस्तार दे रहे हैं। मैं श्री रामकृष्ण आश्रम और इससे जुड़े सभी संतों, विद्वानों तथा कार्यकर्ताओं को हार्दिक बधाई देता हूं। प्रधानमंत्री ने विवेकानंद स्मारक पर आधारित विशेष फिल्म देखी और रामकृष्ण परमहंस, मां शारदा देवी तथा स्वामी विवेकानंद को श्रद्धांजलि दी। भगवान शिव मंदिर में पूजा-अर्चना कर समृद्ध आध्यात्मिक, सांस्कृतिक विरासत को नमन किया।

प्रधानमंत्री आज वाराणसी में देखेंगे एयर शो, इसके बाद जाएंगे ओडिशा

प्रधानमंत्री रविवार को उत्तर प्रदेश और ओडिशा के दौरे पर जाएंगे। वे वाराणसी में वायुसेना दिवस के मौके पर होने वाला हवाई प्रदर्शन देखेंगे और भुवनेश्वर में आरबीआई के डेटा सेंटर तथा साइबर सुरक्षा प्रशिक्षण संस्थान का उद्घाटन करेंगे। प्रधानमंत्री वाराणसी में अरविंद लिमिटेड की नई परिधान निर्माण इकाई का उद्घाटन करेंगे।

गृह मंत्री शाह ने की कानून व्यवस्था की समीक्षा

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह राष्ट्रीय राजधानी में कानून-व्यवस्था की स्थिति की समीक्षा करने के लिए शनिवार



दोपहर दिल्ली पुलिस मुख्यालय पहुंचे। शाह की वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक में कॉकरोच जनता पार्टी के हालिया विरोध प्रदर्शनों, मादक पदार्थों के खिलाफ कार्रवाई, विदेश से गिरोह चलाने वाले अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई और महिलाओं के विरुद्ध अपराध जैसे मुद्दों पर चर्चा हुई।

रांची पहुंचे नवीन ने राहुल को घेरा

सड़क से सदन तक देंगे जवाब देश में अराजकता की जगह नहीं



भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने शुक्रवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाया कि राहुल संवैधानिक संस्थाओं का अपमान कर रहे हैं। देश में अराजकता के लिए कोई जगह नहीं है। सड़क से संसद तक जवाब देंगे।

संगठन की रणनीति पर होगी चर्चा

नवीन शनिवार को भाजपा की प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक को संबोधित किया। इसमें झारखंड की राजनीतिक स्थिति, पार्टी की प्राथमिकताओं और आगामी रणनीति पर चर्चा होगी। संगठन के मुद्दों पर चर्चा करेंगे।

उत्तर प्रदेश फतह करने भाजपा का दौरा

नवीन 27 को तो 30 को शाह कार्यकर्ताओं में भरेंगे जोश

भाजपा अध्यक्ष नेता नितिन नवीन भी 27 अक्टूबर को आजमगढ़ में ओम प्रकाश राजभर के मंच पर मौजूद रहेंगे। इसके अलावा वे प्रदेश के संगठनात्मक क्षेत्रों का दौरा कर कार्यकर्ताओं में जोश भरने और सियासी हालात का जायजा लेने का काम करेंगे। गृह मंत्री अमित शाह 30 और 31 अक्टूबर को उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ का दौरा करेंगे। यहां वे प्रदेश कार्यसमिति की बैठक में हिस्सा लेंगे और चुनावी रणनीति व संगठन की तैयारियों पर चर्चा करेंगे। वे बूथ स्तर की तैयारियों को मजबूत करने का मंत्र भी देंगे।

खबर संक्षेप

मोदी पर जादू-टोना... नींबू-सिंदूर मिले, केस


मऊ। यूपी के मऊ जिले से एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। दोहरीघाट में श्मशान घाट के



पास जमीन पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तस्वीर मिली है। तस्वीर के आसपास नारियल, नींबू, लाल धागा और सिंदूर भी पाया गया। नींबू में बाकायदा सुई चुभाई गई है। इसका वीडियो जब सोशल मीडिया पर वायरल हुआ तो केस दर्ज हुआ।

स्कूल के अंदर छात्रा ने खुद को आग लगाई

पूर्वी दिल्ली। कृष्णा नगर स्थित राजकीय सर्वोदय स्कूल में शनिवार को 12वीं कक्षा की छात्रा ने आग



लगाकर खुदकुशी कर ली। स्कूल के सुरक्षा गार्ड के कमरे के बाहर वारदात को अंजाम दिया। आशंका है कि छात्रा ज्वलनशील पदार्थ बैग में रखकर स्कूल गई थी। किस विवाद के चलते यह कदम उठाया, जांच की जा रही है।

नोएडा सेक्टर-125 में आग, एक की मौत

नोएडा। नोएडा में सेक्टर-126 थाना क्षेत्र के सेक्टर-125 स्थित कृष्णा फूड पोइंट (होटल) में



शनिवार दोपहर आग गई। एक व्यक्ति की मौत हो गई है। आग लगने के बाद आसपास धुएं का गुबार छा गया। आग बुझाने के बाद दुकानों के अंदर टीम ने जांच की। प्रदीप कुमार चौबे ने बताया कि अज्ञात व्यक्ति जली अवस्था में मिला।

आंध्र प्रदेश में आग लगने से 7 की मौत

पिनाकोटा। आंध्र प्रदेश के अल्लूरी सीतारामराजू में सड़क निर्माण स्थल पर शनिवार को



पिकअप ट्रक में डीजल भरते समय आग लगने से 7 लोगों की मौत हो गई। पुलिस अधीक्षक ने बताया घटना अनंतगिरि मंडल के पिनाकोटा गांव में सड़क निर्माण स्थल पर हुई। श्रमिक वाहनों में ईंधन भरने के लिए आमतौर पर ड्रम में डीजल लेकर आते हैं।

अनंत सिंह जेडीयू से 6 साल के लिए निष्कासित

पटना। बिहार विधान परिषद चुनाव में बागी तेवर अपनाने वाले मोकामा विधायक अनंत सिंह को



नीतीश कुमार की पार्टी जेडीयू से निकाल दिया गया है।प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा ने 6 साल के लिए निष्कासित कर दिया। उनकी पत्नी एवं पूर्व विधायक नीलम देवी को भी जेडीयू से बाहर किया है। इसके साथ ही उनकी विधायकी खत्म करने पत्र लिखा है।

इंडी गठबंधन की 1 नवंबर की रैली पर भाजपा ने उठाए सवाल

सिखों की आहत भावनाओं पर नमक छिड़कने की कोशिश कर रहे राहुल, क्रूर मजाक न करें

पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में रविशंकर ने लगाए आरोप

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने दिल्ली में विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' की आगामी रैली को लेकर शनिवार को कांग्रेस पर निशाना साधा और आरोप लगाया कि राहुल गांधी एक नवंबर को ही कार्यक्रम आयोजित करने पर अड़े हैं, ताकि 1984 के सिख विरोधी दंगों के पीड़ितों के जख्मों पर नमक छिड़का जा सके। भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद ने यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में दावा किया कि 'इंडिया' गठबंधन के कई घटक दल कांग्रेस की एक नवंबर को रैली आयोजित करने की योजना से सहमत नहीं हैं और कार्यक्रम की तारीख बदलना चाहते हैं। उन्होंने आरोप लगाया, लेकिन राहुल गांधी अपनी जिद पर अड़े हैं और किसी की बात सुनने को तैयार नहीं हैं। प्रसाद ने आरोप लगाया, राहुल एक नवंबर को रैली आयोजित करने पर अड़े रहकर जानबूझकर सिखों की आहत भावनाओं पर नमक छिड़कने की कोशिश कर रहे हैं। वह सिखों के साथ क्रूर मजाक करने पर तुले हैं। हम इसकी कड़ी निंदा करते हैं।

दावा-गठबंधन के ही कई घटक राहुल की इस जिद से सहमत नहीं दिखाई दे रहे



यहीं पर भड़के थे सिख विरोधी दंगे

पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की 31 अक्टूबर, 1984 को हत्या के बाद दिल्ली और देश के अन्य हिस्सों में सिख विरोधी दंगे भड़क उठे थे। रामलीला मैदान में एक नवंबर को होने वाली 'इंडिया' गठबंधन की रैली को निर्वाचन आयोग के कामकाज में कथित अनियमितताओं और मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के खिलाफ निकाले जा रहे 'दिल्ली चलो' मार्च के समापन कार्यक्रम के रूप में बताया गया है। कांग्रेस ने दावा किया है कि 'वोट चोरी' के खिलाफ मार्च में कम से कम 10 लाख लोग शामिल होंगे। पार्टी ने कहा कि इससे लोकतंत्र और संविधान की रक्षा के मुद्दे पर 'एकजुटता' का मजबूत संदेश जाएगा।

केंद्रीय मंत्री गिरिराज का भी बड़ा हमला

राहुल बैलेट से नहीं, बुलेट से सत्ता चाह रहे, वे विदेशी दौरों की फंडिंग बताएं?



केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने राहुल गांधी पर जुबानी हमला किया। उन्होंने राहुल की विदेश यात्राओं की फंडिंग, विश्वविद्यालयों में लगाए गए नारों और राजनीतिक गतिविधियों को लेकर सवाल उठाए। सिंह ने कहा कि राहुल लोकतांत्रिक चुनावों के जरिए सत्ता हासिल करने के बजाए अव्यवस्था के माध्यम से सत्ता तक पहुंचना चाहते हैं। उन्होंने राहुल से 12 सालों में विदेश दौरों के खर्च, टिकट की व्यवस्था और विदेश में हुई मुलाकातों का विवरण मांगा है।

अन्य देशों में विपक्ष के नेता 'जंगली बंदरों' की तरह बर्ताव नहीं कर रहे

गिरिराज ने कहा कि दुनिया के कई देशों में छात्रों के आंदोलन देखने को मिल रहे हैं, लेकिन वहां विपक्ष के नेता 'जंगली बंदरों' की तरह बर्ताव नहीं कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी देश में बढ़ती राजनीतिक परिस्थितियों को लेकर व्याकुल हैं।

सीटीआई ने राहुल को लिखा पत्र

प्रदर्शन की तारीख बदलने की मांग उठाई वे भाई दूज के बाद करें आयोजन



दिल्ली के व्यापारी संगठन चेंबर ऑफ ट्रेड एंड इंडस्ट्री (सीटीआई) ने भी राहुल गांधी को पत्र लिखकर रैली की तारीख बदलने की मांग की है। संगठन के चेयरमैन बृजेश गोयल ने आग्रह किया है कि रामलीला मैदान में होने वाली रैली 10 नवंबर यानी भाई दूज के बाद कराई जाए। व्यापारियों का कहना है कि त्योहारों के दौरान बाजारों में सबसे ज्यादा खरीदारी होती है और ऐसे समय में रैली से कारोबार प्रभावित हो सकता है।

धनतेरस पर 25 हजार करोड़ के कारोबार का अनुमान

धनतेरस, दिवाली और भाई दूज दिल्ली के व्यापारियों के लिए अहम हैं। लोग सोना-चांदी, कपड़े, इलेक्ट्रॉनिक्स, बर्तन और दूसरे सामान की जमकर खरीदारी करते हैं। धनतेरस पर करीब 25,000 करोड़ का कारोबार होता है।

सीएम का खास फैसला बना कारण

अचानक थलपति विजय की तारीफ करने लगी केंद्र सरकार



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

तमिलनाडु के मुख्यमंत्री थलपति विजय की केंद्र सरकार ने तारीफ की है। इसे एक चौंकाने वाले कदम के रूप में देखा जा रहा है। केंद्र सरकार ने विजय की यह तारीफ उनके उस फैसले के लिए की है, जिसके तहत उन्होंने एविएशन टर्बाइन फ्यूल पर वैट कम किया है। क्रूड ऑयल के बढ़ते दाम के बीच इस फैसले ने एयरलाइंस कंपनियों को राहत दी है। तमिलनाडु ने चेन्नई में दर को 29 फीसदी से घटाकर 16 फीसदी कर दिया। वहीं, प्रदेश के अन्य सभी हवाई अड्डों पर इसे 1 फीसदी कर दिया। इसी बात को लेकर केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू ने विजय की तारीफ की है।

केंद्रीय मंत्री नायडू ने की तारीफ

केंद्रीय मंत्री ने एक्स पर पोस्ट में लिखा कि एविएशन टर्बाइन फ्यूल पर वैट कम करने के लिए तमिल नाडु सरकार के निर्णय की सराहना करते हैं। यह एविएशन सेक्टर के लिए एक स्वागत योग्य कदम है। इस पहल के लिए धन्यवाद, मुख्यमंत्री विजय। नायडू ने जोर देकर कहा कि केंद्र और राज्यों के बीच इस तरह का समन्वय हवाई यात्रा को अधिक सस्ती बनाने में महत्वपूर्ण है। असल में यह सब एक एयरलाइन की ऑपरेशन कॉस्ट से जुड़ा मामला है। ईंधन का हिस्सा आमतौर पर ऑपरेशन कॉस्ट की लगभग 30-40 फीसदी होता है। अब यह करीब 55-60 फीसदी तक बढ़ गया है। अमेरिका-ईरान युद्ध फरवरी में शुरू होने के बाद से जेट ईंधन की कीमतें लगातार बढ़ रही हैं।

विजय अब 45 किलो चंदन की लड़की दान करेंगे

ऐतिहासिक रूप से 16वीं सदी में तंजावुर के हिंदू राजा अच्युतप्पा नायक ने सूफ़ी संत शाहुल हमीद द्वारा अपनी गंभीर बीमारी ठीक किए जाने पर उनके साथियों को 81 हेक्टेयर (लगभग 200 एकड़) भूमि दान में दी थी। इसी दान की गई भूमि के एक हिस्से पर प्रसिद्ध नागौर दरगाह बनी हुई है। इस ऐतिहासिक दरगाह पर आयोजित होने वाले प्रसिद्ध 'कंदूरी उत्सव' के लिए तमिलनाडु के मुख्यमंत्री सी. जोसेफ विजय (थलपति विजय) ने अक्टूबर में सरकारी खजाने से 45 किलो उत्तम दर्जे की चंदन की लकड़ी दान (उपलब्ध) कराने का आदेश दिया है।

10,000 रुपए का निजी मुचलका भरने का निर्देश

दिल्ली में प्रदर्शन का मामला

नेहा का शांति मुचलका भरने से इनकार अधिकार के हनन पर भी उठाए सवाल

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

ऑल इंडिया स्टूडेंट्स एसोसिएशन की अध्यक्ष नेहा बोरा ने विशेष कार्यकारी मजिस्ट्रेट के समक्ष शांति मुचलका भरने से शनिवार को इनकार कर दिया। इससे एक दिन पहले दिल्ली उच्च न्यायालय ने पुलिस के उस नोटिस को चुनौती देने वाली उनकी याचिका खारिज कर दी थी, जिसमें उन्हें 10,000 का निजी मुचलका और इतनी ही राशि का एक जमानती प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया था। बोरा ने नोटिस पर सवाल उठाते हुए पूछा, मुझसे



किसकी शांति बनाए रखने के लिए कहा जा रहा है? पुलिस नोटिस में बोरा को 19 अक्टूबर को विशेष कार्यकारी मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश होने और वजह स्पष्ट करने को कहा गया था कि जांच की अवधि के दौरान शांति रखने के लिए निजी मुचलका और एक जमानतदार देने के लिए क्यों न कहा जाए?

शांतिपूर्ण प्रदर्शन करना एक लोकतांत्रिक अधिकार

बोरा ने कहा कि सड़कों पर शांतिपूर्ण प्रदर्शन करना एक लोकतांत्रिक अधिकार है। उन्होंने सवाल उठाया कि सरकार के खिलाफ अपनी चिंताएं जाहिर करने को शांति के लिए खतरा कैसे माना जा सकता है। सत्तासीन से सवाल पूछने और असहमति जताने का अधिकार लोकतंत्र का मूल आधार है। हम सरकार से कोई सवाल नहीं पूछेंगे। सवाल पूछना हमारा अधिकार है।

टाइगर पर फायरिंग का मामला

तुम्हारे चेहरे टीवी पर आ गए, निकलो वहां से... हैंडलर्स दे रहे थे अपने शूटर्स को पूरी जानकारी

एजेंसी ▶▶ मुंबई

'वॉयस ओवर इंटरनेट प्रोटोकॉल' एप्स का कर रहे थे इस्तेमाल

18 अक्टूबर की शाम अभिनेता टाइगर श्रॉफ पर फायरिंग करने के बाद भागने वाले तीनों शूटर्स को उनके 'हैंडलर्स' से रियल-टाइम अपडेट मिल रहे थे। ये अपडेट उन्हें न्यूज चैनलों की खबरों को देखकर मिल रहे थे। जैसे ही उनके चेहरे न्यूज चैनल पर दिखे तो उनके हैंडलर्स ने उनसे कहा कि तुम्हारे चेहरे टीवी पर आ गए हैं, निकल जाओ वहां से। जैसे-जैसे मीडिया न्यूज अपडेट प्रसारित कर रहे थे, वैसे-वैसे हैंडलर्स एनक्रिप्टेड 'वॉयस ओवर इंटरनेट प्रोटोकॉल' मैसेजिंग ऐप्स के जरिए सीधे शूटर्स तक जानकारी पहुंचा रहे थे।

मीडिया चैनलों से मिल रही थी पल-पल की अपडेट





न्यूज चैनलों पर हमले के फुटेज पर थी नजर

क्राइम ब्रांच के सूत्रों के अनुसार भागने के दौरान एक समय ऐसा आया जब न्यूज चैनलों पर हमले के फुटेज दिखाए गए। उस वक्त मुख्य संदिग्धों में से एक को अपने मोबाइल फोन पर एक जरूरी निर्देश मिला 'तुम्हारे चेहरे टीवी आ गए हैं, निकल जाओ वहां से।'

सिने एसोसिएशन चिंतित

शिफ्ट होगी फिल्म इंडस्ट्री! आगंतुकों की पहचान हो

टाइगरपर हुई गोलीबारी की घटना के बाद फेडरेशन ऑफ सिने एम्प्लॉइज के प्रतिनिधि बीएन तिवारी ने सितारों की सुरक्षा पर चिंता जताई है। शूटिंग के दौरान हर व्यक्ति की पहचान सुनिश्चित होनी चाहिए। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर कोई बाहरी व्यक्ति भीड़ में शामिल होकर किसी कलाकार पर गोली चलाता है, तो इसकी जिम्मेदारी प्रोड्यूसर और उसे शूटिंग पर लाने वाली टीम की होगी।

जंतर-मंतर हिंसा पर सुप्रीम कोर्ट से गठित समिति की कार्रवाई

महिला प्रदर्शनकारियों से दुर्व्यवहार, पैलेट गन पर करेगी जांच

उच्चस्तरीय जांच समिति 29-30 को प्रभावित लोगों की बात सुनेगी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

जंतर-मंतर पर जुलाई में हुए हिंसक टकराव के दौरान क्या प्रदर्शनकारियों पर पेलेट गन का इस्तेमाल किया गया था? क्या महिला प्रदर्शनकारियों के साथ दुर्व्यवहार हुआ था? इन गंभीर आरोपों की जांच के लिए सुप्रीम कोर्ट की ओर से गठित उच्चस्तरीय जांच समिति 29 और 30 अक्टूबर को नई दिल्ली में प्रभावित लोगों की बात सुनेगी। समिति कथित पुलिस ज्यादती, प्रदर्शनकारियों के खिलाफ हिंसा और संपत्ति को हुए नुकसान से जुड़े मामलों की भी जांच करेगी। समिति का कार्यालय शिक्षा सदन, 17 राउज एवेन्यू इंस्टीट्यूशनल एरिया, नई दिल्ली में है।





संपत्ति को नुकसान के आरोपों की जांच होगी

सुरक्षा बलों की ओर से जरूरत से ज्यादा बल प्रयोग किए जाने और दोनों पक्षों की तरफ से संपत्ति को नुकसान पहुंचाने के आरोपों की भी पड़ताल होगी। कुछ छात्रों को चोटें आई थीं। इन चोटों के पीछे पेलेट गन के संभावित इस्तेमाल की आशंका जताई गई थी।

ये जांच समिति में शामिल

5 सदस्यीय समिति की अध्यक्षता सुप्रीम कोर्ट के सेवानिवृत्त न्यायाधीश न्यायमूर्ति आर. सुभाष रेड्डी कर रहे हैं। समिति में पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के पूर्व मुख्य न्यायाधीश रवि शंकर झा, दिल्ली हाईकोर्ट की पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति शालिंदर कौर, सीबीआई के पूर्व निदेशक ऋषि कुमार शुक्ला और मेघालय के पूर्व डीजीपी एलआर बिश्नोई शामिल हैं।

ऑनलाइन शिकायत की भी सुविधा दी

प्रभावित लोगों, गवाहों और अन्य की भागीदारी आसान बनाने के लिए समिति ने hpec.nic.in नाम से ऑनलाइन पोर्टल भी शुरू किया है। लोग बयान, शिकायतें और दस्तावेज जमा कर सकते हैं। समिति ने यह व्यवस्था सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के अनुरूप बनाई है, ताकि ऐसे गवाह भी अपनी बात रख सकें जिन्हें सुरक्षा या पहचान उजागर होने का खतरा हो।

गोवा में विमान ईंधन पर वैट घटा

इंडिगो ने की अन्य राज्यों से भी इसी तरह की अपील

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

गोवा सरकार ने एविएशन टर्बाइन फ्यूल (एटीएफ) पर लगने वाले मूल्य वर्धित कर (वैट) को घटाकर 7फीसदी कर दिया है, जिसका इंडिगो सहित कई एयरलाइंस ने स्वागत किया है। यह निर्णय शनिवार से प्रभावी हो गया। इसका उद्देश्य हवाई संपर्क को मजबूत करना तथा राज्य के महत्वपूर्ण पर्यटन क्षेत्र को बढ़ावा देना है। इंडिगो ने इस दूरदर्शी कदम के लिए सीएम प्रमोद सावंत का सार्वजनिक रूप से आभार व्यक्त किया है। एयरलाइन ने कहा कि ईंधन की लगातार उच्च लागत



को देखते हुए ऐसी वैट कटौती अहम है। उनका मानना है कि इससे उड़ानें सस्ती होंगी और देशभर के यात्रियों के लिए हवाई यात्रा सुलभ होगी। इंडिगो ने विशेष रूप से अन्य राज्यों से भी एटीएफ पर इसी तरह की वैट कटौती पर विचार करने का आग्रह किया और विमानन पारिस्थितिकी तंत्र पर प्रभाव पर जोर दिया।

फ्रांस और इटली में फिर देशव्यापी विरोध प्रदर्शन

पेरिस के संग्रहालय बंद, इटली में 30 से अधिक जगहों पर प्रदर्शन

पुलिस ने आंसू गैस छोड़ी, वाटर कैनन से खदेड़ा, 135 अरेस्ट

एजेंसी ▶▶ पेरिस

फ्रांस में महंगाई, स्कूलों में शिक्षकों की कमी और पढ़ाई की खराब व्यवस्था के खिलाफ प्रदर्शन तेज हो गए हैं। शनिवार को राजधानी पेरिस में करीब 1.10 लाख लोग सड़कों पर उतरे। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को रोकने के लिए आंसू गैस छोड़ी और वाटर कैनन से खदेड़ा। पेरिस में पुलिस ने 64 लोगों को गिरफ्तार किया, जबकि पूरे देश में 135 लोगों को हिरासत में लिया गया। पेरिस की अदालत ने पूर्व में पुलिस की तरफ से लगाई गई पाबंदी हटाकर युवाओं को प्रदर्शन की अनुमति दी है।

पेरिस में करीब 1.10 लाख लोग सड़कों पर उतरे



पेरिस में विरोध प्रदर्शन कर रहे लोगों की भीड़

70 हजार सुरक्षाकर्मी तैनात
हिंसा और लूटपाट रोकने के लिए देशभर में करीब 70 हजार सुरक्षाकर्मी तैनात किए गए थे। इनके साथ पुलिस की विशेष टीमें, करीब 20 बख्तरबंद वाहन और पानी की बौछार करने वाले 15 वाहन भी तैनात रहें। पिछले सप्ताह पांच लाख से अधिक लोग सड़कों पर उतर आए थे। इस दौरान बड़े पैमाने पर दुकानों में लूटपाट, गाड़ियों में आगजनी हुई थी।

अतिवामपंथी समूह भड़का रहे हिंसा
गृह मंत्री लॉरेंट नुनेज ने अति वामपंथी समूहों पर हिंसा और लूटपाट को बढ़ावा देने का आरोप लगाया। सरकार ने चेहरा ढककर प्रदर्शन करने पर भी रोक लगा दी है। पिछले सप्ताह 5 लाखा लोग प्रदर्शन में शामिल हुए थे।

व्यवसायिक प्रतिष्ठानों को ढका

'लूर्व', 'ओरसे संग्रहालय', 'पिकासो संग्रहालय' और 'ग्रैंड पैलैस' जैसे पेरिस के प्रमुख संग्रहालयों को शनिवार को बंद रखा गया। दुनिया के सबसे प्रतिष्ठित समकालीन कला मेलों में से एक 'आर्ट बेसेल' शुक्रवार को जनता के लिए खोला गया था, लेकिन उपद्रव की आशंका को देखते हुए आयोजकों ने सप्ताहांत के कार्यक्रमों को रद्द कर दिया। पिछले सप्ताहांत पेरिस के 'प्लेस डी ला रिपब्लिक" के पास एक बैंक शाखा और अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को उपद्रवियों से बचाने के लिए लकड़ी के बड़े टुकड़ों से ढक दिया गया है।

बढ़ती महंगाई, ऊर्जा समेत कई मुद्दों को लेकर किया प्रदर्शन

एजेंसी ▶▶ रोम

बढ़ती महंगाई, ऊर्जा समेत कई मुद्दों को लेकर शनिवार को इटली में देशव्यापी विरोध प्रदर्शनों हुआ। इटली के कई बड़े शहरों में मिलान, बोलोग्ना, जेनोआ, ट्यूरिन, रोम और फ्लोरेंस में व्यापक प्रदर्शन किए गए हैं। पूरे देश में मार्च, धरना, सभा और हड़ताल सहित 30 से अधिक प्रदर्शन कार्यक्रम हुए। इस दौरान हजारों पुलिस अधिकारियों और सैनिकों को तैनात किया गया है, साथ ही ड्रोन से निगरानी भी गई।

प्रदर्शन में बड़े शहर रोम, मिलान, बोलोग्ना शामिल



इटली की राजधानी रोम में प्रदर्शनकारी

भारतीयों को प्रदर्शनों से दूर रहने की सलाह
भारत ने इटली, फ्रांस और बेल्जियम में रह रहे अपने नागरिकों को सतर्क रहने, पूरी सावधानी बरतने और उन इलाकों से दूर रहने की सलाह दी है जहां प्रदर्शन हो रहे हैं। विदेश मंत्रालय ने कहा कि इन तीनों देशों में मौजूद भारतीय मिशन वहां के हालात पर बारीकी से नजर रख रहे हैं।

रोम में 1500 सुरक्षाकर्मी तैनात किए गए
इटली के प्रमुख शहर रोम में लगभग 1,500 अधिकारियों को तैनात किया जाएगा, जबकि मिलान में लगभग 1,800 पुलिसकर्मियों, नगर निगम अधिकारियों और सैनिकों को तैनात किया गया है।

पुलिस पर फेंकी बोतलें, पटाखे फोड़े

रोम के लातगो डी सांता सुसाना के पास प्रदर्शनकारियों की पुलिस से झड़प हुई। प्रदर्शनकारियों ने पुलिस पर बोतलें फेंकी और पटाखे फोड़े, जिसके जवाब में पुलिस को वाटर कैनन (पानी की बौछारें) का इस्तेमाल करना पड़ा। मिलान में छात्र समूहों और प्रदर्शनकारियों के जुलूस निकले और पुलिस के साथ टकराव हुआ। तुरिन शहर में मॉस्का ब्रिज के पास प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच तीखी झड़पें हुईं, जिसके बाद पुलिस ने आंसू गैस के गोले छोड़े। बोलोग्ना और फ्लोरेंस शहरों में भी प्रदर्शनकारियों ने बैरिकेड्स तोड़ने की कोशिश की।

खबर संक्षेप

यासिन मलिक समेत 7 पर चलेगा मुकदमा

नई दिल्ली। राउज एवेन्यू की विशेष एनआईए अदालत ने यासीन मलिक समेत सात आरोपियों के



खिलाफ धनशोधन मामले में मुकदमा शुरू करने का आदेश दिया है। अभियोजन पक्ष के गवाहों के बयान 19 नवंबर से दर्ज होंगे। तिहाड़ जेल से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए पेश हुए मलिक ने आरोपों से इनकार किया।

प्रो. अशोक सेन ऑस्कर क्लेन मेडल से सम्मानित

नई दिल्ली। प्रसिद्ध भारतीय भौतिक वैज्ञानिक प्रोफेसर अशोक सेन को वर्ष 2026 के प्रतिष्ठित



ऑस्कर क्लेन मेडल से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान पाने वाले वे पहले भारतीय भौतिक वैज्ञानिक हैं। उन्हें यह पुरस्कार ब्रह्मांड की संरचना और ब्लैक होल से जुड़े वैज्ञानिक शोध में महत्वपूर्ण योगदान के लिए यह सम्मान दिया गया।

वांछित गैंगस्टर हिमांशु और नीरज यूएस में अरेस्ट

लास वेगास। भारत में कई हत्याओं और संगठित अपराधों का वांछित गैंगस्टर हिमांशु भाऊ और



एक अन्य फरार अपराधी नीरज फरीदपुरिया को अमरीका की कानून प्रवर्तन एजेंसियों ने गिरफ्तार किया है। हरियाणा विशेष कार्य बल-एसटीएफ से मिली जानकारी के आधार पर दोनों को 22 अक्टूबर को लास वेगास में गिरफ्तार किया गया।

दिल्ली से 8.21 करोड़ की 23 किलो भांग बरामद

नई दिल्ली। दिल्ली सीमा शुल्क अधिकारियों ने नई दिल्ली के एयर कार्गो कॉम्प्लेक्स में 21-22 अक्टूबर



के बीच मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले गिरोहों के खिलाफ चल रही जांच में एक और बड़ी सफलता हासिल की। बरामद पदार्थ की पहचान हाइड्रोपोनिक मारिजुआना (हाइड्रो भांग) के रूप में हुई। कुल मिलाकर 23.220 किलो मादक पदार्थ बरामद कर जब्त किया गया है।

फिलीपींस में टकराए दो विमान, 4 की मौत

मनीला। फिलीपीन वायु सेना के दो ट्रेनर विमान मनीला के दक्षिण में स्थित एक एयर बेस पर ट्रेनिंग उड़ान



के दौरान दुर्घटनाग्रस्त हो गए, जिसमें चार पायलटों की मौत हो गई। वायु सेना ने कहा कि को बटांगास प्रांत के फर्नांडो एयर बेस पर ट्रेनिंग उड़ान के दौरान दो एसएफ-260 विमान दुर्घटना का शिकार हो गए।

जॉर्डन के चर्च पर हुए हमले की भारत ने की कड़ी निंदा, जयशंकर बोले

आतंकवाद किसी भी रूप में स्वीकार्य नहीं यह 'घिनौना' और 'कायरतापूर्ण' कृत्य


विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर

विदेश मंत्रालय ने पीड़ित परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की और घायलों के जल्द ठीक होने की कामना की। भारत ने कहा कि वह इस कठिन समय में जॉर्डन की सरकार और वहां के मित्रवत लोगों के साथ मजबूती से खड़ा है। साथ ही, भारत ने दुनिया भर में आतंकवाद के हर रूप और तरीके के खिलाफ लड़ाई जारी रखने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई

- ***जॉर्डन के कराक में चर्च पर हमले में 7 लोगों की मौत हुई जबकि 34 अन्य घायल हुए***
- ***भारत ने हमले की कड़ी निंदा कर आतंकवाद के खिलाफ अपनी प्रतिबद्धता दोहराई***
- ***जॉर्डन के राजा, कनाडाई पीएम और संयुक्त राष्ट्र प्रमुख ने भी हमले पर दुख जताया***

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

जॉर्डन के कराक शहर में एक चर्च पर हुए जानलेवा हमले की भारत ने कड़ी निंदा की है। शुक्रवार को हुए इस हमले में 7 लोगों की मौत हो गई, जबकि 34 अन्य घायल हो गए। भारत के विदेश मंत्रालय ने इस घटना को 'घिनौना' और 'कायरतापूर्ण' कृत्य बताया। मंत्रालय ने पीड़ित परिवारों के प्रति संवेदना जताते हुए घायलों के जल्द स्वस्थ होने की कामना की। भारत ने आतंकवाद के खिलाफ अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए कहा कि वह इस मुश्किल घड़ी में जॉर्डन के साथ खड़ा है।

विदेश मंत्रालय की ओर से जारी आधिकारिक बयान में कहा गया कि भारत 23 अक्टूबर 2026 को जॉर्डन के कराक में एक चर्च पर हुए घिनौने हमले की स्पष्ट रूप से निंदा करता है।

मृतकों के प्रति जताई संवेदनाएं

विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने भी जॉर्डन में हुए इस हमले पर गहरा दुख जताया। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि कराक के चर्च पर हुए घिनौने हमले से वह बेहद दुखी हैं। इस घटना में कई निर्दोष लोगों की जान गई और अनेक लोग घायल हुए। जयशंकर ने मृतकों के परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की और घायलों के जल्द स्वस्थ होने की कामना की। उन्होंने कहा कि भारत इस मुश्किल घड़ी में जॉर्डन की सरकार और वहां के लोगों के साथ मजबूती से खड़ा है। उन्होंने आतंकवाद के सभी रूपों और तरीकों के खिलाफ भारत की मजबूत प्रतिबद्धता भी दोहराई।

अंतिम संस्कार के दौरान चर्च में हुई थी गोलीबारी

बता दें, जॉर्डन के कराक इलाके में एक चर्च में अंतिम संस्कार के दौरान बंदूकधारियों ने गोलीबारी की। यह हमला हमूद गांव में स्थित ग्रीक ऑर्थोडॉक्स चर्च में हुआ। हमले में 7 लोगों की मौत हो गई, जबकि 34 लोग घायल हो गए। धार्मिक स्थल पर अंतिम संस्कार के लिए जुटे लोगों को निशाना बनाए जाने से इलाके में शोक का माहौल है।

दुनिया ने की हमले की निंदा

दुनिया भर में इस हमले की निंदा हो रही है। अम्मान में जापान और ऑस्ट्रेलिया के दूतावासों ने शनिवार को बयान जारी कर कराक आतंकवादी हमले के पीड़ितों के परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की। जापान के दूतावास ने शोक संतप्त परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदना जताई और हमले में घायल हुए लोगों के जल्द ठीक होने की कामना की। एक आधिकारिक बयान में, दूतावास ने हिंसा की सभी घटनाओं की निंदा की और पीड़ितों के परिवारों तथा हमले से प्रभावित सभी लोगों के साथ पूरी एकजुटता व्यक्त की। अम्मान स्थित ऑस्ट्रेलियाई दूतावास ने आतंकवादी हमले में जान गंवाने वालों के परिवारों और रिश्तेदारों के प्रति गहरी संवेदना प्रकट की। दूतावास ने आतंकवाद और हिंसक चरमपंथ के सभी रूपों की कड़ी निंदा की। साथ ही, इस कठिन समय में जॉर्डन की जनता के साथ पूरी एकजुटता जताते हुए, घायलों के जल्द और पूरी तरह से स्वस्थ होने की कामना की। लेबनान, सीरिया, मिस्र और ओमान सहित पूरे क्षेत्र से भी इन हत्याओं की निंदा की गई। सुन्नी मुस्लिम दुनिया के सबसे प्रमुख धार्मिक संस्थान, अल-अजहर के ग्रैंड इमाम, काहिरा के अहमद अल-तैयब ने मारे गए लोगों के परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की और इसे एक 'जघन्य आतंकवादी हमला' बताया।

हमलावरों को मिलेगा कड़ा जवाबः जॉर्डन

जॉर्डन के राजा अब्दुल्ला द्वितीय बिन हुसैन ने हमले पर दुख जताते हुए कहा कि कराक पर हमला करने वालों को सबसे कड़ी सजा दी जाएगी।



उन्होंने कहा कि जो लोग गोलियों के जरिए जॉर्डन के लोगों को बांटने का सपना देखते हैं, वे उनकी एकता के सामने सफल नहीं होंगे। राजा ने कहा, 'देश के उत्तर से दक्षिण तक सभी जॉर्डनवासी एक ही जमीन और साझा भविष्य से जुड़े हैं। उनके बीच कोई विभाजन नहीं है।' राजा ने मृतकों के परिवारों के प्रति संवेदना जताई और घायलों के जल्द ठीक होने की कामना की। उन्होंने कहा कि हर जॉर्डनवासी की जिंदगी कीमती है और देश को धमकी देने वालों के खिलाफ लोहे की मुट्ठी से कार्रवाई की जाएगी।

फारूक अब्दुल्ला ने फिर उगला जहर

कहा- कश्मीर मुद्दे को पाक ने जिंदा रखा, दिल्ली तो चुप


फारूक अब्दुल्ला

एजेंसी ▶▶ बारामूला

नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला ने कश्मीर को लेकर बेहद ही विवादित बयान दिया है। उन्होंने कश्मीरियों की रक्षा करने और कश्मीर मुद्दे को अंतरराष्ट्रीय मंच पर जीवित रखने का श्रेय पाकिस्तान को दिया। शनिवार को बारामूला में पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए अब्दुल्ला ने कहा कि पाकिस्तान दुनिया भर में यह मुद्दा उठाता है कि कश्मीर पर अब तक कोई फैसला नहीं हुआ है। उन्होंने यह भी कहा कि दिल्ली की खामोशी के पीछे अंतरराष्ट्रीय दबाव है। फारूक अब्दुल्ला ने पाकिस्तान को 'हमारा पड़ोसी' बताते हुए कहा कि वह कश्मीर के अनसुलझे मुद्दे को वैश्विक मंच पर उठाता रहता है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के इस रुख के कारण दुनिया का ध्यान कश्मीर की ओर जाता है और दिल्ली पर दबाव बनता है।

- दिल्ली की खामोशी के पीछे अंतरराष्ट्रीय दबाव

हक के लिए लड़ो वरना मिट जाओगे

फारूक अब्दुल्ला ने कहा कि दिल्ली आज इसलिए चुप हैं क्योंकि दुनिया का दबाव है, और हमारा पड़ोसी देश उनके पीछे पड़ा है। वह हर जगह जाकर कहता है कि कश्मीर पर अभी तक कोई फैसला नहीं हुआ है। वही हमें बचा रहा है। हालांकि, मैं उनके इरादों को नेक नहीं मानता। उन्होंने दिल्ली से न्याय मिलने की उम्मीद पर सवाल उठाए। उन्होंने लोगों से पूछा कि क्या वे केवल दिल्ली पर भरोसा करके बैठे रहेंगे और क्या उन्हें सच में लगता है कि वहां से उन्हें न्याय मिलेगा। अब्दुल्ला ने कहा कि क्या आप अपनी उम्मीदें सिर्फ उन्हीं पर टिकाए रखेंगे? क्या आपको सच में लगता है कि वे आपको न्याय दिलाएंगे? हिम्मत रखिए, हम उनका सामना करेंगे। अगर आप हिम्मत नहीं जुटाएंगे, तो आप खत्म हो जाएंगे। वे आपका नाम और आपकी पहचान, सब मिटा देंगे।

फिर जागा पाक के प्रति प्रेमः भाजपा

भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रेम शुक्ला ने कहा, फारूक अब्दुल्ला के भीतर का पाकिस्तान समय-समय पर जाग जाता है। जब उनके अंदर का पाकिस्तान सामने आता है, तो वे इस तरह के गैर-जिम्मेदाराना बयान देते हैं। ऐसे बेतुके बयान देने से पहले फारूक अब्दुल्ला को सोचना चाहिए। विश्व हिंदू परिषद के नेता विनोद बंसल ने कहा कि श्मीर भारत का अभिन्न अंग था, है और हमेशा रहेगा। ये भारत में रहते हैं और पाकिस्तान की तारीफ करते हैं।

सऊदी अरब पर हूतियों का बड़ा हमला

एयरपोर्ट, रिफाइनरी समेत 5 जगहों को बनाया 'निशाना'

एजेंसी ▶▶ रियाद

यमन के हूती विद्रोहियों ने शनिवार को सऊदी अरब के तेल ठिकानों और एयरपोर्ट्स पर हमला किया है। हूती प्रवक्ता याह्या सरी के मुताबिक, निशाने पर सऊदी तेल कंपनी अरामको का यानबू ठिकाना, राबिग तेल रिफाइनरी और रियाद, दम्माम व नजरान के एयरपोर्ट थे। सऊदी सिविल डिफेंस ने मक्का और मदीना में मिसाइलों के टुकड़े गिरने की चेतावनी दी है। लोगों से सुरक्षित जगहों पर रहने को कहा गया है। इस महीने सऊदी अरब पर हूतियों ने 6


एआई इमेज

हूती प्रवक्ता याह्या सरी के मुताबिक उनकी सेना ने अदन में सैन्य कैंप और नौसैनिक अड्डे को निशाना बनाया। उनके मुताबिक, इन ठिकानों पर सऊदी सेना की निगरानी थी। अदन यमन की अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त सरकार का अंतरिम केंद्र है।

केंद्रीय मंत्रिमंडल की नियुक्ति मामलों की समिति का निर्णय

रक्षा सचिव को मिला एक वर्ष का एक्सटेंशन अब 31 अक्टूबर 2027 को होंगे सेवानिवृत्त

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय मंत्रिमंडल की नियुक्ति मामलों की समिति (एसीसी) ने शनिवार को अपने एक निर्णय के तहत रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह को एक वर्ष के सेवा विस्तार की मंजूरी दे दी है। अब वह अगले वर्ष 31 अक्टूबर 2027 को सेवानिवृत्त होंगे। पूर्व में उन्हें इसी महीने के अंत में यानी 31 अक्टूबर को सेवानिवृत्त होना था।



1 नवंबर 2024 को संभाला था कार्यभार

गौरतलब है कि रक्षा सचिव ने पहले 1 नवंबर 2024 को रक्षा मंत्रालय में रक्षा सचिव के रूप में अपना कार्यभार संभाला था। इसके पूर्व में 20 अगस्त 2024 को उन्होंने मंत्रालय में विशेष कार्य अधिकारी के रूप में अपनी जिम्मेदारी संभाली थी। 24 अप्रैल 2023 से 20 अगस्त 2024 तक सिंह केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के उद्योग-आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग के सचिव का कार्यभार संभाल रहे थे। जबकि इससे पहले उन्होंने केंद्रीय मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी विभाग में भी सचिव के पद पर कार्य किया।

यूएन में परमाणु तकनीक पर भारत का स्पष्ट रूख

सुरक्षित और शांतिपूर्ण इस्तेमाल पर दिया जोर, आम जनता तक पहुंचे

एजेंसी ▶▶ न्यूयॉर्क

परमाणु विज्ञान और प्रौद्योगिकी के सुरक्षित, संरक्षित और शांतिपूर्ण उपयोग के प्रति भारत की प्रतिबद्धता को दोहराते हुए, संसद सदस्य और भारतीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल की नेता, संगीता कुमारी सिंह देव ने संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) में इस प्रतिबद्धता को फिर से साफ किया। इसके साथ ही कई देशों ने विकास कार्यों में मदद के लिए भारत का धन्यवाद किया। यूएनजीए में 'अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) की रिपोर्ट' पर चर्चा करते हुए यह बात कही।

आईएईए की पहलों के प्रति जताया समर्थन


सांसद संगीता कुमारी

सांसद संगीता कुमारी सिंह देव ने परमाणु विज्ञान और प्रौद्योगिकी के सुरक्षित, संरक्षित और शांतिपूर्ण उपयोग के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। साथ ही, उन्होंने सतत विकास में आईएईए की महत्वपूर्ण भूमिका और परमाणु प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में हुई अहम प्रगति पर प्रकाश डाला। उन्होंने आईएईए के 'तकनीकी सहयोग कार्यक्रम' और उसकी प्रमुख पहलों के प्रति समर्थन जताया। उन्होंने कहा कि परमाणु विज्ञान का लाभ उन सभी देशों तक पहुंचे जो इसे चाहते हैं।

परमाणु ऊर्जा की मांग तीन गुना बढ़ेगी

आईएईए के प्रमुख राफेल ग्रोसी का कहना है कि साल 2060 तक दुनिया में परमाणु ऊर्जा का इस्तेमाल मौजूदा स्तर से तीन गुना से भी ज्यादा हो सकता है। इसकी बड़ी वजह आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, डेटा सेंटर और बिजली की लगातार बढ़ती मांग है। इसके अलावा, कई देश ऊर्जा सुरक्षा मजबूत करने और दूसरे देशों पर निर्भरता कम करने के लिए भी परमाणु ऊर्जा को अहम विकल्प मान रहे हैं।

सिस्टम को लेकर दूसरे चरण की कार्य गतिविधि का हुआ उद्घाटन

ये सिस्टम 2027 में कलवरी श्रेणी की पनडुब्बियों में लगेगा

नौसेना की डीजल चालित पनडुब्बियों को मिलेगी स्वदेशी एआईपी सिस्टम की सौगात!

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

अब वो दिन दूर नहीं, जब भारतीय नौसेना की डीजल चालित पनडुब्बियां स्वदेशी एयर प्रोपल्शन सिस्टम (एआईपी) से लैस होंगी। क्योंकि इस संबंध में एक बड़ी कामयाबी हासिल करते हुए शनिवार को सिस्टम से जुड़ी दूसरे चरण की कार्य गतिविधि की स्थापना के साथ उद्घाटन (एसटीडब्ल्यू-2) किया गया है। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि एसटीडब्ल्यू-2 की इस सफलता से नौसेना की पनडुब्बियों की समुद्र में तैनाती के वक्त पानी के अंदर काम



करने की क्षमता में बढ़ोतरी देखने को मिलेगी। एआईपी के इस मॉड्यूल को रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) की नौसेना सामग्री अनुसंधान प्रयोगशाला (एनएमआरएल) ने देश के भीतर ही विकसित किया है। मंत्रालय ने कहा, अगले चरण में नौसेना द्वारा एआईपी एनर्जी मॉड्यूल का आयोजन किया जाएगा। जिसका उद्देश्य समुद्री बल के प्रोटोकॉल के तहत सिस्टम के ऊर्जा उत्पादन व अन्य परीक्षण व्यापक रूप से किए जाएंगे।

समुद्री निगरानी को मिलेगी मजबूती

एआईपी सिस्टम की खास बात यह है कि इससे युक्त होने के बाद नौसेना की किसी डीजल चालित पनडुब्बी को समुद्र में अपनी रणनीतिक तैनाती के दौरान अपनी बैटरी चार्ज करने के लिए पानी के बाहर आकर ऑक्सीजन लेने की निर्भरता घटेगी। आमतौर पर बिना एआईपी सिस्टम से कोई पनडुब्बी लगभग 15 से 20 दिन में वातावरण से शुद्ध ऑक्सीजन लेने के लिए समुद्र के बाहर सतह पर आती है।

गुजरात के हजीरा में हुआ उद्घाटन

एसटीडब्ल्यू-2 का उद्घाटन गुजरात के हजीरा में मौजूद लार्सन एंड टुब्रो (एल एंड टी) के हैवी इंजीनियरिंग कॉम्प्लेक्स में हुआ। जिसमें रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह वर्चुअली मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। जबकि नौसेना के चीफ ऑफ मटेरियल वाइस एडमिरल बी.शिवकुमार, महानिदेशक (नेवल सिस्टम्स एंड मटीरियल्स) और डीआरडीओ से डॉ.आर. बालमुरलीकृष्णन ने भाग लिया। रक्षा सचिव, डीआरडीओ अध्यक्ष ने कार्यक्रम में इस उपलब्धि के लिए संगठन, उद्योग जगत के भागीदारों को बधाई दी और कहा कि प्रदर्शित की गई वैज्ञानिक गंभीरता, औद्योगिक सहयोग काबिले तारीफ है।

लिकटेंस्टाइन के प्रिंस आज से भारत दौरे पर

पीएम मोदी संग निवेश, विज्ञान सहित कई क्षेत्रों में होगी चर्चा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी के निमंत्रण पर, लिकटेंस्टीन रियासत के कार्यवाहक राष्ट्राध्यक्ष, हेरेडिटरी प्रिंस (वंशानुगत राजकुमार) एलोइस 25 से 28 अक्टूबर 2026 तक भारत की राजकीय यात्रा पर आएंगे।

उनके साथ उनकी पत्नी, हेरेडिटरी प्रिंसेस सोफी, एक उच्च-स्तरीय आधिकारिक और कारोबारी प्रतिनिधिमंडल भी होगा। भारत के विदेश मंत्रालय ने बताया कि यह 2026 में प्रिंस एलोइस दूसरी बार भारत आ रहे हैं। इससे पहले, वे फरवरी 2026 में 'एआई इम्पैक्ट


प्रिंस एलोइस और पीएम मोदी

समिट' में शामिल होने के लिए नई दिल्ली आए थे। हालांकि 2010 और 2018 में भी वो भारत का दौरा कर चुके हैं। पीएम मोदी और प्रिंस एलोइस के बीच द्विपक्षीय बैठक भी होगी। इसमें व्यापार और निवेश, विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार जैसे विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग पर चर्चा होगी।

संपदा टू आने से रुकी स्टांप चोरी

भोपाल। रजिस्ट्री के लिए संपदा टू को पूरी तरह से लागू कर दिया है। जिसके लिए जिले में करीब सात लाख प्रॉपर्टी की आईडी को संपदा के साफ्टवेयर पर अपलोड कर दिया गया है। आइडी में प्रॉपर्टी की पूरी जानकारी, कॉर्नर की जमीन है या फ्लैट, ड्यूप्लेक्स, मकान या खाली प्लॉट है, दर्ज हो गई है। रजिस्ट्री के दौरान प्रॉपर्टी की आईडी डालते ही सही जानकारी सामने आने लगी है। जिससे प्रॉपर्टी के फर्जीवाड़े के साथ स्टांप चोरी में भी कमी आई है। जिसके लिए विभाग की वेबसाइट एमपीआइजीआर.जीओवी. आइएन पर जाकर एक यूजर आईडी बनाई गई है। प्रॉपर्टी की आईडी डालते ही उसकी पूरी जानकारी सामने आ रही है। इसी आधार पर कलेक्टर गाइडलाइन से प्रॉपर्टी स्टाम्प शुल्क की गणना भी सॉफ्टवेयर कर रहा है। डीड तैयार कर मॉडगेज का दस्तावेज रजिस्टर्ड किया जा रहा है। इस काम को विदेश में बैठा व्यक्ति भी आसानी से कर सकेगा। अधिकतर प्रॉपर्टी बैंक लोन पर होती है, ऐसे में कई प्रॉपर्टी के मॉडगेज के लिए कई-कई बार पंजीयन कार्यालयों और बैंक के चक्कर काटने होते हैं।

बिना वैद्य लाइसेंस प्लाईवुड बेचने वाली शॉप पर छापा



भोपाल। भारतीय मानक ब्यूरो भोपाल शाखा कार्यालय की टीम, जिसमें मोहम्मद तौसीफ, वैज्ञानिक 'ई' /निदेशक एवं संजय कुमार विश्वकर्मा, वैज्ञानिक सी/उप निदेशक शामिल थे, द्वारा भोपाल शाखा कार्यालय में प्राप्त शिकायत के आधार पर दिनांकित 23/10/2026 कार्रवाई के अंतर्गत मेसर्स दैनिक एंटरप्राइजेज, 222, अंजनी नगर, 60 फीट एयरपोर्ट रोड, इंदौर के आउटलेट एवं गोदाम पर तलाशी एवं जब्ती की कार्रवाई सफलतापूर्वक की गई। कार्रवाई के दौरान टीम द्वारा सामान्य प्रयोजन प्लाईवुड एवं मरीन प्लाईवुड के अंतर्गत आने वाले उत्पादों के संबंध में आईएसआई मार्क के दुरुपयोग, समाप्त हो चुके लाइसेंस का उपयोग तथा बिना आईएसआई मार्क वाले उत्पादों की बिक्री/उपलब्धता से संबंधित अनियमितताएँ पाई गईं।

एनएलआईयू में न्यायमूर्ति शचिंद्र द्विवेदी स्मृति व्याख्यान का हुआ आयोजन

अश्विनी कुमार बोले- संविधान नागरिकों के कर्तव्यों और जवाबदेही का भी आधार



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राष्ट्रीय विधि संस्थान विश्वविद्यालय (एनएलआईयू), भोपाल में शनिवार को न्यायमूर्ति शचिंद्र द्विवेदी स्मृति व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सर्वोच्च न्यायालय के अधिवक्ता एवं जनहित याचिकाओं के माध्यम से सार्वजनिक मुद्दों को उठाने के लिए चर्चित अश्विनी कुमार उपाध्याय मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने संविधान के मौलिक अधिकारों एवं कर्तव्यों, न्यायपालिका और विधायिका की भूमिका, संवैधानिक प्रावधानों की व्याख्या, भ्रष्टाचार, नकद लेनदेन तथा नागरिक सुरक्षा जैसे विषयों पर अपने विचार रखे। व्याख्यान का केंद्र यह विचार रहा कि संविधान को केवल कानूनी प्रावधानों और न्यायिक निर्णयों तक सीमित करके नहीं देखा जाना चाहिए, बल्कि उसे नागरिक जीवन, सामाजिक उत्तरदायित्व और शासन व्यवस्था से जोड़कर समझना भी आवश्यक है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. (डॉ.) एस. सूर्य प्रकाश ने भी संवैधानिक मूल्यों, अधिकारों और कर्तव्यों के पारस्परिक संबंध पर अपने विचार साझा किए। उपाध्याय ने मौलिक अधिकारों और मौलिक कर्तव्यों के बीच संतुलन की आवश्यकता पर जोर दिया।



एनएलआईयू में स्मृति व्याख्यान को संबोधित करते सुप्रीम कोर्ट अधिवक्ता अश्विनी कुमार उपाध्याय और मौजूद अतिथि।

अनुच्छेद 14 और 21 पर चर्चा

उपाध्याय ने संविधान के अनुच्छेद 14 के अंतर्गत विधि के समक्ष समानता और विधियों के समान संरक्षण तथा अनुच्छेद 21 के अंतर्गत जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता के अधिकार का उल्लेख किया। उन्होंने इन अधिकारों के प्रभावी क्रियान्वयन तथा नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए संस्थागत जवाबदेही पर जोर दिया। उन्होने ने भ्रष्टाचार और काले धन की समस्या पर चर्चा करते हुए नकद लेनदेन तथा आर्थिक पारदर्शिता से जुड़े सुधारों के सुझाव प्रस्तुत किए। सोशल मीडिया की भूमिका पर चर्चा करते हुए कहा कि इसका उपयोग केवल व्यक्तिगत अभिव्यक्ति या मनोरंजन तक सीमित नहीं रहना चाहिए।

कुलपति ने बताया स्मृति व्याख्यान का ऐतिहासिक महत्व

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. (डॉ.) एस. सूर्य प्रकाश ने अपने संबोधन में बताया कि न्यायमूर्ति शचिंद्र द्विवेदी स्मृति व्याख्यान शृंखला का पहला व्याख्यान वर्ष 2009 में भारत के पूर्व राष्ट्रपति डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम ने दिया था। कुलपति ने मुख्य अतिथि द्वारा चुने गए विषय की प्रासंगिकता की सराहना करते हुए कहा कि मौलिक अधिकारों पर चर्चा सामान्यतः कक्षाओं में संवैधानिक प्रावधानों, न्यायिक निर्णयों और संदर्भ ग्रंथों के माध्यम से होती है।

अकादमिक उत्कृष्टता के लिए 14 छात्र-छात्राओं को स्वर्ण पदक, मेडल ऑफ एक्सीलेंस प्रदान किया गया

मैनिट कैंपस: ट्रिपल आईटी का 5वां दीक्षांत समारोह, 212 को मिली डिग्री

इस वर्ष कुल 212 विद्यार्थियों को डिग्री प्रदान की गई

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

शनिवार को राजधानी स्थित भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान (ट्रिपल आईटी) का 5वां दीक्षांत समारोह आयोजित किया गया। बीओजी अध्यक्ष अशोक कुमार मोदी ने दीक्षांत समारोह के शुभारंभ की घोषणा की। इसके बाद निदेशक प्रो. (डॉ.) आशुतोष कुमार सिंह ने संस्थान की वार्षिक प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की। इस वर्षकुल 212 विद्यार्थियों को डिग्री प्रदान की गई। इसमें बी.टेक के 196, एम.टेक के 16 विद्यार्थी शामिल हैं।

अकादमिक उत्कृष्टता के लिए 14 छात्र-छात्राओं को स्वर्ण पदक, मेडल ऑफ एक्सीलेंस प्रदान किया गया। इस अवसर पर विशिष्ट मुख्य अतिथि के रूप में प्रो. (डॉ.) मनोज सिंह गौर, निदेशक, आईआईटी जम्मू उपस्थित रहे। प्रो. (डॉ.) अभय कुमार, निदेशक, ट्रिपल आईटी अगरतला ने कहा कि आप सभी का यहां तक पहुचना आपके कठिन परिश्रम का परिणाम है। आज ट्रिपल आईटी भोपाल के पास बेहतरीन फैकल्टी और कैंपस है। बड़ी-बड़ी प्लेसमेंट कंपनियों का यहां आना ट्रिपल आईटी भोपाल की प्रगति और ग्रोथ को दर्शाता है। प्रो. आशुतोष और उनकी फैकल्टी टीम का नेतृत्व अतुलनीय है। मजबूत नींव के बिना आप कभी भी अपनी नौकरी को लेकर चिंतित नहीं होंगे। प्रो. (डॉ.) केके शुक्ला, निदेशक, मैनिट भोपाल ने कहा कि यहां आकर मुझे अत्यंत प्रसन्नता हो रही है।





ट्रिपल आईटी भोपाल में आयोजित 5वें दीक्षांत समारोह में डिग्री प्राप्त करने के बाद प्रसन्न मुद्रा में छात्र-छात्राएं। समारोह में इस वर्ष बीटेक के 196 और एमटेक के 16 सहित कुल 212 विद्यार्थियों को डिग्री प्रदान की गई।

सिर्फ डिग्री ही नहीं, एक युग अर्जित किया



प्रो. (डॉ.) मनोज सिंह गौर, निदेशक, आईआईटी जम्मू ने कहा- यह दीक्षांत समारोह एक विशेष मील का पत्थर है। सच है, पेड़ सदियों तक जीवित रहते हैं, आप सभी बरगद के पेड़-वटवृक्ष की तरह हैं। आप यहां से पास हो रहे हैं, लेकिन हमेशा इस संस्थान का हिस्सा रहेंगे। आप जेनरेटिव एआई के समानांतर चलने वाले पहले बैच हैं। आपने सिर्फ डिग्री ही नहीं, एक युग अर्जित किया है। 10 साल बाद जब भोपाल में लोग ट्रिपल आईटी भोपाल के बारे में पूछेंगे, तो आप ही उसका प्रमाण होंगे। निदेशक प्रो. (डॉ.) आशुतोष कुमार सिंह ने कहा- नई टेक्नोलॉजी को समझो, नोकिया इसका सबसे बेहतर उदाहरण है। हमें हमेशा सीखते रहना होगा, खासकर एआई के इस दौर में। अध्यक्ष अशोक कुमार मोदी ने कहा - देश हमें देता है सबकुछ, हम भी तो कुछ देना सीखें।

बाघिन एमटी-3 का यह दूसरा प्रसव

रिजर्व में बाघों की संख्या बढ़कर ग्यारह हुई इनमें 6 का जन्म माधव टाइगर रिजर्व में हुआ

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल


मप्र में बाघ संरक्षण की दिशा में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि दर्ज की गई है। माधव टाइगर रिजर्व (शिवपुरी) की बाघिन एमटी3 को लगभग तीन माह के दो शावकों के साथ देखा गया है। यह इस बाघिन का दूसरा प्रसव है। इसके साथ ही 10 मार्च 2023 को शुरू हुए बाघ पुनर्स्थापना कार्यक्रम के बाद माधव टाइगर रिजर्व में बाघों का तीसरा प्रसव दर्ज किया गया है। यह उपलब्धि माधव टाइगर रिजर्व में बाघों की स्थायी और प्रजननशील आबादी विकसित करने की दिशा में हो रही प्रगति को दर्शाती है। बाघों की सफल प्रजनन प्रक्रिया रिजर्व में अनुकूल वन्यजीव आवास और संरक्षण प्रयासों के महत्व को भी रेखांकित करती है।

बाघिन एमटी 3 ने इससे पहले भी दो शावकों—एक नर और एक मादा—को जन्म दिया था। ये दोनों शावक अब लगभग 28 माह के हो चुके हैं। नए शावकों के जन्म के साथ माधव टाइगर रिजर्व शिवपुरी में अब दो प्रसव योग्य बाघिनें और यहीं जन्मे 6 बाघ हो गए हैं। रिजर्व में बाघों की कुल संख्या बढ़कर 11 हो गई है।

माधव टाइगर रिजर्व में बाघों की संख्या बढ़ने के साथ वन क्षेत्र के मैदानी अमले, पशु चिकित्सा दल, रिजर्व प्रबंधन और वरिष्ठ नेतृत्व के निरंतर प्रयासों की भूमिका भी महत्वपूर्ण रही है। बाघों का तीसरा प्रसव दर्ज होना प्रदेश में बाघ पुनर्स्थापना और संरक्षण कार्यक्रम के लिए उत्साहजनक उपलब्धि है।

सरस्वती वंदना से हुआ शुभारंभ

दीपक बन बांटो उजियारा, सब अपने हैं, बनो सहाराः डॉ. मोहन



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

तुलसी साहित्य अकादमी द्वारा -दीपक ज्योति विषय पर केंद्रित ऑनलाइन काव्य गोष्ठी डॉ. मोहन तिवारी आनंद राष्ट्रीय अध्यक्ष तुलसी साहित्य अकादमी की अध्यक्षता में की गई, जिसमें मुख्य अतिथि डॉ. आरपी तिवारी राजेंद्र टीकमगढ़, विशेष अतिथि केके पाठक बिलासपुर एवं सारस्वत अतिथि शसंजीव ठाकुर प्रदेश अध्यक्ष, तुलसी साहित्य अकादमी छत्तीसगढ़ रहे, गोष्ठी का संचालन डॉ. अशोक तिवारी अमन ,जिला अध्यक्ष, तुलसी साहित्य अकादमी जिला इकाई भोपाल ने किया।

भारतीय शिक्षण मंडल का सम्मेलन कल

भोपाल। भारतीय शिक्षण मंडल मध्य भारत प्रांत एक दिवसीय प्रांत स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन कल सोमवार को आयोजित होगा। भारतीय शिक्षण मंडल के अखिल भारतीय संगठन मंत्री श्री बी. आर. शंकरानन्द, अखिल भारतीय महामंत्री श्री भरत शरण सिंह अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। इसके पश्चात विभिन्न सत्रों में कार्यकर्ताओं को संगठन के अखिल भारतीय सह व्यवस्था प्रमुख श्री अजय धाकरस, अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख डॉ संजय पाठक, अखिल भारतीय महिला गतिविधि प्रमुख अरुंधति जी, संयुक्त महामंत्री श्री पंकज नाफड़े, क्षेत्र संयोजक श्री लक्ष्मीकांत त्रिपाठी का मार्गदर्शन प्राप्त होगा।

गरिमा और सुरक्षा की मांग

फिल्म 'सूर्य द अंत' में चिकित्सकों के चित्रण पर डॉक्टरों ने जताई आपत्ति

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

यूनाइटेड प्राइवेट हॉस्पिटल डायरेक्टर्स एसोसिएशन मध्य प्रदेश ने फिल्म 'सूर्य द अंत' में चिकित्सकों के नकारात्मक चित्रण पर चिंता और आपत्ति व्यक्त की है। संगठन का कहना है कि मनोरंजन माध्यमों में डॉक्टरों को एकतरफा रूप से दिखाने से समाज में उनके प्रति अविश्वास और पूर्वाग्रह बढ़ सकता है, जो पहले से ही अस्पतालों में हिंसा और दुर्व्यवहार जैसी गंभीर चुनौतियों का सामना कर रहे चिकित्सक समुदाय के लिए और अधिक जोखिम पैदा कर सकता है। एसोसिएशन के उपाध्यक्ष डॉ. धनंजय मिश्रा, एडवाइजरी कमेटी के अध्यक्ष डॉ. जीशान अहमद, डॉ पंकज शर्मा, डॉ राजू नामदेव ने स्पष्ट किया कि संगठन अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का सम्मान करता है, लेकिन रचनात्मकता के साथ-साथ सामाजिक जिम्मेदारी का निर्वहन भी उतना ही आवश्यक है। उन्होंने जोर देकर कहा कि डॉक्टर और मरीज एक-दूसरे के विरोधी नहीं, बल्कि स्वास्थ्य व्यवस्था के दो अहम हिस्से हैं।



आपत्ति जताते हुए एसोसिएशन के पदाधिकारी।

आरोग्यता वेलनेस फॉर ऑल अभियान

वंचित बच्चों की स्वास्थ्य जांच के लिए लगाया निःशुल्क शिविर

उद्दीप वेलफेयर सोसाइटी ने गोविंदपुरा स्थित संस्थान में की 80 से अधिक बच्चों की स्वास्थ्य जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल



बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण करते चिकित्सक।

उद्दीप सोशल वेलफेयर सोसायटी की ओर से संचालित 'आरोग्यता वेलनेस फॉर ऑल' अभियान के तहत गोविंदपुरा स्थित पाथफाइंडर में वंचित वर्ग के बच्चों के लिए सामान्य स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया गया। इसमें नर्सरी से आठवीं कक्षा तक के 80 से अधिक बच्चों का हेल्थ चेकअप किया गया। उद्दीप सोसायटी की संस्थापक और दिव्यांग समाजसेविका सुश्री पूनम श्रोती ने कहा कि 'आरोग्यता वेलनेस फॉर ऑल' अभियान के माध्यम से गरीब-जरूरतमंद बच्चों के स्वास्थ्य और कल्याण को प्राथमिकता देने के लिए हमारा प्रयास है। निरंतर स्वास्थ्य जांच से बच्चों के शरीर में पनप रही गंभीर बीमारियों की समय रहते पहचान की जा सकती है।

शास्त्रीय भक्ति सुगम संगीत के वाद्य यंत्रों की प्रस्तुति एवं गायन आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

जय हिंद एजुकेशन एंड सोशल वेलफेयर सोसाइटी द्वारा संस्कृति संचालनालय मध्य प्रदेश भोपाल के सहयोग से शास्त्रीय भक्ति सुगम संगीत का गायन वादन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न वाद्य यंत्रों द्वारा विभिन्न रागों की प्रस्तुति दी गई तत्पश्चात जय हिंद एजुकेशन एंड सोशल वेलफेयर सोसाइटी द्वारा संचालित सरगम संगीत आराधना केंद्र नीलबड़ के बच्चों ने राग बिलावल की बंदिश एवं कुछ गीत प्रस्तुत किए यह कार्यक्रम नीलबड़ स्थित चाय चौपाटी केफे में आयोजित किया गया इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष एवं गायक अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया कि संस्था इस प्रकार के कार्यक्रम आयोजित करती रहती है और आगे भी बड़े रूप में इस प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे जिससे कि युवा पीढ़ी को हमारे देश की धरोहर भारतीय शास्त्रीय संगीत से जोड़ा जा सके इस कार्यक्रम में सितार वादन श्री श्याम वैष्णव जी एवं उनकी टीम द्वारा किया गया एवं सरगम संगीता आराधना केंद्र के छात्र नंदन साहू, सत्यम पांडे, अद्युत पटेल, प्रतीक शुक्ला, अंशिका पांडे, परी मेवाड़ा, स्वास्तिक शुक्ला ने राग गायन किया।



विशाल राठौर, तन्मय शर्मा ने दिया मार्गदर्शन

सेज इंटरनेशनल स्कूल, अयोध्या नगर में भव्य करियर फेयर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

सेज इंटरनेशनल स्कूल अयोध्या नगर में 23 अक्टूबर को एजुकॉन एवं स्टडी अब्रॉड सॉल्यूशन द्वारा करियर फेयर आयोजित किया गया। इसमें बड़ी संख्या में विद्यार्थियों और अभिभावकों ने भाग लिया।

फेयर का उद्देश्य उच्च शिक्षा और करियर विकल्पों की जानकारी देना था।विशाल राठौर और तन्मय शर्मा ने वैश्विक शिक्षा परिदृश्य पर मार्गदर्शन दिया। भारतीय और अंतरराष्ट्रीय विश्वविद्यालयों के प्रतिनिधियों ने प्रवेश प्रक्रिया, छात्रवृत्ति, वीजा और रोजगार अवसरों की जानकारी दी। विद्यार्थियों को 100 प्रतिशत तक छात्रवृत्ति विकल्प भी बताए गए।



सेज इंटरनेशनल स्कूल अयोध्या नगर में आयोजित करियर फेयर में छात्र-छात्राओं को जानकारी देते विशेषज्ञ।

सेज समूह के सीएमडी संजीव अग्रवाल और एमडी साक्षी अग्रवाल बंसल ने आयोजन की सराहना की।

सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत आज युवाओं से करेंगे संवाद

केशरवानी कॉलेज तक निकला संचलन

युवा स्वयंसेवकों का गुणवत्तायुक्त पथ संचलन निकला

हरिभूमि न्यूज ⏭ जबलपुर

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, महाकौशल प्रांत के युवाओं का शिविर जबलपुर के श्रीराम इंजीनियरिंग कॉलेज में 22 अक्टूबर की सायं से प्रारंभ है। शिविर का औपचारिक उद्घाटन 23 अक्टूबर को हुआ। शिविर के तीसरे दिन आज जबलपुर में भव्य पथ संचलन संपन्न हुआ। इसमें महाकौशल प्रांत के 34 जिलों से 16 से 32 वर्ष आयु वर्ग के 3,185 स्वयंसेवकों ने सहभागिता की। इनके साथ लगभग 500 प्रबंधक भी शिविर में अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन कर रहे हैं। पथ संचलन सायं 3:30 बजे श्रीराम इंजीनियरिंग कॉलेज से प्रारंभ होकर केशरवानी कॉलेज तक पहुँचा, जहाँ इसका समापन हुआ। स्वयंसेवकों ने कदम से कदम मिलाकर अनुशासन, एकरूपता, शारीरिक दक्षता और संगठनात्मक एकजुटता का परिचय दिया। समान गति और अनुशासन के साथ हुआ यह सामूहिक संचलन संगठन शक्ति का प्रभावी प्रदर्शन रहा।



जबलपुर में पथ संचलन करते आरएसएस के कार्यकर्ता।

20 मंचों से विशिष्टजनों और नागरिकों ने किया अवलोकन

पथ संचलन के अवलोकन के लिए जबलपुर महानगर की जाति-बिरादरी, विविध भाषा-भाषी, कृषक सहित 20 श्रेणियों से समाज के प्रभावी, विशिष्ट एवं गणमान्य नागरिकों को आमंत्रित किया गया था। संचलन मार्ग पर 20 मंच बनाए गए, जहाँ आमंत्रित अतिथियों और समाज के विभिन्न क्षेत्रों का नेतृत्व करने वाले विशिष्टजनों ने संचलन देखा। संचलन देखने के लिए बड़ी संख्या में नागरिक भी उपस्थित रहे। अनेक लोगों ने पहली बार इस प्रकार का गुणवत्तापूर्ण पथ संचलन देखा और स्वयंसेवकों के अनुशासन, कदमताल, एकरूपता एवं सामूहिकता की सराहना की।

सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत शिविर में युवाओं को देंगे मार्गदर्शन

सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत जी का जबलपुर आगमन हो चुका है। वे 25 अक्टूबर को शिविर में सम्मिलित होकर दो सत्रों में युवा स्वयंसेवकों को मार्गदर्शन देंगे। शिविर का समापन 25 अक्टूबर को सायंकाल प्रात्यक्षिक कार्यक्रम के पश्चात होगा। महाकौशल प्रांत के विभिन्न जिलों से आए युवा स्वयंसेवकों का यह एकत्रीकरण अनुशासन, संगठनात्मक क्षमता, शारीरिक दक्षता और राष्ट्रसेवा के संकल्प को सुदृढ़ करने की दिशा में महत्वपूर्ण आयोजन है। जबलपुर में संपन्न यह भव्य पथ संचलन स्वयंसेवकों के सामूहिक प्रयास, समर्पण और एकात्मता का प्रभावी परिचय प्रस्तुत करता है।

सेंट पॉल्स को-एड स्कूल में प्राचार्य दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

सेंट पॉल्स को-एड स्कूल में प्राचार्य दिवस हर्षोल्लास एवं सम्मान के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों और शिक्षकों ने विद्यालय के प्राचार्य रेव. फादर थॉमस के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त करते हुए उनके प्रेरणादायी नेतृत्व, समर्पण और अमूल्य योगदान का सम्मान किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ पारंपरिक दक्षिण भारतीय वेशभूषा में सजे प्राथमिक कक्षाओं के विद्यार्थियों द्वारा तिलक के साथ प्राचार्य के स्वागत एवं मंच तक अगवानी से हुआ। प्रार्थना नृत्य और विद्यालय प्रबंधक के संबोधन ने समारोह को गरिमामय बनाया। हिंदी माध्यम के विद्यार्थियों ने मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया।



समारोह में रंगारंग प्रस्तुतियों ने जीता दिल

वहीं रिचा ग्रेस ने प्राचार्य के प्रति अपने सम्मान और प्रशंसा के भाव व्यक्त किए। दक्षिण भारतीय गीतों पर आधारित रंगारंग नृत्य प्रस्तुतियों ने समारोह में उत्साह भर दिया। प्राचार्य ने अपने प्रेरणादायी विचारों से सभी को मार्गदर्शन दिया। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन और राष्ट्रगान के साथ हुआ। शिक्षकों एवं कर्मचारियों के लिए आयोजित समारोह में प्रार्थना गीत, हिंदी माध्यम के शिक्षकों, सहायक कर्मचारियों तथा शिक्षकों की नृत्य प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया। सेक्शन इंचार्ज मैरी विल्सन और उपप्राचार्य फादर थिबिन बाबू ने प्राचार्य के व्यक्तित्व एवं नेतृत्व की सराहना की। प्राचार्य ने सभी के स्नेह और सहयोग के प्रति आभार व्यक्त किया। अंत में समस्त कर्मचारियों के लिए सामूहिक भोज का आयोजन किया गया।

ध्रुपद की गहराई में घुला जैज का सुर, 'संवाद' में सजी संगीत की अनूठी जुगलबंदी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय में 'पूनम-43' की संगीतमय संध्या

गुंदेचा ब्रदर्स के ध्रुपद गायन और जॉर्ज ब्रूक्स के सैक्सोफोन ने रचा भारतीय शास्त्रीय संगीत व पश्चिमी जैज का संगम

शास्त्रीय संगीत की आध्यात्मिक गहराई, पश्चिमी जैज की सुरमयी लहरियों का अनूठा मिलन, श्रोता हुए मंत्रमुग्ध

ध्रुपद की गंभीर स्वर-साधना, पखावज की गूंजती थाप और सैक्सोफोन की सुरमयी लहरियों ने जब एक-दूसरे से संवाद किया, तो संगीत की दो अलग-अलग परंपराएं एक ही भावभूमि पर आ मिलीं।

कहीं भारतीय शास्त्रीय संगीत की आध्यात्मिक गहराई सुनाई दी, तो कहीं पश्चिमी जैज की मुक्त अभिव्यक्ति ने सुरों को नया विस्तार दिया। इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय में शनिवार को आयोजित 'पूनम-43' की संगीतमय संध्या में 'संवाद — गुंडेचा ब्रदर्स व जॉर्ज ब्रूक्स' ने श्रोताओं को संगीत की इसी अनूठी दुनिया से रूबरू कराया।





मानव संग्रहालय में 'पूनम-43' के तहत प्रस्तुति देते गुंदेचा ब्रदर्स और सैक्सोफोन वादक जॉर्ज ब्रूक्स और संगीत को सुनते श्रोता।

सांस्कृतिक परिवेश में नजर आई जैज की प्रयोगधर्मिता

शरद पूर्णिमा के सांस्कृतिक परिवेश में सजी इस संध्या में ध्रुपद गायन के प्रतिष्ठित कलाकार पंडित उमाकांत और अनंत गुंदेचा ने अपनी प्रस्तुतियों से भारतीय शास्त्रीय संगीत की गंभीरता, अनुशासन और आध्यात्मिक भावबोध को स्वर दिए। दूसरी ओर, प्रख्यात सैक्सोफोन वादक जॉर्ज ब्रूक्स ने अपने वादन से जैज की स्वतंत्रता और प्रयोगधर्मिता को अभिव्यक्त किया। दोनों संगीत परंपराओं का यह मिलन केवल सुरों का मेल नहीं, बल्कि अलग-अलग सांस्कृतिक अनुभवों के बीच संवाद की एक रचनात्मक कोशिश बना। ध्रुपद की ठहरावपूर्ण गायकी, लय की गहराई और ताल वाद्यों की संगति के बीच सैक्सोफोन की धुनों ने संगीत को अलग रंग दिया।

ताज लेकफ्रंट में हुआ आयोजन

बिट्टू तबाही से लेकर 'हरामखोर' पेज के गणेशन और जीजी मां दीप्ति परमेश्वरी सिंह ने साझा किए अपने अनुभव

सोशल मीडिया पर 'ठेकेदारी' का नया अंदाज, चौथे भोपाल क्रिएटर समिट में जुटे हजारों कंटेंट क्रिएटर



भोपाल क्रिएटर समिट को संबोधित करते मुख्यमंत्री डॉ. मोहन।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

'ठेकेदार ग्रुप' एआई, टेक्नोलॉजी, एनिमेशन और बॉलीवुड का लेता है ठेका ठेकेदार का नाम सुनकर अमूमन लगता है कि किसी घर या बिल्डिंग के ठेके की बात हो रही है, लेकिन अब यही ठेका सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर भी दिया जाने लगा है। जी हां, हम बात कर रहे हैं इंस्टाग्राम पर 'ठेकेदार ग्रुप' की। ये ठेकेदार किसी घर या बिल्डिंग का ठेका नहीं लेते, बल्कि एआई, टेक्नोलॉजी, एनिमेशन और बॉलीवुड का ठेका लेते हैं।

विपुल, प्रवेश, शिवम और अमन द्वारा जनरेट इस 'ठेकेदार ग्रुप' के चार पेज हैं, जो अलग-अलग सेक्टर में डिवाइड हैं। इन चारों पेज के 125K, 122K, 80K और 15K फॉलोअर्स हैं। सोशल मीडिया पर ट्रेंडिंग इस ठेकेदार ग्रुप के साथ ही अजनार नदी सफाई अभियान के लिए प्रसिद्ध बिट्टू तबाही और देश-विदेश के प्रसिद्ध स्थानों की फोटोग्राफ्स या वीडियो 'हरामखोर' पेज के जरिए दिखाने वाले गणेशन सहित हजारों सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर और कंटेंट क्रिएटर चौथे भोपाल क्रिएटर समिट 2026 में देखने को मिले।

भोपाल क्रिएटर समिट में 14 श्रेणियों में क्रिएटर्स का चयन

- करण राजपूत को सर्वाधिक आकर्षक पुरुष क्रिएटर,
- अनमोल चौहान को सर्वाधिक आकर्षक महिला क्रिएटर
- यश आनंद (यशवंत) को सबसे प्रभावशाली पुरुष क्रिएटर
- प्रीति प्रजापति का चयन सबसे प्रभावशाली महिला क्रिएटर
- बिट्टू तबाही / सुरेंद्र सिंह चौधरी को सर्वश्रेष्ठ क्रिएटर
- पंकज को ट्रेंडसेटर क्रिएटर सहित 14 क्रिएटर्स को अलग अलग कैटेगरी मर्के अवार्ड दिया गया।



भोपाल क्रिएटर समिट 2026 में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर।

अजनार नदी सफाई अभियान से मिली देश-दुनिया में प्रसिद्धि




नाम : बिट्टू तबाही
फॉलोअर्स : 1.9 मिलियन

अजनार नदी सफाई अभियान से प्रसिद्धि पा चुके ब्यावरा के रहने वाले बिट्टू ने कहा कि मेरा काम लोगों को अवेयर करना है। मैंने 26 जनवरी 2026 को अजनार नदी सफाई अभियान शुरू किया था, जिसमें गांव के लोग भी मुझसे जुड़े और नदी स्वच्छ हो गई। लेकिन अब मैं लोगों से पुनः कहता हूं कि नदी और पर्यावरण को प्रदूषित न करें।

बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य पर करती हूं काम

इस अवसर पर पैनल डिस्कशन में 'जीजी मां' के नाम से प्रसिद्ध दीप्ति परमेश्वरी सिंह ने कहा कि मैं बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य को लेकर काम करती हूं और मुझे लगता है कि हमें देश के संस्कार, संस्कृति और परंपराओं के लिए काम करना होगा, जिसमें हमें अपने शब्दों और वाणी से संस्कार और संस्कृति को रिप्रेजेंट करना होगा। उन्होंने कहा कि मैं गांव के लोगों के पलायन को लेकर भी चिंतित हूं और इसके लिए ग्रास रूट लेवल पर जाकर काम करती हूं। लोगों को अपनी जड़ों से जुड़े रहने की सीख देती हूं।



ट्रैवलिंग और फोटोग्राफी के शौक ने बनाया कंटेंट क्रिएटर



नाम : गणेशन
फॉलोअर्स : 1 मिलियन
पेज : हरामखोर

गणेशन ने कहा कि ट्रैवलिंग का शौक रहा है। इसी के चलते फोटोग्राफी भी करता था। पिछले 12 सालों से बस फोटो और वीडियो को सोशल मीडिया पर अपलोड करता आया हूं। बस इसी से फेमस हो गया, लोग पसंद करने लगे। मेरे यही शौक एक पैशन बन गए। देश के कोने-कोने में घूम चुके गणेशन को भारत से ही नहीं, बल्कि विदेशों से भी ट्रैवलिंग के ऑफर आए और इसी के चलते एक दर्जन से अधिक देशों की यात्राएं कीं।

मनोज की नेटफ्लिक्स फिल्म 'गजब रात' में छाया 'मानसरोवर हॉस्पिटल' का सस्पेंस से भरा सीक्वेंस

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल



बॉलीवुड के मशहूर निर्देशक नीरज पांडे की नई क्राइम थ्रिलर फिल्म 'गजब रात' इन दिनों ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर छाई हुई है। इस थ्रिलर फिल्म में भोपाल के प्रसिद्ध मानसरोवर मेडिकल कॉलेज और एमजीयू हॉस्पिटल के परिसरों और गलियारों में कई हाई-वोल्टेज और रहस्यमयी दृश्य फिल्माए गए हैं। मानसरोवर ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के चीफ एग्जिक्युटिव डायरेक्टर इंजी. गौरव तिवारी ने बताया कि फिल्म की 50 फीसदी से ज्यादा शूटिंग मानसरोवर मेडिकल कॉलेज और एमजीयू हॉस्पिटल में ही पूरी हुई है। जिससे स्थानीय लोगों और संस्थान से जुड़े छात्रों-कर्मचारियों में खासा उत्साह देखने को मिला। एक्शन और इनवेस्टिगेशन पर आधारित इस फिल्म में अस्पताल के इमरजेंसी वॉर्ड और कॉरिडोर में अभिनेता मनोज बाजपेयी का किरदार तेजी से भागते और मामलों की तह तक पहुंचते हुए नजर आ रहा है।



10 हजार से अधिक धावकों के माध्यम से दिया जाएगा फिटनेस का संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

शारीरिक एवं मानसिक फिटनेस, नशामुक्ति और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरुकता बढ़ाने के उद्देश्य से 'रन भोपाल रन-2026' का 12वां संस्करण 6 दिसंबर को आयोजित किया जाएगा। टीटी नगर स्टेडियम से सुबह 5.45 बजे शुरू होने वाली इस मैराथन में 21 किमी हाफ मैराथन, 10 किमी और 5 किमी की तीन श्रेणियों में 10 हजार से अधिक प्रतिभागियों के शामिल होने की उम्मीद है। 5 दिसंबर को पहली बार 'आरबीआर जूनियर' का आयोजन किया जाएगा। इसमें 6 से 15 वर्ष तक के बच्चे हिस्सा ले सकेंगे। छोटे बच्चों के लिए अभिभावकों के साथ दौड़ने की व्यवस्था भी होगी, ताकि बच्चों के साथ माता-पिता भी फिटनेस के प्रति जागरूक हों और परिवार के साथ स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा मिले।

6 दिसंबर को होगा 'रन भोपाल रन-2026'

आज सजेगी सुरों की महफिल, शीशे में एक तस्वीर है कार्यक्रम की होगी थीम

भोपाल। राजधानी भोपाल में संगीत प्रेमियों के लिए रविवार, 25 अक्टूबर को सुरों से सजी एक यादगार शाम का आयोजन किया जा रहा है। संगीत सरिता म्यूजिकल ग्रुप अपनी चौथी संगीतमय प्रस्तुति लेकर आ रहा है।

- हिंदी फिल्मी गीतों से गूंजेगा श्यामला हिल्स

इस कार्यक्रम में नए और पुराने हिंदी फिल्मी गीतों की मधुर प्रस्तुतियों से संगीत की महफिल सजेगी। कार्यक्रम का शीर्षक गीत 'शीशे में एक तस्वीर है' रखा गया है। यह संगीतमय आयोजन श्यामला हिल्स स्थित रंग श्री लिटिल बैले ट्रूप में दोपहर 3 बजे से रात 10 बजे तक आयोजित होगा। कार्यक्रम में भोपाल सहित अन्य शहरों के संगीत प्रेमी, युवा प्रतिभाएं और वरिष्ठ गायक-गायिकाएं अपनी गायकी का हुनर प्रस्तुत करेंगे।



लोक उत्सव में मोरपंखी थीम पर सजी हेरिटेज फैशन वॉक, पारंपरिक बुनकरी का दिखा आधुनिक संगम

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

प्रधान मंडपम में आयोजित भोपाल लोक उत्सव हेरिटेज मेला-2026 के दूसरे दिन मोरपंखी थीम पर आधारित हेरिटेज फैशन वॉक आकर्षण का केंद्र रही।

एनएच 12 क्रिएटिव वुमेन्स क्लब द्वारा आयोजित इस फैशन वॉक में नर्मदा कॉलेज ऑफ फैशन आर्ट के विद्यार्थियों ने अपनी शानदार प्रस्तुतियों से दर्शकों का मन मोह लिया। प्रसिद्ध डिजाइनर गजल द्वारा तैयार विशेष डिजाइनों और अपर्णा के क्रिएशन में पारंपरिक बुनकरी का मोरपंखी रंगों के साथ आधुनिक संगम देखने को मिला। कार्यक्रम में मिसेज यूनिवर्स अमृता त्रिपाठी और सतपाल पालिया अतिथि के रूप में मौजूद रहे।

शरद पूर्णिमा आज चार शुभ योगों में मनेगा शरदोत्सव

भोपाल। अश्विन शुक्ल पूर्णिमा यानी शरद पूर्णिमा रविवार को प्रवर्ध, हर्षण, सर्वार्थ सिद्धि और गजकेसरी योग में मनाई जाएगी। पूर्णिमा रविवार सुबह 11.55 बजे से सोमवार सुबह 9.41 बजे तक रहेगी। पुजारी रामजीवन दुबे के अनुसार रात्रिकालीन पर्व होने से 25 अक्टूबर को ही शरदोत्सव श्रेष्ठ है। 26 को उदया तिथि में सिर्फ स्नान-दान होगा। बिड़ला मंदिर, बांके बिहारी मंदिर समेत कई मंदिरों में विशेष श्रृंगार होगा। बटेश्वर मंदिर में नौका विहार और खीर प्रसादी का आयोजन होगा।

प्रदर्शनी में करवाचौथ और दिवाली के लिए हैंडलूम सिल्क साड़ियों का स्पेशल कलेक्शन

रविशंकर नगर कम्युनिटी हॉल में पहली बार हुआ दस्तकारी हाट का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल





दस्तकारी हाट, भारत की सबसे बड़ी हैंडलूम और सिल्क प्रदर्शनी, इन दिनों शहर के रविशंकर नगर कम्युनिटी हॉल में देखने को मिल रही है। भारत के अलग-अलग ग्रामीण क्षेत्रों के बुनकरों और विधवा महिलाओं की मदद के मकसद से शुरू की गई दस्तकारी हाट, हथकरघा और हस्तशिल्प क्षेत्र से जुड़े सैकड़ों परिवारों की आजीविका का लगातार मजबूत सहारा बनी हुई है। यह संस्था पूरे देश में इसी तरह के आयोजनों का संचालन करती है। इसमें बनारस के घाटों से लेकर बिहार के गांवों तक, बंगाल से लेकर तमिलनाडु तक, असम के पहाड़ों से लेकर राजस्थान के रेगिस्तान तक ये बुनकर एक ही छत के नीचे 20 से भी अधिक किस्मों की सिल्क लेकर आ रहे हैं। बनारसी, कोसा, जामदानी, भागलपुरी, जयपुरी और असमिया सिल्क इस प्रदर्शनी के मुख्य आकर्षण हैं। यहां 15 से अधिक राज्यों के लगभग 85 स्टॉल लगाए गए हैं। मेले की ऑर्गनाइजर समीन ने बताया यह दस्तकारी हाट प्रदर्शनी के माध्यम से बुनकरों और शिल्पकारों की सहायता के हमारे संकल्प के तहत, इस आयोजन से होने वाली पूरी आय सीधे बुनकर परिवारों तक पहुंचाई जाती है।

गौहर महल में गूंजा सूफियत का जादू बी ट्रिपल एस बैंड ने बांधा समां

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

गौहर महल में 'पिनाकी- द हाउस ऑफ एंटरटेनमेंट' द्वारा आयोजित चार-दिवसीय उत्सव 'दीप उमंग उत्सव 2026' मेले में शनिवार को दिन भर शहरवासियों में गजब का उत्साह देखने को मिला, जहां शाम ढलते ही सूफी संगीत की धुनों और भव्य सजावट ने पूरे परिसर को रोशन कर दिया। इस अवसर पर बी ट्रिपल एस सूफी नाइट बैंड ने धमाल मचाते हुए सूफी नाइट बैंड से अपनी सुरीली प्रस्तुतियों से ऐसा समां बांधा कि पूरा गौहर महल परिसर संगीत के रंगों में डूब गया। मेले में तीन हजार से अधिक दर्शकों की भीड़ ने हिस्सा लिया। पैन-इंडिया प्रदर्शनी में 80 से अधिक भव्य स्टॉल्स पर देश के अलग-अलग कोनों से आए दस्तकार अपने अनूठे और पारंपरिक प्रोडक्ट्स को प्रदर्शित किया।



एंजल म्यूजिकल ग्रुप और देवोत्तर सेवा संस्थान ने किया 'अनमोल यादें' का आयोजन

रवींद्र भवन में गूंजे स्वर्णिम दौर के नगमे मुकेश-रफी-किशोर के गीतों से सजी शाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

हिंदी सिनेमा के स्वर्णिम दौर के सदाबहार गीतों ने रवींद्र भवन में संगीत प्रेमियों को यादों के खूबसूरत सफर पर पहुंचा दिया। एंजल म्यूजिकल ग्रुप और देवोत्तर सेवा संस्थान द्वारा आयोजित 'अनमोल यादें' कार्यक्रम में मुकेश, मोहम्मद रफी, किशोर कुमार, लता मंगेशकर और आशा भोसले के गीतों के जरिए सुरों से सजी शाम गुलजार हुई।



दृष्टिबाधित फाल्गुनी की प्रस्तुति बनी आकर्षण

इस मौके पर मुंबई से आए वॉइस ऑफ मुकेश ओम चतुर्वेदी ने मुकेश के गीतों से महफिल का आगाज किया। इसके बाद डॉ. मणि सक्सेना, विपिन शर्मा, मधु चौधरी, इंजीनियर आशु खान, मनोहर छाबरिया और डॉ. तनिषा ने एकल प्रस्तुतियों से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया। कार्यक्रम का विशेष आकर्षण दृष्टिबाधित किशोरी फाल्गुनी पुरोहित की प्रस्तुति रही। उन्होंने लता मंगेशकर का गीत होंठों पे ऐसी बात मैं दबाके चली आई... सुनाया।

मंत्री पटेल ने किया मेले का शुभारंभ


21वें रीजनल सरस मेले का शुभारंभ 15 राज्यों के उत्पाद बने आकर्षण


हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल



महिला स्व-सहायता समूहों के उत्पादों को बाजार उपलब्ध कराने, ग्रामीण आजीविका को बढ़ावा देने और स्थानीय हस्तशिल्प एवं हथकरघा को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से भोपाल हाट परिसर में रीजनल सरस मेला-2026 का शुभारंभ शनिवार को हुआ। ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार के प्रायोजन तथा पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के आयोजन में लगने वाला यह मेला 4 नवंबर तक चलेगा। मेले का शुभारंभ पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल ने किया। मेले में देश के विभिन्न राज्यों सहित प्रदेश के अलग-अलग जिलों से आए महिला स्व-सहायता समूहों ने अपने उत्पादों शामिल किए।

इन दिनों हर तरफ एलन मस्क की टेस्ला रोडस्टर कार को लेकर रॉकेट तकनीक और उड़ने की क्षमताओं से जुड़ी चर्चाएं हो रही हैं। रोडस्टर की प्रस्तावित उत्पादन समय सीमा 2028 बताई गई है। उड़ती हुई कारें निश्चित रूप से भविष्य के परिवहन का एक हिस्सा बन सकती हैं। लेकिन अभी इसे हकीकत बनने में कई सवालों और चुनौतियों का सामना करना होगा।





कवर स्टोरी
लोकमित्र गौतम

क्या सच होने वाला है उड़ती कार का सपना !

उड़ती हुई कारों का सपना अब केवल विज्ञान कथाओं, हॉलीवुड फिल्मों और भविष्य की कल्पनाओं तक सीमित नहीं है। गुजरे 15 अक्टूबर 2026 को टेक्सास में टेस्ला की ऐसी ही उड़न कार नई रोडस्टर के प्रदर्शन ने इस अनुमान को और मजबूत किया है। एलन मस्क की टेस्ला के अलावा भी दुनिया की कई कंपनियां ऐसी कारों के विकास में काफी हद तक सफल हो चुकी हैं या इसके नजदीक पहुंच चुकी हैं, जो सड़क पर कार की तरह चलने के बजाय हवा में उड़ सकेंगी। कहीं इन्हें फ्लाइंग कार कहा जा रहा है, कहीं इलेक्ट्रिक वर्टिकल टेकऑफ एंड लैंडिंग यानी ईवीटीओएल और कहीं एयर टैक्सी। लेकिन एक बुनियादी सवाल अब भी रह-रहकर जेहन में आ रहा है कि क्या हम सचमुच उड़ती हुई कारों के युग की दहलीज पर खड़े हैं या तकनीक की चमक ने भविष्य की तस्वीर को वास्तविकता से कहीं ज्यादा आकर्षक बना दिया है? इस बात को समझना होगा कि सड़क पर चलने वाली कार, रॉकेट से जुड़ा प्रदर्शन और यात्रियों को लेकर उड़ने वाला प्रमाणित विमान- तीनों अलग-अलग चीजें हैं। भविष्य की परिवहन क्रांति को समझने के लिए इस अंतर को ध्यान में रखना जरूरी है।



कई देशों में बन रही ईवीटीओएल



नीदरलैंड में निर्मित पाल-वी लिबर्टी कार

आसान नहीं सपने का सच होना

बीते 15 अक्टूबर 2026 को एलन मस्क ने स्पेसएक्स की तकनीक से जुड़े थ्रस्टरों की मदद से अमेरिका के टेक्सास में अपनी बहुचर्चित और बहुप्रतीक्षित टेस्ला की नई रोडस्टर कार को एक घुमावदार रैंप से हवा में उछलते, पलटते और जमीन पर उतरते दिखाया और अपनी सपनीली उड़न कार को लेकर असाधारण दावे भी किए हैं। इसके बाद से उड़न कार की चर्चाएं एक बार फिर से सुर्खियों में आ गई हैं। लेकिन उड़ान के जानकारों के मुताबिक इस प्रदर्शन को सामान्य अर्थों में उड़ने वाली कार का प्रमाण नहीं माना जा सकता। कुछ क्षण हवा में उछलना और नियंत्रित उड़ान भरकर यात्रियों को एक स्थान से दूसरे स्थान तक पहुंचाना बिल्कुल अलग बात है। हालांकि इस घटना का महत्व फिर भी कम नहीं है। इसने एक बार फिर दिखाया कि सड़क परिवहन और एयरोस्पेस तकनीक के बीच की दूरी घटाने की महत्वाकांक्षा कितनी बड़ी हो चुकी है। मगर भविष्य की असली परीक्षा रोमांचक प्रदर्शन नहीं बल्कि सुरक्षा, उपयोगिता, लागत और नियामकीय मंजूरी होगी। साथ ही इसकी जोर-शोर से हो रही तैयारियों के बीच यह सवाल भी वाजिब है कि क्या हर कार को उड़ने की जरूरत होगी?

वास्तविकता को समझना होगा

फ्लाइंग कार से जुड़े सवालों का जवाब समझने के लिए पहले इसकी दो अलग अवधारणाओं को समझना होगा। पहली यह कि ऐसी कार, जो सड़क पर भी चल सके और जरूरत पड़ने पर उड़ भी सके। दूसरी है इलेक्ट्रिक एयर टैक्सी, जो सड़क पर चलने वाली कार नहीं बल्कि छोटी उड़ने वाली कार या मशीन है। इसे ही आमतौर पर ईवीटीओएल कहा जाता है यानी टैक्सी के रूप में एक विमान, जो बिजली से उड़ता हो और हेलीकॉप्टर की तरह सीधे ऊपर उठ सके और नीचे उतर सकता हो।

यह दूसरी अवधारणा फिलहाल ज्यादा व्यावहारिक दिखाई देती है। शहरों के बीच हर व्यक्ति की निजी उड़ने वाली कार की तुलना में हवाई अड्डे से शहर के केंद्र तक तेज परिवहन, महानगरों में सीमित दूरी की हवाई टैक्सी और आपातकालीन चिकित्सा सेवाएं पहले उपयोगी साबित हो सकती हैं। इससे जमीन पर मौजूद सड़क नेटवर्क को हटाने के बजाय उसके ऊपर एक नया परिवहन विकल्प तैयार होगा। हमें यह समझना होगा कि महानगरों में यातायात की समस्या केवल सड़कों की कमी नहीं है। आबादी का घनत्व, गलत शहरी नियोजन, पार्किंग, सार्वजनिक परिवहन की अपर्याप्तता और यात्रा की बढ़ती मांग भी इसके कारण हैं। ऐसे में उड़ती हुई कारों को हर समस्या का समाधान मानना जल्दबाजी होगी। कल्पना करें दिल्ली, मुंबई या बंगलुरु में हजारों निजी उड़ने वाली कारें एक साथ आसमान में उतर आएं, तब सवाल होगा कि उन्हें उड़ने की अनुमति कौन देगा, उनके लिए हवाई गलियारे कैसे निर्धारित होंगे, दुर्घटना की स्थिति में जिम्मेदारी किसकी होगी और वे कहां उतरेंगी? यदि हर इमारत की छत पर लैंडिंग की व्यवस्था करनी पड़े, तो शहरी ढांचे को पूरी तरह बदलना होगा। इसके अलावा, बैटरी की क्षमता, उड़ान की दूरी, मौसम का प्रभाव, शोर, रखरखाव और यात्रियों की सुरक्षा भी बड़ी चुनौतियां हैं। कम दूरी की इलेक्ट्रिक उड़ान संभव बनाने वाली तकनीक अपने आप में यह गारंटी नहीं देती कि वह हर मौसम में सुरक्षित और किफायती सेवा दे सकेगी।



अमेरिका में बनी जॉबी एविएशन का एस4

खत्म नहीं होंगे पारंपरिक वाहन

उड़न कारों के बारे में सोचते हुए एक यह सवाल भी जेहन में आता है कि क्या उड़ने वाली कारों के आने के बाद रेल, मेट्रो, बसें और सामान्य कारें अप्रासंगिक हो जाएंगी? इसकी संभावना बिल्कुल नहीं है, क्योंकि इतिहास गवाह है कि परिवहन के इतिहास में नए साधन पुराने साधनों को पूरी तरह समाप्त नहीं करते बल्कि उनकी भूमिका बदलते हैं। विमान आने के बाद रेल खत्म नहीं हुई, मेट्रो के विस्तार से बसों की जरूरत समाप्त नहीं हुई। उसी तरह उड़ने वाली कारें भी पहले उन यात्राओं में जगह बना सकती हैं, जहां समय की कीमत अधिक है और यात्रियों की संख्या सीमित है। मेट्रो और रेल बड़ी संख्या में यात्रियों को कम ऊर्जा और कम जगह में ले जाने में सक्षम हैं। बसें स्थानीय संपर्क प्रदान करती हैं, जबकि निजी कारें घर से गंतव्य तक लचीली यात्रा का विकल्प देती हैं।

भविष्य में ऐसा हो सकता है

एक यात्री घर से इलेक्ट्रिक कार में मेट्रो स्टेशन तक पहुंचे, लंबी दूरी ट्रेन से तय करें और अंतिम चरण में हवाई टैक्सी का इस्तेमाल करे, ऐसी एकीकृत व्यवस्था अधिक यथार्थवादी है। इस तरह उड़ती हुई कारों का भविष्य केवल इस बात से तय नहीं होगा कि कोई वाहन हवा में उठ सकता है या नहीं। असली प्रश्न यह होगा कि क्या वह आम आदमी की जरूरतों के अनुकूल सुरक्षित, विश्वसनीय, किफायती और पर्यावरण की दृष्टि से बेहतर विकल्प बन सकता है। हालांकि, उस भविष्य में सबसे महत्वपूर्ण वाहन शायद वह नहीं होगा जो सबसे ऊंचा उड़ता है बल्कि वह होगा जो लोगों को सबसे सुरक्षित, सुलभ और कम खर्च में उनकी मंजिल तक पहुंचाता है। *



कई देशों में हो रहे प्रयास

भले आज अमेरिका, चीन, जापान, जर्मनी, ब्रिटेन और नीदरलैंड सहित कई देशों में अलग-अलग तरह के उड़ने वाले वाहन विकसित हो रहे हों। अमेरिका में जॉबी एविएशन का एस4 और आर्चर एविएशन का मिडनाइट जैसे विमान हवाई टैक्सी के लिए तैयार किए जा रहे हैं। चीन की ईहैंग अपने ईएच216-एस जैसे बिना पायलट वाले यात्री विमान के कारण उल्लेखनीय बढ़त रखती है। जापान की स्काईड्राइव और चीन की एक्सपेंग एरोएचटी सड़क और आसमान के बीच संबंध बनाने वाली अलग अवधारणाओं पर काम कर रही हैं। मगर यहां एक महत्वपूर्ण अंतर है। तकनीकी प्रोटोटाइप उड़ाना, विमान का नियामकीय प्रमाणन प्राप्त करना और नियमित व्यावसायिक यात्री सेवा शुरू करना तीन अलग-अलग पड़ाव हैं। चीन का ईएच216-एस प्रमाणन और सीमित सेवाओं के मामले में आगे है, जबकि अमेरिका में जॉबी जैसे खिलाड़ी पायलट वाले विमानों के प्रमाणन की दिशा में तेजी से बढ़ रहे हैं। इसलिए किसी एक देश को सभी तरह की उड़ने वाली कारों का निर्विवाद विजेता कहना अभी सही नहीं होगा।

अब रोबोट करेंगे सर्जरी !

अभी तक इंसानी डॉक्टर की मदद से रोबोटिक सर्जरी हुआ करती थी। लेकिन अब इंसानी डॉक्टर से दूर रहकर रोबोटिक सर्जरी को अंजाम देने की दिशा में कदम आगे बढ़ गए हैं। यह देखना दिलचस्प होगा, आने वाले समय में मेडिकल साइंस में रोबोट की भूमिका और कितनी बढ़ती है?



टेक्नोट्रीटमेंट / वीरेंद्र बहादुर सिंह

मेडिकल क्षेत्र में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और रोबोटिक्स का इस्तेमाल तेजी से बढ़ रहा है। आज भारत में भी घुटने और कूल्हे के जॉइंट रिप्लेसमेंट से लेकर कई तरह की छोटी-बड़ी सर्जरी रोबोटिक तकनीक की मदद से की जाने लगी हैं। हालांकि इन ऑपरेशनों में रोबोट अपने आप सर्जरी नहीं करता। अनुभवी और कुशल डॉक्टर ऑपरेशन थिएटर में मौजूद रहते हैं और रोबोटिक उपकरणों की मदद से पूरी प्रक्रिया को नियंत्रित करते हैं। लेकिन अमेरिका में हाल ही में हुए एक प्रयोग ने भविष्य की मेडिकल सर्जरी की संभावनाओं को एक कदम और आगे बढ़ा दिया है।

दो ह्यूमनॉइड रोबोट ने की सर्जरी: अमेरिका की यूनिवर्सिटी ऑफ कैलिफोर्निया में एक ऐसा प्रयोग किया गया, जिसमें दो ह्यूमनॉइड रोबोट ने एक जीवित मरीज पर सर्जरी की। इस दौरान गॉल-ब्लैडर यानी पित्ताशय को शरीर से अलग किया गया। ऑपरेशन में चीरा लगाना, लिवर से पित्ताशय को अलग करना और अंत में टांके लगाने जैसी प्रक्रियाएं रोबोट ने पूरी कीं।

यह दावा सुनने में बेहद रोमांचक है कि रोबोट ने स्वयं ऑपरेशन कर दिया, लेकिन इस प्रयोग की वास्तविकता को समझना जरूरी है। पहली बात यह कि मरीज इंसान नहीं, बल्कि एक पशु था। दूसरी और सबसे महत्वपूर्ण बात यह कि प्रशिक्षित मानव डॉक्टर पूरी प्रक्रिया के दौरान मौजूद थे। वे ऑपरेशन थिएटर से दूर बैठकर टेली ऑपरेशन तकनीक के माध्यम से रोबोट को नियंत्रित कर रहे थे। फिर भी मेडिकल साइंस के लिए यह प्रयोग बेहद महत्वपूर्ण है, क्योंकि इसका उद्देश्य यह पता लगाना था कि क्या भविष्य में ह्यूमनॉइड रोबोट डॉक्टर की प्रत्यक्ष मौजूदगी के बिना भी जटिल सर्जरी कर सकते हैं?

नॉर्मल रोबोट ने किया ऑपरेशन: इस प्रयोग की एक और खासियत थी। इसके लिए कोई विशेष सर्जिकल रोबोट तैयार नहीं किया गया था। इसके बजाय दो नॉर्मल ह्यूमनॉइड रोबोट का इस्तेमाल किया गया। इन रोबोट में कई तरह के जोड़ थे और उनके हाथों में अंगूठे तथा अंगुलियों जैसी कार्यक्षमता थी। इसलिए वे अपने हाथों में अलग-अलग सर्जिकल उपकरण पकड़कर उनका इस्तेमाल कर सकते थे। इनमें थ्रीडी लाइडार और डेप्थ कैमरा जैसी तकनीक भी लगी थी। इससे रोबोट अपने सामने मौजूद वस्तुओं की स्थिति और गहराई को समझ सकते थे। यही क्षमता सर्जरी जैसे अत्यंत संवेदनशील काम में महत्वपूर्ण हो जाती है। यह प्रयोग इस बात का संकेत है कि भविष्य की सर्जरी में केवल रोबोटिक मशीनें ही नहीं, बल्कि एआई, कंप्यूटर विजन और रोबोटिक्स का संयुक्त इस्तेमाल निर्णायक भूमिका निभा सकता है।

भारत में हो चुका है ऐसा प्रयोग: रोबोटिक सर्जरी की यह कहानी भारत के लिए पूरी तरह नई नहीं है। करीब आठ वर्ष पहले गुजरात में ऐसा प्रयोग हो चुका है, जिसमें डॉक्टर ने मरीज से कई किलोमीटर दूर बैठकर टेलीरोबोटिक तकनीक से सफलतापूर्वक हृदय की सर्जिकल प्रक्रिया की थी।

पद्मश्री से सम्मानित हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. तेजस पटेल ने 2018 में अहमदाबाद स्थित अस्पताल में भर्ती एक महिला मरीज के हृदय की प्रक्रिया को दूर बैठकर नियंत्रित किया था। उस समय डॉक्टर स्वयं अस्पताल से लगभग 30-32 किलोमीटर दूर गांधीनगर में थे। मरीज को कुछ दिन पहले ही हृदयाघात हुआ था। इसके बावजूद उसने दुनिया में इस तरह की पहली प्रक्रियाओं में से एक के लिए सहमति दी। यह प्रयोग इसलिए ऐतिहासिक था क्योंकि डॉक्टर और मरीज के बीच कई किलोमीटर की दूरी होने के बावजूद रोबोटिक सिस्टम और हाईस्पीड इंटरनेट की मदद से डॉक्टर मरीज की प्रक्रिया को नियंत्रित कर सके।




कैसे होती है टेलीरोबोटिक सर्जरी: इस तरह की रोबोटिक प्रणाली मुख्य रूप से तीन हिस्सों में काम करती है। पहला हिस्सा अस्पताल के ऑपरेशन थिएटर में मौजूद रोबोटिक आर्म होता है, जो कैथलैब जैसी व्यवस्था के साथ जुड़ा रहता है और मरीज के शरीर में वास्तविक प्रक्रिया करता है। दूसरे हिस्से में एक बदली जा सकने वाली कैसेट होती है। इसमें प्रक्रिया के लिए जरूरी क्लिनिकल सामग्री और उपकरण व्यवस्थित रहते हैं। तीसरा हिस्सा डॉक्टर के लिए बनी कॉकपिट जैसी व्यवस्था होती है। डॉक्टर इसमें बैठकर गेमिंग के जॉयस्टिक जैसे नियंत्रण उपकरणों की मदद से रोबोटिक आर्म को संचालित करता है।

सबसे खास बात यह है कि यह कॉकपिट, ऑपरेशन थिएटर से काफी दूर भी हो सकती है।

सवाल भी है बरकरार: रोबोटिक सर्जरी को लेकर अकसर यह सवाल उठता है कि क्या भविष्य में रोबोट, डॉक्टरों की जगह ले लेंगे? फिलहाल ऐसा कहना जल्दबाजी होगी। सर्जरी केवल हाथों की सटीक गतिविधियों का नाम नहीं है। मरीज की स्थिति को समझना, अचानक पैदा होने वाली जटिलताओं का आकलन करना, निर्णय लेना और किसी अप्रत्याशित परिस्थिति में तुरंत रणनीति बदलना, इन सबमें मानवीय विशेषज्ञता महत्वपूर्ण है।

लेकिन तस्वीर का दूसरा पहलू भी उतना ही दिलचस्प है। अगर एआई रोबोट को देखने, समझने और निर्णय लेने की क्षमता में लगातार बेहतर बनाता है और रोबोटिक तकनीक हाथों की अत्यंत सूक्ष्म गतिविधियों को अधिक सटीक बनाती है, तो डॉक्टर और रोबोट का यह गठजोड़ चिकित्सा क्षेत्र को पूरी तरह बदल सकता है। *



कविता

रावण है कि मरता नहीं

आग लगती है हर बार, मनता है जश्न भी
जलता है बार-बार पर, रावण है कि
मरता नहीं।

भ्रमित करने दुनिया को, उठता है, गिरता है,
दिखता है खौफजदा, हकीकत में रावण है
कि डरता नहीं।

कहते हैं सब चलो नेकी की राह पर और
करते चलो नेकी
भूल जाते नेकी, मन का रावण है कि
नेकी करता नहीं।

दुनिया गवाह है, बोलता है नशा
जब सर चढ़कर,
अहंकार की बुलंदी से रावण है कि
उतरता नहीं।

युगों बाद भी परीक्षा की आग में
तप रही जानकी
जल रहा 'सूरज' पर उस आग से रावण
है कि गुजरता नहीं।

क्रांतिदीप अनूपे 'सूरज' भोपाल



पुस्तक अंश
सूर्यबाला

कई प्रतिष्ठित सम्मानों से विभूषित वरिष्ठ साहित्यकार सूर्यबाला की आत्मकथात्मक संस्मरणों की पुस्तक 'डिप सा'ब की तीसरी बेटी' हाल में प्रकाशित होकर आई है। अपनी स्मृति की वीथियों से गुजरते हुए उन्होंने बहुत साधारण सी लगने वाली घटनाओं में व्याप्त असाधारण सौंदर्य और विमर्श को व्यक्त किया है। आज उनके जन्मदिन के अवसर पर प्रस्तुत है, इसी पुस्तक का एक संपादित अंश।

युवती वधुओं से एक गुहार

मनोविज्ञान कभी मेरा विषय नहीं रहा लेकिन मेरी 'मेरा विद्रोह', 'सुनंदा छोकरी की डायरी', 'सांझवाती' और 'निर्वासित' जैसी कहानियां पढ़कर लोग अकसर प्रश्न करते हैं, 'आप बच्चों और बूढ़ों के मनों को कैसे इतनी बारीकी से पढ़ पाती हैं?...तो मैं ही नहीं शायद हर रचनाकार जन्मजात मनोविज्ञानी होता है। यह मनोविज्ञान लेखन ही नहीं, जीवन में भी आई परिस्थितियों और चरित्रों से निर्वाह कर ले जाने की तरकीबें निकाल सकता है। मैंने इसी की मदद से श्वसुरालय के ग्राम्यांचल से जुड़े लोगों की मन, प्रकृति और समझ बांच ली थी। ये बेशक पुरानी और रीति-रिवाजों की लकीर पीटने वाले गलत परंपराओं, अंधविश्वासों को भी सही समझने वाले लोग हैं लेकिन मन के कुटिल नहीं। ये ऊपर से अड़ियल हैं, रूढ़ परंपराओं से अलग होने का उनमें भय व्यापता हैं, और वे असुरक्षित महसूस करते हैं लेकिन अंदर से सीधे, भोले और अपनेपन की अकूत मिल्कियत के मालिक हैं। उन्होंने जीवन में सदा अपना-पराया, तेरा-मेरा अलगा-गुजारी और थोड़ी-थोड़ी चीजों पर लड़ना, अड़ना ही देखा होता है। एक-दूसरे के खिलाफ अपने पतियों को भड़काती स्त्रियां, प्रायः हर विवाहित पुत्र, रात-दिन मां से पत्नी के विरुद्ध और पत्नी से उसकी मां के खिलाफ शिकायतों की अनवरत और अंधाधुंध कलह कोलाहल भरी शिकायतें सुनते-सुनते खब्त हो गया होता है। मुझे लेकर भी इस मां की, इस परिवार की कुछ वैसी ही रूढ़ धारणाएं बनी होंगी उसे संभालने में, उनकी धारणा बदलने में समय तो लगना ही था।

विश्व की प्रकृति प्रदत्त दुर्भाग्यपूर्ण विडंबनाओं में एक है, सास-बहू की परस्पर तनातनी वास्तव में यह एक ही 'पुरुष' पर अपना एकनिष्ठ वर्चस्व चाहने वाली उसके जीवन की दो अतिप्रिय स्त्रियों के क्लेश हैं क्योंकि वह दोनों का प्रिय है दोनों स्त्रियां उस पर अपना पूरा आधिपत्य चाहती हैं। पहली ने जिस बच्चे को जन्म दिया, शिशुपन से उसके सारे दुःख-सुख की साक्षी रही, एक ही रात में उस मां को एक-दूसरी युवती स्त्री द्वारा उसके पद से अपदस्थ कर दिया जाता है। (अनजाने ही सही) लेकिन बचपन से युवा होने तक जिसकी नींद सोयी, जिसकी नींद उठी, ऐसी मां और बेटे के निकटतम रक्त-संबंध के बावजूद, यह अपदस्थ मां, अपने 'दोनों बच्चों' (पुत्र-पुत्रवधु) से एक समझदार, सम्मानजनक व्यवहार, रिश्ता और निश्छल प्यार पा कर अति प्रसन्न और तृप्त भी हो सकती है, यह कोई युवती बहू शायद ही समझती हो। कम से कम प्रयोग के तौर पर ही, नाममात्र को ही, यदि वह पहले की तरह उस मां को घर की सम्राज्ञी, उसके बेटे की 'वही मां' बनी रहने का 'भरम' बनाये रख सके तो सीधे-सीधे सिर्फ भारत ही नहीं, विश्व की एक बड़ी मनोवैज्ञानिक समस्या छूमंतर हो सकती है। लेकिन इतना तक भी धैर्य कहां हो पाता है। न हमारी युवती वधुओं में! न परिपक्ववय वाली मां में ही प्रायः खलनायिकत्व अपनाने से बाज न आती वधुरानी को भी सीधे-सीधे, संपूर्ण प्रभुत्व, पर्याप्त स्पेस और स्वछंद स्वतंत्रता चाहिए होती है। तो लुटी-पिटी, हारी-खिसियानी हजार पूर्वाग्रहों से ग्रस्त, मां जो तमाम गलत धारणाओं की शिकार पहले से ही होती हैं, उनकी धारणा का रंग पक्का होता जाता है। मैंने इन्हीं दो गहरी खाइयों के बीच सेतुबंध का एक प्रयोग सा किया था जो सफल रहा और पूरे कुटुंब में तीन पीढ़ियों तक जीवन और संबंधों की समरसता कायम रही। सच तो यह है कि परिवार और रिश्तों से जुड़ी स्थितियों को सिर्फ 'घरेलू' मानकर न मुंह बिचकाया जा सकता है, न उन्हें टरकाया जा सकता है। थोड़े-बहुत उलटफेर के साथ कॉर्पोरेट और कारोबारी संस्थानों में जटिल रिलेशनशिप को साधने में काम आने वाली तरकीबों और फॉर्मूलों से ही इस मसले को भी हल किया जा सकता है। शर्त सिर्फ एक, इसे घरेलू समझ कर हल्के से न लिया जाए। *



(वाणी प्रकाशन, नई दिल्ली से प्रकाशित पुस्तक 'डिप सा'ब की तीसरी बेटी' से साभार)

विज्ञापन...

इंजेक्शन की नवीन तकनीक से स्पाइन रोगों का उपचार

नोट : वरिष्ठ नागरिकों (60 वर्ष के ऊपर) का उपचार मात्र 12 हजार रुपए में

सर्जरी के बिना ही सिर्फ इंजेक्शन तकनीक के जरिये स्पाइन (रीढ़) रोगों का बेहतर और विश्वसनीय उपचार ग्वालियर में हो रहा है इस तकनीक के असाधारण लाभ-



केन्द्रीय मंत्री श्रीमंत ज्योतिरादित्य सिंधिया जी से स्पाइन के क्षेत्र में विशेष योगदान के लिए डॉ. प्रमोद पहारिया अवार्ड प्राप्त करते हुए।

स्टेनोसिस, स्पॉन्डि-लाइटिस आदि में कारगर है।

जो रोगी ऑपरेशन करवा चुके हैं उसमें भी यह कारगर है ?

यदि ऑपरेशन के बाद दबाव बना रहता या दोबारा दबाव आ जाता है तो उसमें भी यह तकनीकी कारगर है।

इस ट्रीटमेंट की कितनी बार आवश्यकता होती है?
सिर्फ एक ही बार पर्याप्त है।

सर्जरी की अपेक्षा इस तकनीक के क्या फायदे हैं?
सर्जरी के बाद पैरालिसिस, पैलाप्लेजिया, ब्लैडर एंव बोवेल के कंट्रोल में क्षति, पैरों में कमजोरी, इंफेक्शन, इंप्लाट फैलियर जैसे कॉम्पिलकेशन इसमें नही है।

किन मरीजों का इलाज इस तकनीक से संभव है?
डिस्क प्रोलेप्स जैसे L4-L5, L5-S1, साइटिका, लंबर या सर्वाइकल रेडीक्युलोपैथी, डिजरनेरेटिव डिस्क, फैसिट जॉइन्ट सिंड्रोम, माइलोपैथी, लंबर कैनाल

किस उम्र के लिये यह चिकित्सा है?
15 से 85 वर्ष के मरीजों के लिये।

कितने समय में रोगी घर जा सकता है?
एक घण्टे बाद ही घर जा सकता है। जबकि सर्जरी में 3 माह तक रोगी को अपने काम से अलग रहकर आर्थिक क्षति उठाना पड़ती है।

इस ट्रीटमेंट की सफलता की दर कितनी है?
90 से 95% सफल है।

इस ट्रीटमेंट का असर कब तक रहता है?
इसमें जड़ से इलाज होता है।

क्या यह स्टेरॉइड इंजेक्शन है?
नहीं, यह एक भ्रम है। यह एक सेफ अमेरिकन प्रोसीजर है, जो एक विशेष मशीन की निगरानी में किया जाता है।

NBC@.

डॉ. प्रमोद पहारिया
स्पाइन सर्जन
MBBS, D.Ortho, DNB, M.Ch. (Ortho)
पूर्व सर्जन- सर गंगाराम हॉस्पिटल एवं इंडियन स्पाइनल इंज्यूरी सेन्टर, नई दिल्ली

ओल्ड श्री टॉकीज, बारादरी, मुरार, ग्वालियर (म.प्र.)
समय: दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक
व्हाट्सएप पर रिपोर्ट भेजकर ही संपर्क करें
सम्पर्क – 7354858466



अनुपम खेर संगीत के जादूगर स्टीवी वंडर से मिलकर हुए भावुक

मुंबई। दिग्गज अभिनेता अनुपम खेर को स्वीडन के स्टॉकहोम में स्टीवी वंडर के कॉन्सर्ट के बाद बैकस्टेज में उनसे मिलने का खास मौका मिला। यह कॉन्सर्ट वंडर के 50वीं सालगिरह दौरे का हिस्सा था। वंडर से मिलकर अनुपम सचमुच भावुक हो उठे और उन्होंने अपनी खुशी और तस्वीरें इंस्टाग्राम पर साझा कीं। अनुपम ने की वंडर के संगीत और मानवीय कार्यों की सराहना अनुपम ने इस अनुभव को यादगार बताया। उन्होंने कहा, स्टीवी वंडर ने एक के बाद एक गाने गाकर हर सुर से पूरे एरिना को जैसे जादू से भर दिया था। अनुपम ने वंडर की दयालुता की भी खुलकर तारीफ की।

लाइफ Style

दीपिका



शाहरुख खान और दीपिका पादुकोण आगामी फिल्म 'किंग' के लिए फिर साथ आएंगे। क्रिसमस, 2026 पर इसकी रिलीज से पहले, दोनों कलाकार एक गाने की शूटिंग साथ करने वाले हैं। इसे कोरियोग्राफ करने की जिम्मेदारी कथित तौर पर वैभवी मर्चेंट ने उठाई है।

'किंग' में शाहरुख संग गाने से मचाएंगी धमाल

एजेंसी ⏭ मुंबई


बताया जा रहा है कि निर्माताओं ने इस सीक्वेंस के लिए तैयारियां जोर-शोर से शुरू कर दी हैं। गाने की शूटिंग के लिए 26 अक्टूबर का दिन चुना गया है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, इस गाने में फिल्म की पूरी कास्ट के शामिल होने की उम्मीद है। निर्माताओं ने इसके लिए मुंबई में तैयारी शुरू कर दी है। हालांकि, गाने का शीर्षक, म्यूजिक कंपोजर और दूसरे क्रिएटिव कोलेबोरेटर्स के बारे में जानकारी अभी सामने नहीं आई है। कहा जा रहा है कि इसकी कोरियोग्राफी वैभवी करेंगी। पहले भी फिल्म के सेट से शाहरुख और दीपिका के कुछ क्लिप सामने आए थे, जिनमें दोनों गाने की शूटिंग कर रहे थे। 'किंग' इस साल की बहुप्रतीक्षित एक्शन थ्रिलर फिल्म है, जिसका निर्माण शाहरुख के रेड चिलीज एंटरटेनमेंट के बैनर तले किया गया है। इसके निर्देशन की जिम्मेदारी सिद्धार्थ आनंद ने उठाई है। 2023 में आई 'पठान' और 'जवान' के बाद, शाहरुख इस फिल्म में एक बार फिर एक्शन का तड़का लगाते दिखेंगे। फिल्म में सुहाना खान, अभिषेक बच्चन, रानी मुखर्जी, जयदीप अहलावत और अरशद वारसी समेत कई सितारे अहम किरदारों में नजर आएंगे। यह 24 दिसंबर, 2026 को सिनेमाघरों में आएगी।

हॉलीवुड मसाला




'टॉम एंड जेरी' की धमाकेदार वापसी...

लॉस एंजिल्स। टॉम और जेरी एक नए एडवेंचर पर निकल रहे हैं। उनकी फिल्म 'टॉम एंड जेरी: फॉरबिडन कंपास' 23 अक्टूबर, 2026 को भारत के सिनेमाघरों में आ रही है। इस बार वे पूर्वी पौराणिक कथाओं से प्रेरित एक पुरानी दुनिया की खोज करेंगे। खास बात यह है कि पहली बार ये दोनों 3डी सीजीआई में पूरी तरह एनिमेटेड दिखेंगे। इस फिल्म का निर्देशन गैंग झांग ने किया है, जो उनकी पुरानी भाग-दौड़ को एक नया अंदाज देगी। भारत में 50 से ज्यादा सिनेमाघरों में रिलीज होगी फिल्म यह फिल्म कई देशों के स्टूडियो की मेहनत का नतीजा है।




'द ब्रैडी बंच' के अभिनेता माइकल ग्रे का हुआ निधन

लॉस एंजिल्स। मशहूर 'शजाम' सीरीज में बिली बैटसन का यादगार किरदार निभाने वाले माइकल ग्रे का 75 साल की उम्र में निधन हो गया है। उनकी मौत प्राकृतिक कारणों से हुई। उनका निधन 16 अक्टूबर को कैलिफोर्निया के पाम डेजर्ट में हुआ। उन्होंने अपने पीछे एक ऐसी विरासत छोड़ी है, जो आज भी पुराने और नए दोनों तरह के फैंस से जुड़ी हुई है। माइकल ने सबसे पहले टीवी पर 'रूम 222' और 'द फ्लाइंग नन' जैसे शोज में काम करके अपनी पहचान बनाई, लेकिन उन्हें असली शोहरत 'शजाम' में बिली का किरदार निभाकर मिली, जो कैप्टन मार्वल में बदल सकते थे। हालांकि, बाद में उन्होंने हॉलीवुड से दूसरी बना ली थी। उन्होंने 'शजाम फ्यूरी ऑफ द गॉड्स' (2023) में एक छोटा लेकिन यादगार भूमिका भी की थी, जिससे पता चलता है कि उनकी कहानी आज भी लोगों के दिलों में है।



'तनु वेड्स मनु-3' में नहीं दिखेंगी कंगना

मुंबई। कंगना रनौत और आर माधवन की लोकप्रिय फिल्म 'तनु वेड्स मनु' तीसरी कड़ी के साथ वापसी करने जा रही है। करीब एक दशक से ज्यादा समय बाद निर्माता 'तनु वेड्स मनु: द नेक्स्ट चैप्टर' लेकर आ रहे हैं। कुछ समय पहले ही फिल्म का ऐलान किया गया था, जिसके बाद से फैंस इसका बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। हालांकि, इस बार कहानी पुराने किरदारों को आगे बढ़ाने के बजाय एक नए अध्याय के रूप में पेश की जाएगी। निर्देशक मिताक्षरा 'तनु वेड्स मनु 3' पर काम कर रही हैं। बताया जा रहा है कि इस रोमांटिक कॉमेडी में कंगना और माधवन के किरदारों की कहानी आगे नहीं बढ़ेगी। इसके बजाय फिल्म में नई और युवा कलाकारों की टोली नजर आएगी। 'मिड-डे' से बातचीत में मिताक्षरा ने कहा, हम एक नई और युवा कास्ट के साथ आ रहे हैं।



श्रेयस व सुभाष ने 20 साल बाद मिलाया हाथ

मुंबई। श्रेयस तलपड़े और दिग्गज फिल्मकार सुभाष घई नई फिल्म 'मान्या' के लिए साथ आए हैं। सिनेमा में 50 साल पूरे करने के उपलक्ष्य में, घई ने ऐलान किया है कि उनका प्रोडक्शन हाउस, मुक्ता आर्ट्स श्रेयस के साथ फिर से काम कर रहा है। यह परियोजना 20 साल बाद उनकी वापसी का प्रतीक होगी। इससे पहले, श्रेयस और घई ने 2005 में आई फिल्म 'इकबाल' में काम किया था। इसमें अभिनेता एक उभरते हुए क्रिकेटर के किरदार में दिखे थे। घई ने श्रेयस के साथ काम करने पर कहा, इस फ़िल्म के लिए श्रेयस तलपड़े के साथ काम करना एक शानदार अनुभव रहा है। वह एक बहुत ही वर्सेटाइल एक्टर हैं जिन्होंने 'इकबाल', 'अपना सपना मनी मनी' (2006) और 'गोलमाल अगेन' (2017) जैसी फिल्में के जरिए अपनी रेंज दिखाई है।

टीवी मसाला




कपिल शर्मा के निशाने पर आए 'पहला प्यार दूसरी बार' के नए कपल्स

मुंबई। लव रंजन की 'पहला प्यार दूसरी बार' सिनेमाघरों में दर्शकों का दिल जीत रही है, वहीं फिल्म की लीड स्टार कास्ट को कपिल शर्मा के शो में उनके खास मजाकिया अंदाज और हाजिरजवाबी का सामना करना पड़ा। अनुज सैनी के डायरेक्शन और लव रंजन के प्रोडक्शन में बनी रोमांटिक कॉमेडी फिल्म 'पहला प्यार दूसरी बार' आज सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है। यह फिल्म आज के रिश्तों, स्कूल रीयूनियन और प्यार को दूसरा मौका मिलने की कहानी को एक नए और दिलचस्प अंदाज में पेश करती है। फिल्म में स्पर्श वालिया, अलीशा चोपड़ा, साक्षी वैद्य, कुणाल वैद, सरगुन कौर लूथरा और तुषार छिब्बर जैसे नए चेहरे नजर आ रहे हैं। फिल्म कॉमेडी, शानदार म्यूजिक और इमोशन्स का अच्छा मेल पेश करती है, जो दर्शकों को पसंद आ रहा है। रिलीज के बाद से ही फिल्म को दर्शकों की ओर से पॉजिटिव रिस्पॉन्स मिल रहा है और इसकी तारीफ हो रही है। इस तरह फिल्म दर्शकों का दिल जीतने वाली एक बेहतरीन एंटरटेनर बनकर सामने आई है। फिल्म को लेकर चर्चा उस वक्त और बढ़ गई, जब हाल ही में इसकी पूरी स्टार कास्ट 'द ग्रेट इंडियन कपिल शर्मा शो' में पहुंची। यहां होस्ट कपिल शर्मा ने अपने खास मजाकिया अंदाज में कलाकारों की टांग खींची और कपल्स की जमकर खिंचाई की। लव फिल्म्स की ओर से शेयर किए गए एक मजेदार प्रमोशनल वीडियो में कपिल युवा कलाकारों से मजाक करते और उनसे अचानक अपने शो में आने की वजह पूछते नजर आ रहे हैं।

'बिग बॉस 20': माही विज हुईं भावुक

मुंबई। सलमान खान के शो 'बिग बॉस 20' में माही विज बतौर प्रतियोगी नजर आ रही हैं। हालिया एपिसोड में अरिश्फा खान से झगड़े के बाद,



माही अपने निजी संघर्ष को याद करके भावुक हो गई थीं। उन्होंने बताया था कि कैसे वह अपनी बेटी तारा की परवरिश अकेले कर रही हैं। अब माही के पति और अभिनेता जय भानुशाली उनके समर्थन में आए हैं। उन्होंने कहा कि भले उनका तलाक हो गया, लेकिन माही और तारा हमेशा उनकी जिम्मेदारी रहेंगे। माही की टीम ने उनके इस भावुक पल का वीडियो इंस्टाग्राम पर साझा किया था। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए जय ने कहा, माही, मजबूत रहो। हम दोनों जानते हैं कि मुश्किल समय में हम हमेशा एक-दूसरे का साथ देंगे। पैसा कभी हमारे बीच बाधा नहीं बना और न कभी बनेगा। तुम और तारा जिंदगी भर मेरी जिम्मेदारी रहोगी। शादी का रिश्ता तुम दोनों के लिए मेरे प्यार और सम्मान को कभी नहीं बदल सकता।

मधुबाला और मीना कुमारी की बायोपिक पर रोक, क्या है दोनों फिल्मों में देरी की वजह?

मुंबई। मधुबाला और मीना कुमारी बॉलीवुड के वो नाम हैं, जो किसी परिचय के मोहताज नहीं। इन दोनों दिग्गज अभिनेत्रियों पर 2 बायोपिक बनाई जा रही हैं। हालांकि, खबरों के मुताबिक, अभी उन्हें रोक दिया गया है। फिल्मफेयर के मुताबिक, दोनों फिल्मों में देरी हो रही है और अभी ये स्पष्ट नहीं है कि ये कब आगे बढ़ेंगी। लंबे समय से इन फिल्मों की चर्चा चल रही है, लेकिन इनके निर्माण की दिशा में खास कदम नहीं उठाए गए हैं।



मधुबाला में भी हो रही देरी

खबरों के मुताबिक, मधुबाला की बायोपिक में उनका किरदार सारा अर्जुन निभाने वाली हैं। इस फिल्म का निर्देशन जसमीत के रीन करने वाले हैं और संजय लीला भंसाली इस प्रोजेक्ट को सपोर्ट कर रहे हैं। शुरुआत में इस फिल्म को बजट से जुड़ी समस्याओं का सामना करना पड़ा, लेकिन भंसाली के जुड़ने के बाद काम ने रफ्तार पकड़ ली थी। हालांकि, इसके आगे की प्रगति के बारे में कोई जानकारी नहीं है। फिलहाल, दोनों फिल्में होल्ड पर हैं।

क्यों हो रही है इन फिल्मों की शूटिंग में देरी?

अब तक निर्माताओं ने इस बारे में कोई आधिकारिक जानकारी नहीं दी है कि इन फिल्मों की शूटिंग कब शुरू हो सकती है। मीना कुमारी की बायोपिक से फैशन डिजाइनर मनीष मल्होत्रा बतौर निर्देशक अपना सफर शुरू करने वाले थे और खबर थी कि इसमें कृति सेनन मुख्य भूमिका निभाएंगी। हालांकि, मनीष के फिल्म से अलग होने के बाद मुख्य भूमिका के लिए कियारा आडवाणी का नाम चर्चा में आया। हालांकि, इसकी कोई आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है।

प्रियंका के जाते ही विद्या ने संभाली कमान 19 साल बाद सैफ से मिलाया हाथ

मुंबई। सैफ अली खान अपनी 'परिणीता' सह-कलाकार विद्या बालन संग रितेश बत्रा की फिल्म में नजर आएंगे। मुंबई में शूटिंग कर रही ये जोड़ी 19 साल बाद साथ आई है। पहले इस रोल में प्रियंका चोपड़ा नजर आने वाली थीं, लेकिन उनके अलग होने के बाद विद्या बालन की एंट्री हुई। भले ही सैफ-विद्या की आखिरी फिल्म 2007 में 'एकलव्य' थी, पर सेट के सूत्रों का कहना है कि उनकी केमिस्ट्री देखकर लगता है जैसे कल ही साथ काम किया हो।

सैफ निभाएंगे सबसे चुनौतीपूर्ण किरदार : मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, फिल्म में सैफ के साथ एक और अभिनेत्री नजर आएंगी। ये भूमिका मशहूर फ्रांसीसी अभिनेत्री, निर्देशक और गायिका मेलानी लॉरेंट निभाएंगी। लॉरेंट ने फ्रेंच और हॉलीवुड सिनेमा में अपनी खास पहचान बनाई है। उधर 'द लंचबॉक्स' के निर्देशक रितेश बत्रा इससे पहले इरफान खान, रॉबर्ट रेडफोर्ड और जिम ब्रॉडबेंट जैसे कलाकारों के साथ काम कर चुके हैं। अब वो सैफ के साथ नई फिल्म बना रहे हैं, जिसमें सैफ अपने करियर का सबसे चुनौतीपूर्ण किरदार निभाएंगे।



प्रियंका क्यों हुईं प्रोजेक्ट से बाहर?

फिल्म एक प्रेम कहानी है, जिसमें पारिवारिक ड्रामा भी देखने को मिलेगा। पहले इस फिल्म में प्रियंका चोपड़ा के होने की चर्चा थी, लेकिन शूटिंग की तारीखें न मिलने के कारण उन्होंने ये प्रोजेक्ट छोड़ दिया। 21 अक्टूबर से मुंबई में फिल्म की शूटिंग शुरू हो चुकी है। प्रियंका के फिल्म से बाहर होते ही विद्या बालन ने कमान संभाल ली। अब फैंस सैफ और विद्या की जोड़ी को दोबारा बड़े पर्दे पर देखने के लिए बेहद उत्सुक हैं।

'फौजी' के टीजर में दिखा दबंग अवतार, फर्स्ट लुक ने लूटी वाहवाही

'खून भी लूंगा और आजादी भी, छीन के', रिबेल सोल्जर बने प्रभास

मुंबई। पैन इंडिया स्टार प्रभास इन दिनों कई बड़े प्रोजेक्ट्स पर काम कर रहे हैं। आने वाले दिनों में प्रभास 'कल्कि 2' से लेकर 'सलार 2', 'स्पिरिट' और 'फौजी' जैसी फिल्मों में नजर आने वाले हैं। शुक्रवार, 23 अक्टूबर को प्रभास का 47वां जन्मदिन था, इस मौके पर उनकी आने वाली फिल्मों के निर्माताओं ने फिल्म के पोस्टर, बीटीएस वीडियो और टीजर जारी कर फैंस को सरप्राइज दिया। 'फौजी' के निर्माताओं ने भी फिल्म से अभिनेता का फर्स्ट लुक और एक नया टीजर जारी किया है। साथ ही, फिल्म की थिएट्रिकल रिलीज की तारीख का भी ऐलान कर दिया है। इस खबर ने प्रभास के फैंस को भी खुश कर दिया है।

'फौजी' का टीजर जारी

'फौजी' के निर्माताओं ने 2 मिनट 31 सेकंड का टीजर जारी किया, जिसमें प्रभास एक उग्र और दमदार अवतार में नजर आ रहे हैं। आजादी से पहले के दौर पर आधारित, 'फौजी' में प्रभास एक ऐसे बागी सैनिक की भूमिका में नजर आने वाले हैं, जो अपनी मातृभूमि की रक्षा के लिए किसी भी हद तक जाने को तैयार है।

गोलियों की बौछार के बीच प्रभास

टीजर में प्रभास एक्शन मोड में नजर आ रहे हैं और गोलियों की बौछार देखने को मिलती है। इसमें प्रभास के किरदार को भारत का सबसे बड़ा बागी सैनिक" बताया गया है, जो 1932 से ही वांटेड है। ऐसा लगता है कि उनकी कहानी ब्रिटिश शासन के खिलाफ लड़ाई के इर्द-गिर्द घूमती है। टीजर शेयर करते हुए मेकर्स ने लिखा, 'पेश है डिक्लासिफाइड फाइल नंबर 25 - फौजी, 19 मार्च 2027 को सिनेमाघरों में।'



फौजी का टीजर

'फौजी' कब रिलीज हो रही है? तेलुगु पीरियड ड्रामा 'फौजी' 19 मार्च, 2027 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। पहले यह फिल्म 3 दिसंबर, 2026 को रिलीज होने वाली थी, लेकिन इसकी रिलीज को टाल दिया गया था। नानी की फिल्म 'द पैराडाइज' के प्री-रिलीज इवेंट में, प्रोड्यूसर रवि शंकर ने फिल्म के पोस्टपोन होने की जानकारी दी थी। उन्होंने बताया कि इस अतिरिक्त समय का इस्तेमाल इस बड़े और महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट को पूरा करने के लिए किया जाएगा।

'फौजी': कास्ट और क्रू

हनु राघवपुडी के निर्देशन में बन रही 'फौजी' में प्रभास और इमानवी मुख्य भूमिकाओं में हैं। इनके साथ अनुभवी अभिनेता अनुपम खेर और अन्य कलाकार भी नजर आएंगे। इस फिल्म को नवीन यरनेनी, वाई रवि शंकर और भूषण कुमार ने 'मैथरी मूवी मेकर्स' के बैनर तले प्रोड्यूस किया है, और टी-सीरीज फिल्म्स द्वारा पेश किया जा रहा है। काम की बात करें तो, प्रभास आखिरी बार 'द राजा साब' में नजर आए थे। उनके पास कई और प्रोजेक्ट्स भी हैं, जिनमें संदीप रेड्डी वांगा की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'स्पिरिट', नाग अश्विन की 'कल्कि 2898 एडी' का सीक्वल और प्रशांत नील की 'सालार 2' शामिल है।



भारत का 300वां मैच, 200वीं जीत तिलक और नीतीश ने पलटा मैच

भारत ने तिलक वर्मा (नाबाद 51 रन) के अर्धशतक और नीतीश कुमार रेड्डी (नाबाद 26 रन) के साथ सातवें विकेट के लिए 30 गेंद में 69 रन की अटूट साझेदारी की बदौलत शुरुआती झटकों से उबरते हुए शनिवार को दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में न्यूजीलैंड पर एक गेंद रहते 4 विकेट से रोमांचक जीत दर्ज की। भारत ने 300वें मैच में 200वीं जीत (टाई मुकाबले जोड़े बगैर) दर्ज की।

एजेंसी ▶▶| क्राइस्टचर्च

तिलक (26 गेंद, 6 चौके, 1 छक्का) और नीतीश कुमार (13 गेंद, 1 चौका, 1 छक्का) ने ऐसे समय में जिम्मेदारी संभाली, जब टीम 15वें ओवर में 112 रन पर 6 विकेट गंवाकर मुश्किल में थी। लेकिन दोनों ने सूझबूझ और संयम से बल्लेबाजी करते हुए 19.5 ओवर में 6 विकेट पर 181 रन बनाकर भारत को 5 मैच की श्रृंखला में 2-0 से आगे कर दिया। कप्तान मिचेल सैंटनर (4 ओवर में 21 रन देकर 4 विकेट) की शानदार गेंदबाजी से एक समय न्यूजीलैंड की टीम जीत की ओर बढ़ रही थी। पर तिलक ने फिनिशर की भूमिका निभाते हुए मैच उनके हाथों से छीन लिया।

टीम इंडिया की खराब शुरुआत

भारतीय गेंदबाजों ने पहले मैच की तुलना में बेहतर प्रदर्शन किया लेकिन मेजबान टीम ने ग्लेन फिलिप्स (70) और बेवोन जैकब्स (56) के अर्धशतकों के बाद 5 विकेट पर 180 रन का मजबूत स्कोर खड़ा किया। भारत के लिए शुरुआत इतनी अच्छी नहीं रही और टीम ने शुरू में लगातार अंतराल पर विकेट गंवाए। मध्यक्रम बल्लेबाज नमन धीर ने 31 रन, अभिषेक शर्मा ने 27 रन, संजू सैमसन ने 14 रन और अक्षर पटेल ने 11 रन बनाए। भारत को पहला झटका पांचवें ओवर में जैकब डफी ने सैमसन को आउट करके दिया, जो धीमी गेंद को जल्दी खेलकर ग्लेन फिलिप्स के हाथों लपके गए, तब टीम का स्कोर 40 रन था।



- तिलक वर्मा और नीतीश कुमार रेड्डी ने 7वें विकेट के लिए 69 रनों की साझेदारी
- न्यूजीलैंड के कप्तान मिचेल सैंटनर ने 4 ओवर में 24 रन देकर 4 विकेट लिए
- अभिषेक के पावरप्ले में 100 छक्के
- भारतीय साझेदारी का बना रिकॉर्ड
- तिलक ने फील्डिंग में बनाया रिकॉर्ड

अर्शदीप ने भुवी का रिकॉर्ड तोड़ा

अर्शदीप सिंह ने इस साल अभी तक 29 मैचों की 26 पारियों में बॉलिंग की है। 9.25 की इकोनॉमी से रन देकर उन्होंने 38 विकेट लिए हैं। उनका बेस्ट प्रदर्शन 51 रन देकर 5 विकेट है।

स्कोर बोर्ड

न्यूजीलैंड पारी :	रन	गेंद	4	6
सीफर्ट का तिलक बो अर्शदीप	7	6	0	1
फिन एलेन बो प्रिंस	16	14	0	1
मिचेल का तिलक बो भुवनेश्वर	6	5	1	0
फिलिप्स का धीर बो अर्शदीप	70	43	4	4
जैकब्स का अक्षर बो रेड्डी	58	46	5	1
मिचेल सैंटनेर नाबाद	4	5	0	0
मिचेल ब्रेसवेल नाबाद	10	2	1	1
अतिरिक्त : 9 रन				
योग : 20 ओवर में 180/5 रन				
गेंदबाजी : भुवनेश्वर 4-0-50-1, अर्शदीप 4-0-33-2, प्रिंस 4-0-30-1, धीर 1-0-7-0, अक्षर 4-0-28-0, रेड्डी 3-0-31-1				
भारत पारी :	**रन**	**गेंद**	**4**	**6**
सैमसन का फिलिप्स बो डफी	14	17	1	1
अभिषेक का हेमिश बो सैंटनर	27	21	3	1
सूर्यवंशी का डेरिल मिचेल बो हेमिश	04	8	0	0
श्रेयस अय्यर का सैंटनर	07	11	0	0
अक्षर का मिचेल बो सैंटनर	11	9	0	1
तिलक वर्मा नाबाद	51	26	6	1
नमन का फिलिप्स बो सैंटनर	31	17	1	3
नीतीश नाबाद	26	13	1	1
अतिरिक्त : 10 रन				
योग : 19.5 ओवर में 181/6 रन				
गेंदबाजी : मैट हैनरी 2-1-11-0, जैकब डफी 3.5-0-41-1, लॉकी फर्ग्यूसन 3-0-37-0, माइकल ब्रेसवैल 4-0-35-0, नाथन स्मिथ 3-0-34-1, मिचेल सैंटनर 4-0-21-4				

फ्रेंच ओपन : फाइनल में सिंधू 1 घंटे 13 मिनट में जीता मुकाबला

एजेंसी ▶▶| पेरिस

पीवी सिंधू ने फ्रेंच ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जापान की हिना अकेची पर रोमांचक जीत दर्ज की। भारतीय स्टार ने अकेची को तीन गेम तक चले रोमांचक मुकाबले में 21-10, 20-22, 21-16 से हराकर इस साल दूसरी बार सुपर 750 टूर्नामेंट के खिताबी मुकाबले में प्रवेश किया। सिंधू ने यह मुकाबला 1 घंटे 13 मिनट में अपने नाम किया। इस 31 वर्षीय खिलाड़ी ने इससे पहले जुलाई में जापान ओपन सुपर 750 का खिताब जीता था। विश्व रैंकिंग में 22वें स्थान पर काबिज 21 वर्षीय अकेची ने इस सप्ताह वांग झी यी और पुतरी कुसुमा वारदानी जैसी खिलाड़ियों को हराकर अपनी क्षमता का परिचय दिया था। जापान की खिलाड़ी ने सिंधू को भी अपनी चतुराई भरे शॉट और मजबूत रक्षात्मक खेल से परेशान किया, लेकिन भारतीय खिलाड़ी निर्णायक क्षणों में अपना संयम बनाए रखने में सफल रहीं। सिंधू के सामने फाइनल में दक्षिण कोरिया की विश्व नंबर एक आन से यंग की चुनौती होगी।

- खिताब के लिए विश्व नंबर 1 आन से यंग से भिड़ेंगी सिंधू

शुरुआती गेम में कड़ी टक्कर

शुरुआती गेम में दोनों खिलाड़ियों के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिली। स्कोर 4-4 और फिर 8-8 की बराबरी पर पहुंचा। इसके बाद सिंधू ने लय हासिल करते हुए ब्रेक तक 11-9 की बढ़त बना ली। ब्रेक के बाद भारतीय खिलाड़ी ने पूरी तरह दबदबा कायम करते हुए अंतिम 12 में से 11 अंक जीतकर महज 18 मिनट में पहला गेम 21-10 से अपने नाम कर लिया।



सिंधू को मिली बढ़त

मुकाबले का निर्णायक मोड़ 38 शॉट तक चली रैली में आया, जिसका अंत अकेची की नेट पर हुई गलती से हुआ। इससे सिंधू को 18-16 की बढ़त मिल गई। इसके बाद भारतीय खिलाड़ी ने बेहतरीन नेट शॉट लगाकर जीत की ओर कदम बढ़ाए।

भारतीय खिलाड़ी का मैच में नियंत्रण

सिंधू ने लंबी रैली के बाद 20-20 की बराबरी करके उसे बचाया। अकेची ने एक और मौका हासिल कर लिया और सिंधू के शॉट के बाहर जाने पर 22-20 से गेम जीत लिया। सिंधू ने निर्णायक गेम में 5-3 की बढ़त के साथ शुरुआत की, अकेची ने वापसी करते हुए 6-5 से बढ़त बना ली।

खबर संक्षेप

सेमीफाइनल में हार कर बाहर हुईं अनाहत



रेडवुड सिटी। अनाहत सिंह सिलिकॉन वैली स्क्वाश टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में दुनिया की चौथे नंबर की खिलाड़ी मलेशिया की शिवशंकरी सुब्रहमण्यम से हारकर बाहर हो गई। दुनिया की 15वें नंबर की खिलाड़ी और मौजूदा विश्व जूनियर चैंपियन अनाहत को 11-5 6-11 4-11 7-11 से पराजय का सामना करना पड़ा। यह मलेशियाई प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ उनकी तीसरी हार है। इससे पहले अनाहत ने मिस्र की 8 बार की विश्व चैंपियन नूर अल शेरबिनि को हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई थी।

भारतीय पहलवानों का निराशाजनक प्रदर्शन

अस्ताना। विश्व कुश्ती चैंपियनशिप के पहले दिन शनिवार को भारतीय पहलवानों का प्रदर्शन निराशाजनक रहा, जहां ग्रीको-रोमन वर्ग में उतरे 4 पहलवानों में केवल ललित ही जीत दर्ज कर सके। ललित को भी 55 किग्रा वर्ग के क्वार्टर फाइनल में ईरान के पायम फरजाद अहमदी से सामना करना पड़ा। ललित ने प्री-क्वार्टर फाइनल में तुर्किये के ओमर हालिस रेचेप के खिलाफ दमदार वापसी करते हुए 9-7 से जीत हासिल की। वह एक समय मुकाबले में 0-7 से पिछड़ रहे थे और हार से महज एक अंक दूर थे। उन्होंने हालांकि जबरदस्त जुझारूपन दिखाते हुए लगातार नौ अंक जुटाए और मुकाबला अपने नाम कर लिया।

हीरो वुमैन इंडियन ओपन वाणी ने बनाई बढ़त



गुरुग्राम। भारतीय गोल्फर वाणी कपूर ने हीरो वुमैन इंडियन ओपन के तीसरे दौर के बाद एक शॉट की बढ़त हासिल कर 10 साल बाद घरेलू चैंपियन बनने की उम्मीदें मजबूत कर दी हैं। पांच लाख डॉलर की इनामी राशि वाले लेडीज यूरोपियन टूर (एलईटी) टूर्नामेंट के तीसरे दौर में 32 वर्षीय वाणी ने तीन अंडर 69 का कार्ड खेला। उनका कुल स्कोर पांच अंडर 211 है। वह गत चैंपियन सिंगापुर की शैनन टैन और थाईलैंड की तीन बार की विजेता पोर्नानॉन्ग फाटलम से एक शॉट आगे हैं।

11 वर्ष की उम्र में इंटरनेशनल मास्टर बनीं बोधाना, तोड़ा 38 साल पुराना रिकॉर्ड

एजेंसी ▶▶| लंदन

भारतीय मूल की इंग्लिश शतरंज खिलाड़ी बोधना शिवनंदन 38 साल पुराना जुडिथ पोल्गर का रिकॉर्ड तोड़कर 11 वर्ष की उम्र में सबसे युवा महिला अंतरराष्ट्रीय मास्टर बन गई। उत्तरी लंदन की रहने वाली बोधना को यह रिकॉर्ड तोड़ने के लिए कुछ ही रेटिंग अंक की जरूरत थी। यूरोपीय शतरंज यूनियन ने एक्स पर लिखा, '11 वर्ष की बोधना शिवनंदन को यूरोपीय शतरंज क्लब कप 2026 के आखिरी दौर में में जीत के साथ अंतरराष्ट्रीय मास्टर बनने पर बधाई।' उन्होंने बेलारूस की अंतरराष्ट्रीय मास्टर ओल्गा बाडेलका को तीसरे दौर में हराया और अगले दौर में जॉर्जिया की ग्रैंडमास्टर निनो बाटसियाशवी से ड्रॉ खेला। स्वीडन की महिला अंतरराष्ट्रीय मास्टर विक्टोरिया जोहानसन को हराकर उन्होंने यह उपलब्धि हासिल की और सर्वकालिक दस सबसे युवा अंतरराष्ट्रीय मास्टर में शामिल हो गई। इस सूची में भारत के आर प्रज्ञानानंदा, डी गुकेश, उजबेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव, अर्जेंटीना के फास्टिनो ओरो, तुर्किये के यागिज खान और रूस के रोमन एस शामिल हैं।



न्यूजीलैंड ए के खिलाफ भारत ए का निराशाजनक प्रदर्शन

एजेंसी ▶▶| लिंकन

हरी भरी विकेट पर भारतीय बल्लेबाज अपेक्षा के अनुरूप प्रदर्शन नहीं कर सके और सितारों से भरी टीम न्यूजीलैंड ए के खिलाफ पहले अनौपचारिक टेस्ट के पहले दिन शनिवार को 113 रन पर आउट हो गई। जवाब में न्यूजीलैंड ने 3 विकेट 135 रन पर गंवा दिए थे और उसके पास 22 रन की बढत है। आकिब नबी ने कीवी बल्लेबाज जेडन लेनोक्स और टिम रॉबिनसन को खाता खोले बिना आउट किया। न्यूजीलैंड ए के लिए दाहिने हाथ के तेज गेंदबाज साइमन कीनी ने 24 रन देकर 5 विकेट चटकाए।

- 113 रन पर ढेर हुई भारतीय ए टीम
- केएल राहुल, साई सुदर्शन, वाशिंगटन जीरो पर आउट



भारत के 5 बल्लेबाज नहीं खोल पाए खाता

भारत के सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल (45 गेंद में 17 रन) एक बार फिर अच्छी शुरुआत को बड़ी पारी में नहीं बदल सके और जाक गिब्सन की गेंद पर स्लिप में कैच देकर लौटे। वहीं केएल राहुल खाता भी नहीं खोल पाए और फ्रेसर शीट की गेंद पर विकेट के पीछे कैच थमा दिया। तीसरे नंबर पर उतरे देवदत्त पडिक्कल ने 77 गेंद में 32 रन बनाए। भारत के पांच बल्लेबाज खाता खोलने में नाकाम रहे। छठे नंबर पर उतरे विदर्भ के बल्लेबाज यश राठौड़ ने अगर नाबाद 44 रन नहीं बनाए होते तो भारत ए का स्कोर 100 रन से भी कम होता। राठौड़ ने 49 गेंद की पारी में तीन चौके और तीन छक्के लगाए। अंशुल कम्बोज ने आखिर में दस रन बनाए।

महिला वनडे

जिम्बाब्वे के खिलाफ सीरीज जीतने पर भारत की नजरें



एजेंसी ▶▶| वडोदरा

आत्मविश्वास से ओतप्रोत भारतीय महिला क्रिकेट टीम जिम्बाब्वे के खिलाफ रविवार को दूसरे वनडे में उतरेगी तो उसका इरादा श्रृंखला में 2-0 से अजेय बढत बनाने पर लगी होंगी।

टी20 श्रृंखला 3-0 से जीतने के बाद भारत ने पहले वनडे में जिम्बाब्वे को 9 विकेट से हराया। स्पिनर श्रीचरणी ने कैरियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 23 रन देकर चार विकेट लिए जबकि प्रतिका रावल ने नाबाद 100 रन बनाए। पिच से मदद नहीं मिलने के बावजूद चरणी ने बेहद अनुशासित गेंदबाजी की। तेज गेंदबाज क्रांति गौड़ ने भी 3 विकेट लिए, जिसकी मदद से भारत ने जिम्बाब्वे को 197 रन पर आउट कर दिया और 22 ओवर बाकी रहते लक्ष्य हासिल कर लिया।

आज वडोदरा में भिड़ंत
मैच का समय दोपहर 2:00 बजे

17 वर्ष की बीलवड बिजा की अहम पारी

17 वर्ष की बीलवड बिजा का फॉर्म अहम होगा, जिन्होंने पिछले दो मैचों में चार और 62 रन बनाए हैं। मिचेले मावुंगा ने 23 गेंद में 29 रन बनाए, जिसमें तीन चौके और एक छक्का शामिल था। वह इस लय को कायम रखकर बड़ी पारी खेलना चाहेंगी।

शानदार फार्म में प्रतिका

टीम संयोजन पर काम कर रहे भारतीय टीम प्रबंधन के लिए प्रतिका की पारी राहत की बात रही, जिन्होंने बेहद आक्रामक बल्लेबाजी की। उन्होंने कप्तान स्मृति मंधाना के साथ पहले विकेट के लिए 94 रन जोड़े और प्रति ओवर दस की औसत से रन बनाए। भारत को अपनी फील्डिंग पर काम करना होगा क्योंकि जिम्बाब्वे की पारी की शुरुआत में दो कैच छूटे थे। जिम्बाब्वे के बल्लेबाजों ने धैर्य से काम किया लेकिन बीच के ओवरों में साझेदारी नहीं बन सकी, जिस पर उन्हें काम करना होगा। चिपो मुगेरी तिरिपानो और माडेस्टर मुपाचिकवा जीवनदान का फायदा उठाने में नाकाम रहीं।

मुंबई ओपन टेनिस : करण और दिग्विजय के बीच खिताबी मुकाबला

मुंबई। भारत के करन सिंह ने शनिवार को मुंबई ओपन आईटीएफ पुरुष एम25 टेनिस टूर्नामेंट सेमीफाइनल में हमवतन चिराग दुहन को सीधे सेटों में 6-3, 6-2 से हराया कर खिताबी मुकाबले के लिए अपनी जगह पक्की कर ली। करन शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए लगातार दूसरे आईटीएफ पुरुष एम25 टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचे हैं। इससे पहले उन्होंने पिछले सप्ताह सोलापुर ओपन में खिताबी मुकाबले में जगह बनाई थी। तीसरी वरीयता प्राप्त करन के साथ भारत के चौथी वरीयता प्राप्त दिग्विजय प्रताप सिंह ने भी फाइनल में प्रवेश किया। दिग्विजय ने दूसरे वरीय अमेरिका के गैरेट जॉन्स को 6-4, 6-2 से शिकस्त दी। उनकी इस जीत के साथ टूर्नामेंट के एकल वर्ग का खिताब भारतीय खिलाड़ी के पास रहना तय हो गया। पुरुष युगल वर्ग में भारत के शीर्ष वरीयता प्राप्त एसडी प्रज्वल देव और नितिन कुमार सिन्हा ने रोमांचक मुकाबले में खिताब अपने नाम किया।



मुंबई इंडियंस के मुख्य कोच बने पोलार्ड

एजेंसी ▶▶| मुंबई

मुंबई इंडियंस ने आईपीएल 2027 सत्र से पहले वेस्टइंडीज के पूर्व हरफनमौला कीरोन पोलार्ड को टीम का मुख्य कोच बनाया है, जो महेला जयवर्धने की जगह लेंगे। पोलार्ड पिछले कुछ सत्र से टीम के बल्लेबाजी कोच थे। वह आईपीएल 2027 से टीम के मुख्य कोच का पद संभालेंगे। मुंबई आईपीएल की सबसे सफल टीमों में से है लेकिन आखिरी बार 2020 में खिताब जीता था।

मुंबई इंडियंस ने कहा,' मुंबई इंडियंस को यह बताते हुए हर्ष हो रहा है कि कीरोन पोलार्ड टीम के मुख्य कोच होंगे। यह टीम की विरासत बनाने के प्रति मुंबई इंडियंस की प्रतिबद्धता का परिचायक है। हम मैदान पर और उसके बाहर प्रतिभाओं के विकास और अपनी टीम संस्कृति मजबूत करने के लिए काम करते रहेंगे।'



मुंबई इंडियंस मेरे कैरियर का बड़ा हिस्सा : पोलार्ड

पोलार्ड ने कहा,' मुंबई इंडियंस मेरे जीवन और कैरियर का बड़ा हिस्सा रही है। टीम, खिलाड़ियों और पल्टन के साथ मेरा लगाव मेरे लिए काफी मायने रखता है।' उन्होंने कहा,' एक खिलाड़ी और एक कोच के तौर पर सफर का अनुभव करने के बाद मैं समझ गया हूं कि मुंबई इंडियंस क्या है और उसके साथ जुड़ने की जिम्मेदारियां क्या है।' पोलार्ड ने 2009-2010 से मुंबई के लिए ही आईपीएल खेला और आखिरी बार वह 2022 में खेले। मुंबई के लिए 189 आईपीएल मैचों में उन्होंने 147.32 की स्ट्राइक रेट से 3412 रन बनाए। इसके अलावा 69 विकेट भी लिए।

फीफा अंडर-15 वर्ल्ड कप: : लाओस को 4-2 से हराया, हासिल किए 3 अंक

भारत ने जीत के साथ किया शानदार आगाज

एजेंसी ▶▶| बाकू

भारत ने अजरबैजान में आयोजित पहले फीफा अंडर-15 फुटबॉल वर्ल्ड कप की शानदार शुरुआत की है। बाकू के होवसन कॉम्पिटिशन कॉम्प्लेक्स में खेले गए ग्रुप (के) के अपने पहले मैच में भारत ने लाओस को 4-2 से हराया। भारत के कप्तान मैकडोनिश नौरांगबाम (7वें मिनट) और आर. लालरेमरुआतफेला (11वें मिनट) ने टीम के लिए शुरुआती दो गोल दागते हुए बढ़त दिलाई। इसके बाद लाओस के अनाविं जाप्यासोने ने 12वें मिनट में एक गोल करके अंतर को कम करने का प्रयास किया। हाफ-टाइम के तुरंत बाद, दक्षिण-पूर्वी एशियाई टीम के लिए सौक्सवान सिलिसेंग (24वें मिनट) ने गोल करके स्कोर बराबर कर दिया। हालांकि, भारत ने जोरदार वापसी की।



33वें मिनट में भारत ने बनाई बढ़त

33वें मिनट में भारत ने अपनी बढ़त को और मजबूत किया, जब सरकार ने हाफ-वे लाइन के ठीक अंदर से शॉट मारा। गेंद गोलकीपर के ऊपर से होती हुई सीधे नेट में चली गई। भारतीय युवा टीम ने बाकी बचे मैच को बखूबी संभाला, अपनी दो गोल की बढ़त को बरकरार रखा और पूरे तीन अंक हासिल किए।

हाफ-टाइम के बाद भारत ने बनाया दबाव

हाफ-टाइम के बाद भारत ने फिर से दबाव बनाया। 21वें मिनट में एक कॉर्नर किक पर मैकडोनिश का हेडर गोल पोस्ट के बिल्कुल करीब से बाहर निकल गया। हालांकि, तीन मिनट बाद ही लाओस ने बराबरी कर ली, जब सौक्सवान सिलिसेंग ने बॉक्स के बाहर से सीधे शॉट लगाकर गेंद को गोल के निचले कोने में पहुंचा दिया। इस बराबरी के बाद भारत ने अपनी आक्रामकता बढ़ाई और खेल का ज्यादातर हिस्सा लाओस के हाफ में खेला गया।

टूर्नामेंट में हिस्सा ले रही 189 टीमें

इस टूर्नामेंट में 189 राष्ट्रीय टीमें हिस्सा ले रही हैं, जिन्हें 32 समूहों में बांटा गया है। इसमें मैच 'आठ-खिलाड़ियों' के फॉर्मेट में खेले जा रहे हैं। हर मैच में 20-20 मिनट के दो हाफ होते हैं, और इसमें 'रोलिंग सबस्टिट्यूशन' (खिलाड़ियों को बार-बार बदलने) की अनुमति है। भारतीय टीम ने मुकाबले की शानदार शुरुआत की और पहले चार मिनट में ही दो मौके बनाए। तीसरे मिनट में दीपक सिंह अरामबम ने बॉक्स के अंदर से बाएं पैर से एक जोरदार शॉट मारा, जिसे लाओस के गोलकीपर अनौसिथ सौक्सवान ने रोक दिया।



निगम ने 10 हजार 500 रुपए का स्पॉट फाइन किया

लोहा बाजार में गंदगी फैलाने के मामले में 27 दुकानदारों पर 10 हजार 500 का जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

बाजार में गंदगी फैलाने वाले दुकानदारों पर नगर निगम ने कार्रवाई करते हुए 27 दुकानदारों पर कुल 10 हजार 500 रुपए का स्पॉट फाइन किया। निगम आयुक्त राम प्रकाश अहिरवार के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग की टीम ने लोहा बाजार में कार्रवाई की। निगम ने दुकानदारों को दुकानों के आसपास सफाई रखने, कचरे के लिए डस्टबिन रखने और कचरा खुले में नहीं फेंकने की हिदायत भी दी।

निगम आयुक्त राम प्रकाश अहिरवार ने शनिवार सुबह शहर की सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बाजारों में साफ-सफाई सुनिश्चित करने



और गंदगी फैलाने वालों के खिलाफ सख्ती से कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इसके बाद जोन क्रमांक 2 और 4 के स्वास्थ्य विभाग के अमले ने लोहा बाजार में जांच की। जांच के दौरान गंदगी फैलाने वाले 27 दुकानदारों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 10 हजार 500 रुपए का जुर्माना वसूला गया।

कचरा खुले में नहीं फेंकने की हिदायत

कार्रवाई के दौरान निगम की टीम ने दुकानदारों को समझाइश दी कि वे अपनी दुकानों में डस्टबिन रखें और कचरे को इधर-उधर फेंकने के बजाय उसमें एकत्र करें। इसके बाद कचरा निगम के कचरा संग्रहण वाहन को ही सौंपें, ताकि बाजार में गंदगी न फैले। दुकानदारों को दुकानों के सामने और आसपास सफाई बनाए रखने के लिए भी कहा गया। नगर निगम का कहना है कि शहर में सफाई व्यवस्था बेहतर बनाए रखने के लिए बाजारों और व्यावसायिक क्षेत्रों में निरीक्षण किया जा रहा है। नियमों का उल्लंघन कर गंदगी फैलाने वालों पर जुर्माने की कार्रवाई की जाएगी। निगम की इस कार्रवाई का उद्देश्य दुकानदारों को स्वच्छता के प्रति जिम्मेदार बनाना और बाजार में कचरे के खुले में फैलाव को रोकना है। नगर निगम ने दुकानदारों से विशेष रूप से आव्हान किया कि स्वच्छता का ध्यान रखें।

दुकानदारों को सफाई बनाए रखने के लिए भी कहा गया

वृंदावन गार्डन में आयोजित हुआ कार्यक्रम

मप्र राज्य पुलिस सेवा पेंशनर्स ने मनाया शताब्दी समारोह

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मध्य प्रदेश राज्य पुलिस सेवा पेंशनर्स एसोसिएशन द्वारा अपने वरिष्ठतम सदस्य एवं संरक्षक शिव शरण श्रीवास्तव (सेवानिवृत्त उप पुलिस अधीक्षक) का जन्म शताब्दी समारोह मनाया गया। कार्यक्रम स्थानीय वृंदावन गार्डन में 24 अक्टूबर शनिवार को संपन्न हुआ।

संगठन के अध्यक्ष केबी शर्मा के द्वारा शिव शरण श्रीवास्तव के 100 वर्ष के जीवन काल को विश्व और देश के इतिहास के संदर्भ में प्रस्तुत किया गया एवं श्रीवास्तव का जीवन परिचय दिया गया तथा उनकी वर्तमान में सामाजिक सक्रियता के संबंध में विस्तार से बताया गया। उल्लेखनीय है की शिव शरण श्रीवास्तव स्वतंत्र भारत के पहले वर्ष 1947 के बैच के उप निरीक्षक रहे हैं। जब उन्होंने नौकरी की शुरुआत की तब मध्य प्रदेश राज्य अस्तित्व में नहीं था। सेंट्रल प्रॉविंस एवं बरार में उन्होंने पुलिस सेवा की शुरुआत की और 1956 में मध्य प्रदेश के अस्तित्व में आने के बाद मध्य प्रदेश में अपनी सेवाएं दी और विभिन्न पदों पर उत्कृष्टता और सफलतापूर्वक कार्य करते हुए वह अंततः 1984 में उप पुलिस अधीक्षक भोपाल के पद से सेवानिवृत हुए। आजकल वह अपने पुत्र एवं पारिवारिक जनों के साथ में विदिशा में निवास करते हैं।

अधिकारियों को नोटिस-ठेकेदार को ब्लैकलिस्ट करने के निर्देश

निर्माण कार्यों में गुणवत्ता सुनिश्चित करें, कमियों पर तय करें जवाबदेही

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मप्र में निर्माण कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए लोक निर्माण विभाग की ओर से औचक निरीक्षण और निरीक्षण प्रतिवेदनों की समीक्षा की जा रही है। मप्र सड़क विकास निगम भरत यादव के एमडी 7 जिलों के 35 निर्माण कार्यों के निरीक्षण प्रतिवेदनों की समीक्षा करते हुए गुणवत्ता संबंधी कमियों पर जवाबदेही तय करने और आवश्यक सुधार सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निरीक्षण दलों की अनुशंसाओं पर समयबद्ध कार्रवाई की जाए और निर्माण कार्यों की नियमित निगरानी सुनिश्चित की जाए।

विभाग के 7 निरीक्षण दलों ने 22 अक्टूबर को विदिशा, बालाघाट, श्योपुर, बड़वानी, मऊगंज, शाजापुर एवं दमोह जिलों में रैंडमली चयनित 35 निर्माण कार्यों का औचक निरीक्षण किया।

बलवाड़ी-देवली-धवली मार्ग की खराब गुणवत्ता पर कार्रवाई

समीक्षा में बड़वानी जिले में पीजी योजना के तहत 20.89 किमी लंबे बलवाड़ी-देवली-धवली मार्ग की कार्य स्थिति असंतोषजनक पाए जाने पर संबंधित कार्यपालन यंत्री, अनुविभागीय अधिकारी एवं उपयंत्री को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। मुख्य अभियंता, इंदौर को संबंधित ठेकेदार मेसर्स सोरथिया वेलजी रत्ना एंड कंपनी, वडोदरा के विरुद्ध ब्लैकलिस्ट करने की कार्रवाई के लिए निर्देशित किया गया। बड़वानी जिले में मप्र सड़क विकास निगम की पीजी योजना के तहत बड़वानी-बंधान-अंबापानी-सिंधी-खोदरा-सिलावद मार्ग का कार्य संतोषजनक एवं गुणवत्तापूर्ण पाया गया। इसके लिए संभागीय प्रबंधक श्रीमती पूनम कछवा, सहायक महाप्रबंधक कमलेश गोले तथा ठेकेदार मेसर्स बड़वानी-बंधान हाईवे प्राइवेट लिमिटेड, उदयपुर की प्रशंसा की गई।

चेक बाउंस मामले में दोषी को सुनाई एक साल की सजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल।

परिवादी को फ्लैट बेचने के नाम पर गुमराह कर सौदा निरस्त कर परिवादी को भुगतान के 14 लाख का चेक बाउंस होने पर कोर्ट ने मेसर्स लक्ष्य रियलिटी प्रा लि के निदेशक अभियुक्त मनीष मोटवानी को दोषी ठहराते हुए एक वर्ष के सश्रम कारावास और 26 लाख 42 हजार का प्रतिकर प्रतिकर अदा किए जाने की सजा सुनाई है।

अधिवक्ता मो. इसहाक खां मंसूरी ने बताया कि परिवादी अजय कुमार जैन निवासी लाला लाजपत राय सोसायटी अरेरा कालोनी भोपाल द्वारा मेसर्स लक्ष्य रियलिटी प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक अभियुक्त मनीष मोटवानी से 3 जून 2014 को पिंपलनेर तहसील हुजूर जिला भोपाल में विकसित एवं निर्मित किए जा रहे एक भवन में एक 3 बी.एच.के. फ्लेट खरीदने के लिए अनुबंध किया था।

आयुष नीट काउंसलिंगः 2700 से ज्यादा यूजी सीटें खाली

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

आयुर्वेद बीएएमएस, यूनानी बीयूएमएस, होम्योपैथी बीएचएमएस, नैचरोपैथी एण्ड योगा बीएनवायएस-आयुष यूजी काउंसलिंग सत्र 26-27 जारी है। स्टेट कोटा के तहत रिक्त 1089 सीट्स तथा अपग्रेड की हुई 1172 सीटों के साथ काउंसलिंग में नये जुड़े कॉलेजों की 119 सीटों को मिलाकर 2380 सीटें खाली हैं। इसी प्रकार ऑल इंडिया कोटा के तहत रिक्त 217 सीट्स, अपग्रेड की हुई 94 सीट्स व नये जुड़े कॉलेजों की 22 सीटों समेत 333 सीटें तथा नैचरोपैथी एण्ड योगा की 63 सीटें खाली हैं। इस प्रकार स्टेट व ऑल इंडिया दोनों की सीटों को मिलाकर कुल 2776 सीटें काउंसलिंग के तृतीय चरण में रिक्त हैं। आयुष मेडिकल एसोसिएशन के राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ राकेश पाण्डेय ने बताया कि प्रदेश में 66 आयुष कॉलेजों में साढ़े चार हजार से ज्यादा सीटें हैं।

क्लाइमैक्स में ऐसा गजब का ट्विस्ट कि चौंक जाएंगे दर्शक

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

प्यार, जुनून, विश्वासघात और सोशल मीडिया के प्रभाव पर आधारित हिंदी साइकोलॉजिकल थ्रिलर फिल्म 'लोहिताक्ष' शुक्रवार को देशभर के सिनेमाघरों में रिलीज हो गई। फिल्म अपनी रहस्यमयी कहानी, अप्रत्याशित ट्विस्ट और चौंकाने वाले क्लाइमैक्स को लेकर चर्चा में है। मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में भी फिल्म को लेकर दर्शकों में उत्साह देखने को मिल रहा है।

फिल्म की रिलीज के मौके पर अभिनेता सिद्धांत इस्सर और निर्देशक भूपेंद्र ने मशहूर फिल्म निर्देशक राम गोपाल वर्मा से मुलाकात की। इस दौरान उन्हें फिल्म का टीजर और ट्रेलर दिखाया गया। फिल्म की टीम के अनुसार, राम गोपाल वर्मा ने फिल्म की सराहना करते हुए पूरी टीम को शुभकामनाएं दीं।

CAMPION SCHOOL
E-7, ARERA COLONY, Bhopal
ADMISSION 2027 - 2028
The Online Registration forms for Nursery, KG-I & KG-II (For Boys & Girls) to Campion School, E-7 Arera Colony Bhopal will be available from 26 Oct. to 10 Nov. 2026 on the website - https://www.campionbhopal.com
Modalities of Admission and Instructions for filling up the Registration Forms will be available through Online on the above mentioned website.
Note: The date of Documents submission is from 26 Oct. to 11 Nov. 2026 Time 8.00 AM to 12 AM
PRINCIPAL



कम डाउन पेमेंट | ₹5999/-*
Hero GoodLife सोने का सिक्का जीतने का मौका*
pine labs कैशबैक ₹5000/- तक*
TOLL FREE 1800 266 0018

INDIA'S FIRST 5 YEAR WARRANTY* *Conditions apply

Hero MotoCorp Ltd, Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No. 2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj Phase - II. New Delhi-110070, India. ICIN: L35911DL1984PLC0173541. For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorised outlet or CALL TOLL-FREE 1800 266 0018 or visit us on www.heromotocorp.com. Accessories and features shown may not be part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. ^Finance offers are at the sole discretion of the financier, subject to its respective T&Cs. *Offer valid only on purchase of new Hero Two Wheeler & Hero GoodLife Enrollment on the corresponding purchase till 31st Aug. 2026. #The Cashback of 5% upto ₹5000 is applicable on the transaction between ₹30 000 to ₹1 00 000. The new revised ex-showroom price is valid for a limited period only. Hero MotoCorp reserves the right to modify or withdraw any or all offers without prior notice. *Ex-showroom price of HF Deluxe Canvas Self start variant applicable in Madhya Pradesh.*Terms & Conditions apply.

अधिकृत डीलरः भोपाल: वरेण्यम हीरो (प्रभात पेट्रोल पंप, रायसेन रोड 9289922466, जे.के. रोड 8959905381), साँई हीरो (डी.आई.जी. बंगला, बैरसिया रोड) 9289922685, यूनाइटेड हीरो (कोहेफिज़ा) 9289923150, बैतूल: खण्डेलवाल हीरो 9289922624, सीहोरः मंत्री हीरो (कन्हैयालाल मंत्री पेट्रोल पंप, इंदौर नाका) 9522257567, ब्यावरा: आनंद हीरो 9289922871, गुना: गगन हीरो 9289922358, अशोक नगर: आरव हीरो 9821743269, होशंगाबादः पुण्यशिला हीरो 9289922360, हरदा: राहुल हीरो 9289922491, विदिशा: पाल हीरो 9289922379, दमोहः इण्डिया ऑटो हीरो 9289922573, सागरः सेन्ट्रल हीरो (भगवानगंज, मक्रोनिया) 9289922376, टीकमगढ़: आनंद हीरो 9289923112, छतरपुर: आनंद हीरो (झाँसी रोड 9289922374, पन्ना रोड 7389238472), ग्वालियर: तनुष्का हीरो (सिटी सेन्टर 9289922371, मुरार 4099928, कम्पू 4072000), तरन अंगद हीरो (फूलबाग 9289922483, सखियाँ विलास 2438534), भिन्डः शिवम हीरो 9289922787, दतिया: शिव हीरो 9289923172, मुरैना: गगन हीरो 9289922678, श्योपुर: आशीष हीरो 9289922832, शिवपुरी: रघुवंशी हीरो 9289922571, इंदौर: सुखमणी हीरो (अन्नपूर्णा रोड) 9289922719, वी.एन. हीरो (एयरपोर्ट रोड) 9289923061, सेठी ऑटोमोबाइल्स (भवरकुआँ) 9289923211, रुक्मारानी ऑटोमोटिव (एलआईजी स्क्वायर के पास) 8871444414, मेहता ऑटोमोबाइल्स (देवास नाका), 9821741577, बड़वानी: शर्मा हीरो 9289922742, बुरहानपुर: श्रीजी हीरो 9289922372, देवास: खुराना हीरो (ए.बी. रोड 9289922488, गंगानगर 9993596392), धार: साक्षी हीरो 9289922618, हाट पिपलिया: श्रीराम हीरो 9289923154, झाबुआ: नाकोड़ा हीरो 9289922679, कुक्षी: अन्नपूर्णा हीरो 9289922749, खण्डवा: ठक्कर हीरो 9289923018, खरगोन: निमाड़ हीरो 9289922378, मऊ: लक्ष हीरो 9289923176, पीथमपुर: रघुवंशी हीरो 9289923047, सनावदः राजेश हीरो 9289922774, रतलामः एक्सीलेन्ट हीरो (मऊ रोड 9289922375, सैलाना रोड 07412-408600) नीमचः उत्तम हीरो 9289922367, मन्दसौरः रामदर्शन हीरो 9289922369, जावराः रिलायबल हीरो 9289923045, एसोशिएट डीलरः आष्टा: श्री रघुवीर मोटर्स 9893018553, 7428594671, बगदोना: आर्यन्स इन्टरप्राईज़ेज 7428594665, बरेली: श्री सूर्योदय हीरो 9826832251, 9098960970, भोपाल: मानिक मोटर्स 8827379110, मंडीदीप: सोनी मोटर्स, 9179461211, 8962143877, बंडा: श्रुति मोटर्स, 7879573737, नसरुल्लागंज: जीवन मोटर्स 9977926838, गंजबासोदा: ध्रुव इन्टरप्राइज़ेज 9826867673, इटारसी: रेवा मोटर्स 9425630406, जतारा: शारदा माँ ऑटोमोबाईल 9111231539, करेरा: आदित्यसागर इन्टरप्राईज़ेज 9425436890, 7428492559, पिपरिया: राज मोटर्स 7576454997, नरसिंहगढ़: गुरुकृपा मोटर्स 9303416007, 7428595910, पचोर: प्रिंस ऑटोमोबाईल्स 9755131010, रायसेन: युवराज मोटर्स 7828500001, 7428595899, बीना: राहुल ऑटोमोबाईल्स 9893494971, टीकमगढ़: एस.एस. इन्टरप्राइज़ेज 7000242371, खरगापुर: हरिओम ऑटोमोबाईल्स 9993267954, राघोगढ़: बृजेश इंटरप्राइजेज 7999006113, श्यामपुर: गोपी मोटर्स 9111009671, लटेरी: श्याम हीरो 7748890061, जामनेर: अरुण सेल्स एंड सर्विस 9893626185, सिरोंज: प्रिया एंटरप्राइज, 9425344557, सिराली: भायरे मोटर्स, 9981247007, टिमरनी: गंगोत्री मोटर्स, 9755101902, अम्बाह: उमा ऑटोमोबाईल्स 9329683351, डबरा: दुर्गा एजेन्सी 9926746001, पिछोर: दशमेश ऑटोमोबाइल्स 9425490424, सबलगढ़: शिवम मोटर्स 9893085461, कोलारस: भूपेंद्र इंटरप्राइजेज 9425769569, बैराड़: लक्ष्मी ऑटोमोबाइल्स 9893075206, बदरवास: बालाजी इंटरप्राइजेज 9893670277, गोहद: ओम साई मोटर्स 8358994876, लहार: लक्ष्मी ऑटोमोबाइल्स सर्विस 9770444999, अलीराजपुर: विजय ऑटोमोबाईल्स 9993912143 अंजड़: न्यू निमाड़ मोटर्स 9425416084, बदनावर: नज़्मी ऑटोमोबाईल्स 9111841851, बेड़िया: कृष्णा मोटर्स 7428494667, बामनियां: अनुश्री ऑटोमोबाईल्स 9630703344, छनेरा: गुरुनानक मोटर्स 7428390286, बेटमा: अंकित ऑटोमोबाईल्स 9826460777, धामनोद: अमृत ऑटोमोबाईल्स 9425088316, इंदौर: क्वालिटी ऑटोमोबाईल्स 8602295522, मुंडी: अभिषेक मोटर्स 7428390273, पानसेमल: हीरा ऑटोमोबाईल्स 7428494666, पेटलावद: भंडारी अभिकरन 9977287143, धरमपुरी: कृष्णा ऑटोमोबाइल 9993906745, राऊ: अवनि ऑटोमोबाईल्स 9826906983, सेंधवा: डीलक्स मोटर्स 7428295060, निवाली : श्री वल्लभ मोटर्स, 9893501517, नागदा: कांठेड़ ऑटोमोबाईल्स 9111141177, पुंजापुरा: पटेल मोटर्स 9755567226, सतवास: शिवम मोटर्स 9826088351, सिंघोट: आकाश मोटर्स 7428494665, सोनकच्छ: भारत मोटर्स 9826607753, घाटाबिल्लौद: लक्ष्मी मोटर्स 9826524005, खाचरोद: जय गणेश ऑटोमोबाईल्स 8305827074, मांगलिया: श्री साई मोटर्स 8962460729, 8889415553, जौरा: विजयानंद मोटर्स 9754451762, राणापुर: सिद्ध शीला ऑटोमोबाइल्स, 8770264612, जोबट: धारा ऑटोमोबाइल्स, 9615908908, सोंडवा: राज ऑटोमोबाइल्स, 9754260982, क्षिप्रा: श्री शिव हरि मोटर्स, 7771088838, सुखलिया इंदौर: आर्यन मोटर्स, 9399928958, कांटाफोड़: रुखमणी मोटर्स, 9993048891, नीलबड़: महाकाल मोटर्स, 9586778889, तीन इमली: न्यू गीतांजलि मोटर्स, 6267121700, नेहरू नगर: रुद्र एंटरप्राइजेज, 9039011650,51,52,53, गांधीनगर: आर जे मोटर्स, 8827588411, स्नेहलतागंज: साहू ऑटोमोबाइल, 9926977784, अमझेरा: महावीर ऑटोमोबाइल, 9589890703, सागौर कुटी: अमन ऑटोमोबाइल, 9039055993, जावद: शिवाय इंटरप्राइजेज, 9752346321, रानीसिंह: गुरुकृपा ऑटोमोबाइल्स, 9753044683, बोरी बुजुर्ग: जिलानी मोटर्स, 9399900143, कढ़ी: श्री राम मोटर्स, 9584997081, पिपलिया बुजुर्ग: न्यू सिन्हा मोटर्स, 9981562315, अयोध्या बाईपास, भोपाल: शिवांश मोटर्स, 6262363123, फंदा: अवनि मोटर्स, 9993160799, परवलिया सड़क, भोपाल: एन आर ट्रेडिंग एंटरप्राइजेज, 6264359954, गांधी नगर: श्रीकुंज मोटर्स, 9893735683, बंगरासिया: शाही सवारी, 9202342023, डोडी: कप्तान ऑटोमोबाइल्स, 8770850811, रेहटी: मां विजासन मोटर्स, 9009828428, चांदबाद: श्रीजी नारायण मोटर्स, 9285334084, खाचरौद: विनायक मोटर्स, 9009152131, उदयपुर: सपना मोटर्स, 9826620434, बारी: श्री राम मोटर्स, 9893352212, शोभापुर: अफजल मोटर्स, 8839223122, तलेन: श्री सांवरिया मोटर्स, 9669661034, संडावता: विजय मोटर्स, 8269770075, करेड़ी: वासुदेव मोटर्स, 7566920711, Hero Sure (Buy, Sell, Exchange Any Used Two Wheeler) गुना: गगन हीरो 9289922358, विदिशा: पाल हीरो 9289922379, भिन्डः शिवम् मोटर्स 9289922787, पीथमपुर: रघुवंशी हीरो 9289923047, छनेरा: गुरुनानक मोटर्स 7428390286, सारंगी: श्री मोटर्स, 9340927342, सीतामऊ: तिरुपति मोटर्स, 9753008855, पिपलिया मंडी: नवपद मोटर्स, 9479861211, दलोदा: जेएस मोटर्स, 9926600906,

हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्प्लैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930